# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

https://epaper.shubhamsandesh.net

रांची, रविवार 27 जुलाई 2025 ● श्रावण शुक्ल पक्ष 03, संवत 2082 ● रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 110 ● मूल्य ₹ 3, पृष्ठ संख्या : 12


**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 26.3 | 24.0 |
| डालटनगंज | 31.0 | 24.7 |
| धनबाद | 31.1 | 25.0 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

**संडे की खास खबर**

# देश में वनाधिकार कोई 'लाइसेंस टू किल फॉरेस्ट' नहीं



सुधीर पाल

अल्फ्रेड उरांव कहते हैं, अध्यक्ष महोदय! छोटानागपुर के जो बाशिंदे हैं उनका जंगल से संबंध है और वे जानते हैं कि जंगल ही हमारे जीवन-मरण का सवाल है. वे यह भी जानते हैं कि जंगल का रहना जरूरी है. छोटानागपुर के बाशिंदे यह नहीं चाहते हैं कि जंगल उजाड़ हो जाए और उसकी रक्षा ना हो. ठेकेदार-जमींदार से ठेका लेकर उसको उजाड़ने की कोशिश करें, तो वे लोग उसकी रक्षा करते आए क्योंकि उन्हें जंगल की रक्षा करने में काफी इंटरेस्ट था.

जंगल की रक्षा करने के लिए वे लोग अपनी तरफ से एक आदमी मुकर्रर करते थे और उनको मेहनताना भी देते थे. इसलिए उस आदमी के जरिए जंगल की देखभाल होती थी. इसके अलावा गांव के सब लोगों को जंगल से इंटरेस्ट था और हर एक आदमी उसकी निगरानी करते थे. लेकिन अब तो उन लोगों के बदले में फॉरेस्ट गार्ड वहां पर रख दिया गया है, उनके रहने से खर्च बढ़ता ही जा रहा है और जंगल की रक्षा भी नहीं हो रही है.

इसका कारण यह है कि वे लोग जंगल की रक्षा करना नहीं चाहते हैं और ना वह ठीक से रक्षा ही कर सकते हैं. गांव वाले तो को-ऑपरेशन से जंगल की रक्षा कर लेते हैं. इसलिए मेरा कहना है कि जंगल की रक्षा का इंतजाम गांव वालों के ही जिम्मे में सौंप दिया जाए. छोटानागपुर के रहने वाले तो जंगल की रक्षा करने वाले हैं. फॉरेस्ट गार्ड जंगल में विहार करते हैं, जैसा कि हमारे दोस्त हरमन लकड़ा ने बताया है. लेकिन फॉरेस्ट गार्ड से जंगल की रक्षा नहीं होती है. वे औरतों की साड़ी भी छीनने में हिचकते नहीं हैं. (बिहार विधान सभा वाद वृत, vol-1, no.34)



अल्फ्रेड उरांव, सिमडेगा (एसटी) से विधायक थे और मंगलवार, 1 जुलाई, 1952 को रिजर्वेशन ऑफ फॉरेस्ट पर बिहार विधान सभा में विमर्श में हिस्सा ले रहे थे. क्या सात दशकों के बाद भी सरकार और खासकर वन विभाग की मानसिकता में कोई बदलाव आया है? अभी हाल में उसी सिमडेगा के एक युवा डीएफओ ने बिल्कुल फिल्मी अंदाज में ग्राम सभाओं को फ़रमान दिया कि साबित करो कि तुम्हारे पूर्वजों ने जंगल बचाया है? बहरहाल भारतीय वन स्थिति रिपोर्ट, 2023 के प्रकाशन के बाद यह सवाल उठ रहा है कि क्या वन अधिकार कानून की वजह से जंगलों की सघनता कम हो रही है. ऐसी दलील दी गई है कि वन अधिकार कानून लागू होने के बाद जंगलों की सघनता और संरक्षण में कमी आई है और जंगलों को नुकसान पहुंचा है. अच्छी बात यह है कि आदिवासी मामलों के मंत्रालय ने इस पर वन मंत्रालय से जवाब भी मांगा है. आदिवासी मंत्रालय ने वन मंत्रालय से उन तथ्यों, आंकड़ों और विशेषज्ञ अध्ययनों को उपलब्ध कराने का आग्रह किया है जिसके आधार पर यह कहा जा रहा है कि वनाधिकार से जंगलों को नुकसान पहुंचा है.

**क्या है सच्चाई?:** इंटर गवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज (आईपीसीसी) की रिपोर्ट भी मानती है कि वैश्विक स्तर पर जहां स्थानीय/आदिवासी समुदाय जंगल संरक्षण में शामिल हैं, वहां वनों की सुरक्षा और पुनरुत्थान की दर बाकी अन्य क्षेत्रों से ज्यादा है. आईआईटी गांधीनगर और एफआरसी (फॉरेस्ट राइट्स कलेक्टिव) के संयुक्त अध्ययन बताते हैं कि जिन गांवों को सामुदायिक वनाधिकार (सीएफआर) प्राप्त हुआ है, वहां जंगल का घनत्व और विविधता अधिक पाई गई. मध्य भारत, खासकर गोंड, कोरकू और मुंडा बहुल क्षेत्रों में सीएफआर क्षेत्र की तुलना में राज्य द्वारा प्रबंधित जंगलों में अतिक्रमण और कटाई अधिक पाई गई. टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (टीआईएसएस) का शोध (2021) बताता है कि महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में जहां सीएफआर अधिकार दिए गए हैं, वहां वन आवरण में 10% से अधिक वृद्धि दर्ज की गई. मध्य प्रदेश और ओडिशा के उदाहरण बताते हैं कि एफआरए के तहत सामुदायिक अधिकार मिलने के बाद स्थानीय समुदायों ने पारंपरिक जंगल प्रबंधन प्रणालियां फिर से लागू की हैं, जैसे कि ठेका-बंदी, निशानबंदी, पतरोल आदि.

**क्या है झारखंड का हाल :** झारखंड के ज्यादातर आदिवासी बाहुल्य जिलों में जंगलों के संरक्षण और संवर्धन की व्यवस्था ग्रामीणों की परंपरा का हिस्सा है. खूंटी जिले के मुरहू प्रखंड क्षेत्र में स्थित बुरुमा जंगल में हर साल एक बार ग्रामीणों की बैठक होती है. इस बैठक में चुना जाता है - बिर होरो नी. बिर होरो नी का मतलब है जंगल का रखवाला. यही बिर होरो नी जंगलों की रखवाली करते हैं. एक साल के लिए एक बिर होरो नी को चुना जाता है. 100 वर्षो से जंगल की रक्षा और रक्षक को रखने की परंपरा गांव में चली आ रही है.

शेष पेज 11 पर देखें

### क्या कहती है वन सर्वेक्षण रिपोर्ट?

वर्ष 2023 की 'भारत वन स्थिति रिपोर्ट' के अनुसार देश का कुल वन एवं वृक्षावरण 8,27,357 वर्ग किलोमीटर है, जो भारत के भौगोलिक क्षेत्र का 25.17% है. इसमें से वनावरण क्षेत्रफल 7,15,343 वर्ग किमी (21.76%) तथा वृक्षावरण 1,12,014 वर्ग कि.मी. (3.41%) है. 2021 की तुलना में देश के वन एवं वृक्षावरण में कुल 1,445.81 वर्ग किमी की वृद्धि दर्ज की गई, जिसमें सीधे वनावरण की वृद्धि 156.41 वर्ग किमी है. खास बात यह है कि वनाधिकार लागू होने के वर्षों बाद भी भारत में वन क्षेत्र व वृक्षावरण में वृद्धि दर्ज हो रही है, स्पष्टत: वनाधिकार के क्रियान्वयन ने जंगलों को हानि नहीं पहुंचाई. 2006 में लागू वनाधिकार कानून का उद्देश्य आदिवासी एवं वनाश्रित समुदायों को उनके पारंपरिक वन अधिकार देना व वन संसाधनों पर उनके नियंत्रण को मान्यता देना है. वनाधिकार के मुख्य उद्देश्य हैं, सदियों से जंगल में रह रहे आदिवासी एवं वनाश्रित समुदायों के कानूनी अधिकारों को पहचानना और उन्हें सुरक्षा देना. जंगलों के सतत संरक्षण में उनकी साझीदारी को मान्यता देना तथा ग्रामसभा की सहमति से सामुदायिक संसाधनों का प्रबंधन एवं संरक्षण. कानून की मूलभावना जंगल और समुदाय के सह अस्तित्व पर आधारित है. जंगलों के संरक्षण की भूमिका में यह वन विभाग की मोनोपली को तोड़ता है और समुदाय को भी बराबर की जिम्मेवारी सौंपता है.

**ब्रीफ न्यूज**

### संजय सेठ ने द्रास में शहीदों को किया नमन

**द्रास।** केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने शनिवार को लद्दाख में कारगिल युद्ध में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए सैकड़ों युवाओं के साथ पदयात्रा की. मांडविया के साथ केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषद (एलएएचडीसी) कारगिल के अध्यक्ष मोहम्मद जाफर अखून भी शामिल हुए. रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने भी इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित किया और युवाओं की ऊर्जा और सशस्त्र बलों के बलिदान की प्रशंसा की.

### पीएम मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता

**नयी दिल्ली।** वाशिंगटन के बिजनेस इंटेलिजेंस और डेटा एनालिटिक्स कंपनी मार्निंग कंसल्ट ने ताजा सर्वे रिपोर्ट में पीएम नरेंद्र मोदी को दुनिया का सबसे लोकप्रिय लोकतांत्रिक नेता बताया है, जबकि ट्रंप आठवें और इटली की पीएम जार्जिया मेलोनी 10वें स्थान पर हैं. कंपनी की जुलाई 2025 की ताजा सर्वे रिपोर्ट के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी को 75 प्रतिशत लोगों की अप्रूवल रेटिंग मिली है. यह सर्वे 04 से 10 जुलाई के बीच किया गया और इसमें 20 से अधिक देशों के नेताओं की रेटिंग शामिल की गयी.

### बीजापुर में मुठभेड़ जारी चार नक्सली मारे गए

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबल के जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ चल रही है. मुठभेड़ के दौरान चार नक्सली मारे गए हैं. फिलहाल इलाके में सर्चिंग अभियान जारी है. सुरक्षाबल के जवान मिशन पर निकले थे इसी दौरान नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी. नक्सलियों की गोलीबारी का जवान जवाब दे रहे हैं.

**बड़ी खबर: गुमला के घाघरा में पुलिस और उग्रवादियों के बीच भीषण मुठभेड़**

# जेजेएमपी के 3 उग्रवादी ढेर

निर्मल सिंह। गुमला

जिले के घाघरा थाना क्षेत्र के लावा दाग जंगल में शनिवार को उग्रवादी संगठन झारखंड जनमुक्ति परिषद (जेजेएमपी) के तीन उग्रवादियों को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया है. पुलिस ने मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार व गोला-बारूद भी बरामद किया है. नक्सल विरोधी इस अभियान में जिले की घाघरा, बिशनपुर व गुमला थाना पुलिस के साथ-साथ झारखंड जगुआर के जवान भी शामिल रहे. इस संयुक्त अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने मौके से एक एके-47 और दो इंसास राइफल शामिल हैं.

गुमला के एसपी हारिश बिन जमा ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली कि जेजेएमपी के कमांडर दिलीप लोहरा दस्ते के साथ इस क्षेत्र में मौजूद है. इसके बाद पुलिस ने एक टीम का गठन किया और इलाके की घेराबंदी की गई. उग्रवादियों ने पुलिस को देखते ही फायरिंग शुरू कर दी. जवाबी कार्रवाई में तीन उग्रवादी जंगल में ही मारे गए. सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है.

एसपी ने बताया कि मारे गए उग्रवादियों में जेजेएमपी के सब जोनल कमांडर दिलीप लोहरा सहित दो अन्य शामिल हैं. समाचार लिखे जाने तक अन्य दो की पहचान नहीं हो सकी थी. एसपी के अनुसार मुठभेड़ के बाद सर्च अभियान जारी है. तीनों उग्रवादियों के शव को पुलिस अपने कब्जे में ले लिया है. मारे गए उग्रवादियों के पास से पुलिस ने एक एके-47 और दो इंसास राइफल बरामद किया है.

**गुप्त सूचना के आधार पर हुई कार्रवाई :** जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के सब जोनल कमांडर दिलीप लोहरा के दस्ते की घाघरा बिशुनपुर क्षेत्र में होने की गुमला के एसपी हारिश बिन जमा को गुप्त सूचना मिली थी. जिसके आधार पर एसपी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए झारखंड जगुआर और गुमला पुलिस की संयुक्त टीम का गठन कर लावादाग जंगल की घेराबंदी की. पुलिस के बीच फंसते देख उग्रवादियों ने गोली चलानी शुरू कर दी. तभी जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस की ओर से भी फायरिंग की गई और तीन उग्रवादियों के मार गिराया. मुठभेड़ में मिली सफलता के बाद पुलिस ने इलाके में सर्च अभियान चलाया और मारे गए उग्रवादियों के पास से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है.



सर्च अभियान में पुलिस ने हथियार व गोला बारूद किया बरामद

### जेजेएमपी के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई

गुमला जिला की पहचान घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र के रूप में था. घाघरा बिशुनपुर चैनपुर कुरुमगढ़ क्षेत्र में जहां प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन एमसीसी का वर्चस्व था और बसिया कामडारा पालकोट क्षेत्र में पीएलएफआई उग्रवादी संगठन का. गुमला पुलिस ने एमसीसी और पीएलएफआई के प्रभाव को इस क्षेत्र से लगभग समाप्त कर दिया है. यही कारण है कि जे जे एम पी उग्रवादी संगठन के सदस्यों से इस क्षेत्र में पैर पसारने की योजना बना रहे थे. एसपी हारिश बिन जमा के नेतृत्व में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जेजेएमपी उग्रवादी संगठन की कमर तोड़ दी है.

**झारखंड में नक्सलियों का काउंटडाउन शुरू**

## 6 महीने में 20 ढेर, अब बारी है सारंडा की

**रांची।** झारखंड में नक्सलियों के बुरे दिन शुरू हो चुके हैं. ऐसा इस लिए क्योंकि पिछले छह महीनों में सुरक्षा बलों के अभियान ने नक्सल नेटवर्क की कमर तोड़ दी है. मुठभेड़ों की तेज़ रफ्तार, बड़े इनामी नक्सलियों की मौत और सैकड़ों गिरफ्तारियों ने साफ कर दिया है कि अब जंगलों में नक्सलियों का अंत करीब है. ऐसा इस लिए क्यों कि पुलिस और सुरक्षाबलों की जमीनी कार्रवाई का असर अब दिख रहा है. पिछले छह महीनों की बात करें, तो अब तक 20 नक्सलियों मुठभेड़ में मार गिराया गया है, जबकि 197 नक्सलियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया गया है. ये आंकड़े साफ तौर पर दिखाते है कि झारखंड की तस्वीर अब बदल रही है.

### डीजीपी का दावा: मानसून खत्म होने से पहले नक्सलवाद का खात्मा

इस बीच, झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि मानसून खत्म होने से पहले झारखंड को नक्सल मुक्त बना दिया जाएगा. मानसून के दौरान आमतौर पर ऑपरेशन धीमे हो जाते हैं, लेकिन इस बार ऐसा होता नहीं दिख रहा है. फोर्स की सक्रियता और लगातार होती कार्रवाई बता रही है कि यह अभियान थमने वाला नहीं है.

### अब ऑपरेशन सारंडा

अब सुरक्षाबलों का अगला टारगेट है पश्चिमी सिंहभूम के घने जंगलों में बसा सारंडा. यहां डेरा डाले बैठा है 1 करोड़ के इनामी मिसिर बेसरा, असीम मंडल, अनल दा और अनुज जो पोलित ब्यूरो के सदस्य हैं और लंबे समय से सारंडा के जगलों में छिपे हुए है. इसे देखते हुए झारखंड पुलिस ने अपनी विशेष टीम को सारंडा में तैनात कर दिया है और ऑपरेशन को लेकर रणनीति दिन प्रतिदिन सख्त होती जा रही है.

### एनकाउंटर दर एनकाउंटर, गिरते गए नक्सली

- 21 जनवरी 2025, बोकारो : पुलिस ने एरिया कमांडर शांति देवी और नक्सली मनोज टुडू को ढेर किया.
- 29 जनवरी, चाईबासा : एनकाउंटर में जोनल कमांडर संजय गंझू और नक्सली एनाल्डा की महिला सहयोगी हेमंत मांगियां मारी गईं.
- रामगढ़ में, जनवरी में ही नक्सली राहुल तुरी मारा गया.
- 21 अप्रैल 2025, राज्य के इतिहास का सबसे बड़ा एनकाउंटर हुआ. एक ही दिन में 8 नक्सलियों को ढेर किया गया, जिनमें शामिल था 1 करोड़ का इनामी विवेक उर्फ प्रयाग मांझी.
- जुलाई में, बोकारो में 5 लाख के इनामी कुंवर का एनकाउंटर किया गया.

इसके साथ ही, गुमला जिले में जेजेपीएम के सब-जोनल कमांडर दिलीप लोहरा को भी आज मुठभेड़ में मार गिराया गया है.

## जेपीएससी के पूर्व अध्यक्ष दिलीप प्रसाद को तीन साल की सजा

शुभम संदेश। रांची

रांची सीबीआई की स्पेशल कोर्ट ने धोखाधड़ी और साजिश कर 28.66 लाख के राजस्व का नुकसान पहुंचाने के 21 साल पुराने मामले में अपना फैसला सुनाया है. शनिवार को कोर्ट ने जेपीएससी के पूर्व अध्यक्ष दिलीप प्रसाद, सुधीर जैन और सुरेंद्र जैन को दोषी करार देते हुए दो-दो वर्ष की सजा सुनाई है. इसके साथ ही कोर्ट ने सभी दोषियों पर एक-एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है.

सजा सुनाने के बाद कोर्ट ने सभी को जमानत दे दी, जिसके बाद वे अपने-अपने घर चले गए. बता दें कि कोर्ट द्वारा किसी मामले में तीन साल तक की सजा देने पर उसी कोर्ट को जमानत देने का अधिकार है. इसलिए कोर्ट ने तीनों को जमानत दे दी.



### पहला मामला, जिसमें कोर्ट ने सुनाई सजा

बता दें कि वर्ष 2004 में हुए घोटाले को लेकर सीबीआई ने 2013 में एफआईआर दर्ज की थी. इसमें दिलीप प्रसाद पर अध्यक्ष रहते कई नियुक्तियों में अपने पद का दुरूपयोग करने का आरोप है. सीबीआई ने नियुक्ति घोटाले में अलग–अलग एफआईआर दर्ज की है. यह पहला मामला (आरसी 6/2013) है, जिसमें सीबीआई कोर्ट ने फैसला सुनाया है.

**अटल मोहल्ला क्लीनिक का नाम बदलने पर भड़के गोड्डा से भाजपा सांसद निशिकांत, कहा**

## लगता है सीएम फिर जेल जाने की तैयारी कर रहे हैं

शुभम संदेश। रांची

झारखंड सरकार द्वारा अटल मोहल्ला क्लीनिक का नाम बदल कर मदर टेरेसा एडवांस हेल्थ क्लीनिक रखने के फैसले पर भाजपा के गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने हेमंत सरकार पर निशाना साधा है. उन्होंने कहा कि मदर टेरेसा से कोई समस्या नहीं है. वह एक विदेशी थीं. यह राज्य अटल बिहारी वाजपेयी जी ने बनाया था. अगर मदर टेरेसा के नाम पर कुछ करना है, तो अलग से कीजिए. किसी का नाम मिटा कर किसी और का नाम स्थापित करने से मदर टेरेसा की आत्मा को शांति नहीं मिलेगी. राज्य सरकार ने बहुत गलत और निंदनीय काम किया है. राज्य सरकार की गतिविधियों को देखकर मैं कह सकता हूं कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन फिर से जेल जाने की तैयारी कर रहे हैं.

**भाजपा के दूसरे नेता भी जता चुके हैं नाराजगी:** बता दें कि झारखंड में अटल मोहल्ला क्लीनिकों का नाम बदल कर मदर टेरेसा के नाम पर करने के राज्य सरकार के फैसले पर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, रघुवर दास, दीपक प्रकाश समेत कई नेताओं ने भी नाराजगी जताई है. उन्होंने कहा कि यह फैसला पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जैसी महान विभूति के प्रति कृतघ्नता ही नहीं, बल्कि राज्य सरकार के नैतिक पतन का भी उदाहरण है.

**कारगिल विजय दिवस पर बोले आर्मी चीफ**

## ऑपरेशन सिंदूर में कायरता का उत्तर हमने पराक्रम से दिया

एजेंसियां। नयी दिल्ली

कारगिल विजय दिवस पर शनिवार को द्रास में बोलते हुए इंडियन आर्मी चीफ उपेंद्र द्विवेदी ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर कहा कि हमने कायरता का उत्तर पराक्रम से दिया. ऑपरेशन सिंदूर हमारा संकल्प है, संदेश भी और उत्तर भी. पहलगाम में हुआ आतंकी हमला पूरे देश के लिए एक गहरी चोट थी, लेकिन भारत ने सिर्फ शोक नहीं जताया, बल्कि ठान लिया कि जवाब निर्णायक होगा.

जनरल द्विवेदी ने ऑपरेशन सिंदूर पर कहा, 'सेना ने 6-7 मई की रात को पाक और पीओके में 9 हाई वेल्यूड आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया, बिना किसी नागरिक को नुकसान पहुंचाए. यह संदेश था कि आतंकवाद को सहारा देने वाले अब नहीं बचेंगे.' पाकिस्तान की जवाबी कार्रवाई को लेकर उन्होंने कहा कि 7 से 9 मई को पाकिस्तान की तरफ से की गई सैन्य कार्रवाइयों का हमने सटीक जवाब दिया. उन्होंने कहा कि हमारी आर्मी एयर डिफेंस एक अजेय दीवार बन कर सामने खड़ी रही, जिसे कोई ड्रोन या मिसाइल भेद नहीं सका. यह सब होल -ऑफ-नेशन अप्रोच के अंतर्गत हुआ, जहां सेना, वायुसेना, नौसेना और अन्य सरकारी विभाग मिलकर एक साथ खड़े रहे.

**स्पेशल फोर्स यूनिट का गठन:** इसी क्रम में, 'रुद्र-भैरव' कमांडो बटालियन के रूप में बहादुर और घातक स्पेशल फोर्सेज यूनिट्स का गठन किया गया है. जो शत्रु को चौंकाने के लिए तैयार हैं. हर इनफेंट्री बटालियन में ड्रोन प्लाटूंस, वहीं, ऑर्टिलरी में 'दिव्यास्त्र बैटरीज' के माध्यम से और लाइटर माउंटेन बैटरीज से मारक क्षमता को कई गुना बढ़ा दिया गया है. आर्मी एयर डिफेंस को स्वदेशी मिसाइल सिस्टम्स से लैस किया जा रहा है.

**देश की नई ताकत : भारतीय सेना कर रही बड़ी तैयारी, सरहद पर कांप उठेगी दुश्मन की रूह**

## जब सामने आएंगे हमारे 'रुद्र' और 'भैरव' जैसे मुस्तैद कमांडो

शुभम संदेश डेस्क

भारतीय सेना आज न सिर्फ मौजूदा चुनौतियों से लड़ रही है, बल्कि एक आधुनिक और भविष्य के लिए तैयार शक्ति बनने की ओर तेजी से बढ़ रही है. इस कड़ी में सेना ने दो इन्फैंट्री ब्रिगेड को रुद्र ब्रिगेड में तब्दील कर दिया है, जो सीमाओं पर तैनात हैं. साथ ही, नई भैरव लाइट कमांडो बटालियन का गठन भी हुआ है, जो दुश्मन को चौंका देने के लिए तैयार हैं. ये बदलाव भारत की रक्षा को नई ऊंचाई देने वाले हैं.



### भैरव लाइट कमांडो बटालियन: दुश्मन का काल

भैरव लाइट कमांडो बटालियन सेना की नई खतरनाक यूनिट है, जो हल्की, तेज और घातक है. ये स्पेशल फोर्सेज की तरह काम करेंगी, लेकिन इनका फोकस सीमाओं पर अचानक हमले और दुश्मन को परेशान करना है. इनकी खासियतें हैं.

- **एजाइल :** हल्के हथियार और गियर से लैस, जो पहाड़ों और जंगलों में आसानी से चल सकें.
- घातक : छोटे लेकिन शक्तिशाली हथियार, जैसे एमपी5 सबमशीन गन और स्वदेशी ड्रोन बम.
- **सीक्रेट ऑपरेशन :** रात में या कोहरे में दुश्मन पर अचानक हमला करने की ट्रेनिंग.
- **काम :** ये बटालियन दुश्मन की सप्लाई लाइन तोड़ सकती है. उनके ठिकानों को नष्ट कर सकती है. एलएसी या एलओसी पर ये यूनिट्स भारत को बढ़त दिलाएंगी.

### रुद्र ब्रिगेड: एक नई लड़ाकू ताकत

रुद्र ब्रिगेड सेना की नई अवधारणा है, जिसमें अलग-अलग तरह की फाइटिंग यूनिट्स को एक साथ मिलाया गया है. ये ब्रिगेड सीमाओं पर तैनात हैं. दुश्मन के खिलाफ पूरी ताकत से लड़ने के लिए तैयार हैं. इसमें शामिल हैं.

- **इन्फैंट्री :** पैदल सैनिक, जो जमीन पर मोर्चा संभालते हैं.
- **मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री :** बख्तरबंद गाड़ियों से लैस सैनिक.
- **आर्मर्ड यूनिट्स :** टैंक और भारी हथियार.
- **आर्टिलरी :** तोपखाने, जो दूर से हमला करते हैं.
- **स्पेशल फोर्सेज :** खास मिशन के लिए ट्रेनिंग पाए सैनिक.
- **यूएवी (ड्रोन) :** बिना पायलट वाले हवाई हथियार, जो जासूसी और हमले करते हैं.

**खास बात:** मान लीजिए, एलएसी पर चीन के सैनिक बढ़ रहे हैं. रुद्र ब्रिगेड के ड्रोन दुश्मन की पोजीशन बताएंगे, तोपें हमला करेंगी और स्पेशल फोर्सेस घात लगाकर दुश्मन को चौंका देंगी.

### क्यों जरूरी है ये बदलाव?

- सीमा सुरक्षा : एलएसी और एलओसी पर चीन और पाकिस्तान के साथ तनाव के बीच ये ब्रिगेड्स भारत को मजबूत बनाएंगी. रुद्र और भैरव दुश्मन के अचानक हमले का जवाब देने के लिए तैयार हैं.
- आधुनिकीकरण : सेना अब पुराने तरीकों से हटकर टेक्नोलॉजी और स्पेशल फोर्स पर भरोसा कर रही है. स्वदेशी हथियारों से आत्मनिर्भरता बढ़ रही है.
- भविष्य की तैयारी : ड्रोन और मिसाइल युद्ध का भविष्य हैं. भारत इनके साथ आगे बढ़ रहा है. भैरव जैसे कमांडो भविष्य की गुप्त जंगों के लिए ट्रेनिंग पा रहे हैं.

**भारतीय सेना अब तकनीक के मामले में भी आगे बढ़ रही है.**

- **ड्रोन प्लाटून :** हर इन्फैंट्री बटालियन में ड्रोन होंगे, जो रियल–टाइम जासूसी करेंगे. दिव्यास्त्र बैटरीज : ये आर्टिलरी सिस्टम हैं, जो सटीक और लंबी दूरी तक मार कर सकते हैं.

### नई तकनीक से लैस सेना

- **लॉयटर मुनिशन :** ये हथियार हवा में मंडराकर दुश्मन पर हमला करते हैं, जैसे छोटे स्वचालित बम.
- **स्वदेशी मिसाइल :** एयर डिफेंस को मजबूत करने के लिए आकाश और क्यूआरएसएएम जैसी मिसाइलें लगाई जा रही हैं.

ये तकनीकें एआई और सैटेलाइट डेटा से चलती हैं, जो दुश्मन की हर चाल पर नजर रखती हैं. ड्रोन और मिसाइलें स्वचालित हैं, इसलिए सैनिकों को कम जोखिम होता है.

## झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र 1 अगस्त से

# सत्र की अवधि को लेकर गरमाई सियासत

शुभम संदेश। रांची

झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र 1 अगस्त से शुरू होने वाला है जो कि 7 अगस्त तक चलेगा. सात दिनों की कुल अवधि वाले इस सत्र में केवल पांच कार्य दिवस निर्धारित किए गए हैं, क्योंकि 2 और 3 अगस्त को शनिवार और रविवार की छुट्टी रहेगी. अब यह सत्र सियासी आरोप-प्रत्यारोप और राजनीतिक बयानबाज़ी का केंद्र बन गया है.



**राज्य का राजनीतिक माहौल गर्म :** बहरहाल झारखंड विधानसभा का यह सत्र ऐसे समय में हो रहा है जब राज्य में राजनीतिक माहौल गर्म है. और लगातार भ्रष्टाचार, महिला सुरक्षा, अवैध खनन, लचर स्वस्थ व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए जा रहे है. ऐसे में अब देखना यह होगा कि सीमित समय में यह सत्र जनता के हितों पर कितनी गंभीर चर्चा को आगे बढ़ा पाता है.

### कम समय में भी की जा सकती है सार्थक चर्चा: झामुमो

वहीं, सत्ताधारी झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है. झामुमो प्रवक्ता मनोज पांडेय ने पलटवार करते हुए कहा कि जब विपक्ष सत्ता में थी, तब भी इतने ही कम दिनों का सत्र होता था. उन्होंने कहा कि असली सवाल सत्र की अवधि नहीं, बल्कि इस दौरान सदन की कार्यप्रणाली और मुद्दों की गुणवत्ता है. अगर विपक्ष केवल हंगामे के इरादे से आएगा तो समय हमेशा कम लगेगा. लेकिन अगर मुद्दों के साथ आए तो कम समय में भी सार्थक चर्चा हो सकती है.

### नीयत साफ हो तो पांच दिन काफी है: कांग्रेस

कांग्रेस के मीडिया प्रभारी और महासचिव राकेश सिन्हा ने भी विपक्ष पर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि भले ही सत्र का समय कम हो, लेकिन अगर नीयत साफ हो और उद्देश्य स्पष्ट हो तो पांच दिन भी काफी हो सकते हैं. उन्होंने विपक्ष पर आरोप लगाया कि वह केवल प्रचार पाने के लिए सदन की कार्यवाही में व्यवधान डालती है, जो लोकतंत्र के लिए सही नहीं है.

### विपक्ष की आवाज दबाने की कोशिश कर रही है सरकार

विपक्ष का आरोप है कि सत्र की छोटी अवधि सरकार की राजनीतिक चाल है, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया प्रभावित हो रही है. भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता अविनेश कुमार ने कहा कि विधानसभा में जनता से जुड़े अहम मुद्दों पर चर्चा के लिए पर्याप्त समय मिलना चाहिए, लेकिन सरकार इसे जानबूझकर सीमित कर रही है ताकि विपक्ष की आवाज़ दबाई जा सके.

# जिस सोशल मीडिया ने जयराम को ताकत दी क्या वही कर रहा जेएलकेएम को कमजोर?

शुभम संदेश। रांची



सोशल मीडिया ने झारखंड के एक युवा को फर्श से अर्श पर लाकर खड़ा कर दिया. यू-ट्यूब, फेसबुक, ट्विटर और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बीते कुछ सालों से जयराम महतो धूम मचा रहे हैं. सोशल मीडिया पर झारखंड के सबसे अधिक फॉलोअर्स वाले नेता जयराम महतो ही हैं. जयराम से जुड़ी खबरें सोशल मीडिया पर खूब देखी जाती है. खुद जयराम महतो भी मानते हैं कि सोशल मीडिया की ताकत ने आज उन्हें इस मुकाम पर पहुंचाया है. सोशल मीडिया की वजह से ही वे आज झारखंड के युवाओं के दिलों में राज कर रहे हैं. इसी की ताकत ने उन्हें डुमरी से विधायक बनाया और पूरे राज्य में जेएमएम का जनाधार खड़ा किया, लेकिन अब यही सोशल मीडिया जेएलकेएम को कमजोर कर रहा है.

यह बात खुद जयराम महतो ने कही है. बोकारो में जेएलकेएम के महाधिवेशन में जयराम महतो ने कहा है कि "सोशल मीडिया सदैव हमारी पार्टी की ताकत रही है. इतने कम समय में इस मुकाम पर पहुंचे हैं. इसमें सोशल मीडिया का बहुत बड़ा रोल है. साथ ही हमारी कमजोरी भी रही है. अगर कोई पार्टी के साथी को सोशल मीडिया पर मान सम्मान को ठेस पहुंचाने का काम करती है तो उनपर 24 घंटे के अंदर कार्रवाई की जाएगी.

दरअसल हाल के दिनों में जेएलकेएम के कई कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे पर सोशल मीडिया में खूब किचड़ उछाले हैं. इससे पार्टी और जयराम की खूब बदनामी हुई है. इसी कारण जयराम अपने कार्यकर्ताओं को सोशल मीडिया पर पार्टी विरोधी पोस्ट करने से मना कर रहे हैं. जयराम ने कहा कि "हम जब तक जिंदा हैं तब तक निंदा होगी, लेकिन आप निंदा सोशल मीडिया पर न करके पार्टी के प्लेटफार्म पे करें. जयराम ने यह भी कहा कि पूरे राज्य में अगर जनता के लिए कोई पार्टी काम कर रही है तो वह सिर्फ जेकेएलएम है. इसलिए आपसी एकजुटता बनाए रखें.

## सांसद ढुल्लू महतो जमीन विवाद मामले में बरी हुए



**रांची/धनबाद।** धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो को जमीन विवाद से जुड़े बहुचर्चित चिटाही धाम रामराज मंदिर प्रकरण में बड़ी राहत मिली है. एमपी-एमएलए विशेष अदालत (एडीजे-16) ने शनिवार को सुनवाई के बाद उन्हें सभी आरोपों से बरी कर दिया. यह मामला बाघमारा के चिटाही धाम परिसर में दुकान लगाने के विवाद से जुड़ा है. मंदिर के सामने दुकान लगाने को लेकर एक स्थानीय परिवार ने सांसद पर जमीन पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया था.मामला न्यायालय में विचाराधीन था, जिसकी सुनवाई के बाद विशेष अदालत ने साक्ष्य के अभाव में सांसद को बरी कर दिया. अदालत के फैसले के बाद अपनी प्रतिक्रिया में ढुल्लू महतो ने कहा कि मुझे न्यायपालिका पर शुरू से भरोसा था. मुझ पर राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित होकर झूठा मुकदमा दर्ज कराया गया था. आज सच्चाई की जीत हुई है. मैं इसके लिए अदालत का आभार प्रकट करता हूं. अदालती फैसले के बाद सांसद के समर्थकों में उत्सव जैसा माहौल देखा गया.

### राज्यपाल ने सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री को प्लेटिनम जुबिली की दी शुभकामनाएं, कहा-

# उद्योग को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा के क्षेत्र में चैंबर की सक्रिय भागीदारी अपेक्षित

शुभम संदेश। रांची/जमशेदपुर

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शनिवार को सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, जमशेदपुर के प्लेटिनम जुबिली समारोह में सम्मिलित हुए और संस्था को 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं. राज्यपाल ने कहा कि सिंहभूम चैंबर केवल एक संस्था नहीं, बल्कि झारखंड के औद्योगिक इतिहास की आत्मा रही है, जिसने दशकों से राज्य को दिशा भी दी है और दशा भी बदली है. उन्होंने संस्था की नींव रखने वाले संस्थापकों के दृष्टिकोण, परिश्रम और प्रतिबद्धता की सराहना की. जमशेदपुर को एक आदर्श सामाजिक-औद्योगिक मॉडल बताते हुए कहा कि टाटा समूह की दूरदृष्टि ने इस नगरी को न केवल औद्योगिक, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण और कौशल विकास के क्षेत्रों में भी अग्रणी बनाया है. उन्होंने शहर द्वारा स्वच्छता रैंकिंग में देश में तीसरा स्थान प्राप्त करने पर नागरिकों को बधाई दी.



राज्यपाल गंगवार ने कहा कि भारत आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है. उन्होंने आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया और वोकल फॉर लोकल अभियानों का उल्लेख करते हुए कहा कि झारखंड के चैंबर इन पहलों में अग्रणी भूमिका निभा सकते हैं. उन्होंने कहा कि झारखंड प्राकृतिक संसाधनों, श्रमशक्ति और युवाशक्ति से समृद्ध है और यदि उद्योग, नीति और कौशल का समन्वय हो, तो यह राज्य देश की आर्थिक रीढ़ बन सकता है.

राज्यपाल ने आह्वान किया कि चैंबर सामाजिक विकास, महिला सशक्तीकरण, शिक्षा और स्थानीय युवाओं को रोजगार देने के कार्यों में भी पूरी रुचि ले व गहराई से जुड़े, ताकि विकास समावेशी बने. उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य को शिक्षा के क्षेत्र में बहुत काम करना है, विशेषकर उच्च शिक्षा के क्षेत्र में हमारा राज्य राष्ट्रीय स्तर पर बहुत पीछे है. उद्योग को आगे बढ़ाने हेतु शिक्षा के क्षेत्र में चैंबर की सक्रिय भागीदारी अपेक्षित है. मौके पर राज्यपाल से चैंबर के सदस्यों ने अपने विचार साझा किए.

# तेतुलिया वन भूमि मामले में सीआईडी ने कोर्ट में सौंप दी केस डायरी

- आरोपित पुनीत की जमानत पर दो अगस्त को सुनवाई

शुभम संदेश। रांची

बोकारो जिला के तेतुलिया मौजा स्थित करीब 100 एकड़ वन भूमि की अवैध खरीद-बिक्री के आरोपित राजवीर कंस्ट्रक्शन के मालिक पुनीत अग्रवाल की जमानत याचिका पर अब सीआईडी की विशेष अदालत में दो (2) अगस्त को सुनवाई होगी. शनिवार को हुई सुनवाई के दौरान सीआईडी ने केस डायरी सौंप दी है. रांची स्थित सीआईडी की विशेष अदालत में आज हुई सुनवाई के दौरान सीआईडी की ओर से केस डायरी सौंप दी गई. इसके बाद कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए दो अगस्त की तिथि निर्धारित की है. पुनीत अग्रवाल पर आरोप है कि राजवीर कंस्ट्रक्शन कंपनी के माध्यम से उसने तेतुलिया मौजा की वन भूमि के लिए उमायुष कंपनी को तीन करोड़ चालीस लाख रुपए का भुगतान किया था. आरोपों के मुताबिक, बोकारो के तेतुलिया में 100 एकड़ से ज्यादा वन भूमि को फर्जी दस्तावेज बनाकर बेच दिया गया. इसमें भू-माफिया, अंचल कर्मी और बोकारो स्टील प्लांट के अधिकारियों की भी मिलीभगत है.
यह वो जमीन है, जिसे बोकारो स्टील प्लांट के द्वारा वन विभाग को वापस लौटाया गया था. सीआईडी बोकारो के सेक्टर 12 थाना में दर्ज कांड संख्या 32/2024 को टेकओवर कर अपनी जांच शुरू कर चुकी है. इस मामले में ईडी भी जांच कर रही है.

# मंत्री ने 131 छात्राओं को साइकिल और 15 लाभुकों को दी अबुआ आवास की चाभी

शुभम संदेश। रांची

राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने 131 छात्राओं के बीच साइकल, 15 लाभुकों के बीच अबुआ आवास योजना के गृह प्रवेश के लिए चाबी और सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के लाभुकों के बीच वस्त्र वितरित किया. आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से वर्ष 2023 से 2024 के बीच सड़क दुर्घटना, पानी में डूबने और सर्पदंश से हुई मौत का मुआवजा राशि का भी वितरण किया गया.

मंत्री मांडर प्रखंड कार्यालय परिसर में शनिवार को सड़क दुर्घटना, प्राकृतिक आपदा के आश्रितों के बीच मुआवजा राशि का चेक वितरण करने के बाद सभा को संबोधित कर रही थीं. इस अवसर पर सड़क दुर्घटना में मृतक के आश्रितों को एक लाख रुपए और पानी में डूबने और सांप काटने से हुई मौत के बाद उनके आश्रितों को चार लाख रुपए की राशि दी गई. वहीं घर से स्कूल तक पहुंचने के लिए कल्याण विभाग की ओर से दी गई साइकल को पाकर छात्राओं के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी.



मौके पर मंत्री ने कहा कि वे मंत्री हैं, लेकिन मांडर के प्रति उनकी जवाबदेही पहले की तरह ही है. राजनीति में जितनी दूरी भी तय कर पाई हूं या जिस मुकाम तक पहुंची हूं. यह सबकुछ मांडर की जनता के आशीर्वाद से ही संभव हो पाया है. मौके पर मंत्री तिर्की ने कहा कि राज्य में गठबंधन वाली सरकार ने हर वर्ग, हर समाज, हर तबके के लिए कल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रखा है. जरूरत है तो सिर्फ योजनाओं के प्रति आम जनता को जागरूक होने की. आम जनता को सिर्फ को सरकार की योजनाओं से जुड़ने के लिए बिचौलियों से बचने की जरूरत है. उन्होंने कहा कि अक्सर ये बातें सामने आती है कि योजना के नाम पर किसी ने गांव के भोले भाले लोगों से पैसा ले लिया या ऑनलाइन पैसा डलवा लिया गया. यह गलत है. उन्होंने कहा कि योजना पाने के लिए लाभुक को सिर्फ अपना अंशदान का भुगतान एस्क्रो एकाउंट से करना है. मौके पर अंचलाधिकारी चंचला, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मंगा उरांव , प्रखंड प्रमुख फिलीप सहाय एक्का, अमानत अंसारी , नसीम अंसारी , जमील मल्लिक, सेराफिना मिंज सरिता तबारक खान सहित अन्य मौजूद थे.

### झारखंड में जनगणना की तैयारी शुरू

## सरना धर्म कोड पर भी हो सकता है फैसला

**रांची ।** झारखंड सरकार ने आगामी जनगणना की तैयारियों को लेकर काम शुरू कर दिया है. राज्य सरकार 31 जुलाई तक जनगणना से संबंधित अधिसूचना जारी कर सकती है. खास बात यह है कि इस बार सरना धर्म कोड को जनगणना में शामिल करने की अनुशंसा भी की जा सकती है. राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ने इस संबंध में एक प्रस्ताव तैयार कर लिया है, जिसे अगली कैबिनेट बैठक में पेश किया जाएगा. झामुमो व कांग्रेस पहले से ही सरना धर्म कोड को जनगणना में शामिल करने की मांग करते आ रहे हैं. विस में इस पर प्रस्ताव भी पास हो चुका है, जिसे केंद्र को भेजा गया था. केंद्र ने 16 जून को 16वीं जनगणना के लिए राजपत्र जारी किया है. इसके बाद राज्य सरकार की ओर से जनगणना प्रोफाइल तैयार हो रहा है. अधिसूचना जारी होने के बाद घर की लिस्टिंग, फील्ड स्टाफ की तैनाती और अन्य प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी.अगस्त 2025 में जनगणना से जुड़े कर्मियों का प्री-टेस्ट होगा। नवंबर 2025 से जनवरी 2026 में मास्टर ट्रेनर और फील्ड ट्रेनर को प्रशिक्षण दिया जाएगा. जनवरी 2026 में जनगणना से जुड़े सवालों की अधिसूचना (गजट) प्रकाशित होगी. फरवरी 2026 में जनगणना कर्मियों की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू होगी.

# मदरसा व संस्कृत विद्यालय कर्मियों को अब तक नहीं मिली पेंशन

- दो वर्षों से लंबित निर्णय

शुभम संदेश। रांची

झारखंड सरकार द्वारा दो साल पहले लिया गया निर्णय अब भी जमीनी हकीकत नहीं बन पाया है. राज्य के 180 अराजकीय प्रस्वीकृत मदरसों और 11 अराजकीय प्रस्वीकृत संस्कृत विद्यालयों के शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मियों को पेंशन देने का फैसला सरकारी तंत्र की जटिलता और नियमों की उलझन में फंस कर रह गया है. वर्ष 2022 में राज्य सरकार ने स्पष्ट रूप से घोषणा की थी कि इन शिक्षण संस्थानों में कार्यरत कर्मियों को पेंशन योजना का लाभ दिया जाएगा. लेकिन तकनीकी अड़चनों के कारण यह योजना अभी तक धरातल पर नहीं उतर सकी है. हाल ही में वित्त सचिव प्रशांत कुमार की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय बैठक में भी पेंशन योजना के क्रियान्वयन को लेकर कोई ठोस निर्णय नहीं हो सका. अब शिक्षा विभाग को कहा गया है कि वह स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) तैयार करे, जिसके आधार पर यह पेंशन योजना लागू की जा सके. उसके बाद ही इसे कैबिनेट की स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा.
इस मुद्दे की शुरुआत वर्ष 2014 में हुई थी, जब तत्कालीन शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की ने मदरसों और संस्कृत विद्यालयों के कर्मियों को पेंशन देने का निर्णय लिया था. उस समय वित्त विभाग ने तकनीकी आधार पर इस प्रस्ताव को अमान्य बताया, लेकिन राजनीतिक दबाव में अंततः इस पर सहमति दी गई. बावजूद इसके चार वर्षों तक योजना लागू नहीं हो सकी. 2018 में रघुवर दास सरकार ने इस फैसले को निरस्त कर दिया. बाद में 2022 में हेमंत सोरेन सरकार ने फिर से इस निर्णय को पुनर्जीवित करते हुए दिसंबर 2023 में इसे कैबिनेट से पारित भी कराया.

पेंशन योजना में भी कई बार बदलाव किए गए. 14 अक्तूबर 2022 को तय किया गया कि 30 नवंबर 2004 या उससे पहले नियुक्त कर्मियों को पुरानी पेंशन योजना और एक दिसंबर 2004 के बाद नियुक्त कर्मियों को नई अंशदायी पेंशन योजना (एनपीएस) का लाभ मिलेगा. हालांकि पांच सितंबर 2022 को वित्त विभाग ने इस निर्णय को संशोधित कर सभी कर्मियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ देने की बात कही. इस पूरी प्रक्रिया में सबसे बड़ा पेच यह है कि इन शिक्षकों और कर्मचारियों को ट्रेजरी के माध्यम से वेतन नहीं मिलता, बल्कि स्कूल प्रबंधन समितियों के जरिए भुगतान होता है. परिणामस्वरूप इनके पास न जीपीएफ, सीपीएफ और न ही एनपीएस खाता नंबर है, जो पेंशन की पात्रता के लिए आवश्यक है.

## एक नजर

### कारगिल विजय दिवस : मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष ने शहीदों को किया नमन

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कारगिल विजय दिवस पर वीर शहीदों को नमन किया है. मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर शनिवार को लिखा कि कारगिल विजय दिवस के अवसर पर देश की संप्रभुता, एकता और अखण्डता की रक्षा करने वाले वीर जांबाजों और उनके परिवारजनों को नमन करता हूं. कारगिल विजय दिवस की सभी को शुभकामनाएं और जोहार. वहीं, बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि देश के जांबाज सैनिकों की वीरता, शौर्य और बलिदान के प्रतीक कारगिल विजय दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं. मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले वीर सैनिकों के प्रति देश सदैव कृतज्ञ रहेगा.

### रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ को जान से मारने की धमकी



**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ को जान से मारने की धमकी दी गई है. संजय सेठ कारगिल दिवस पर द्रास में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने गये थे. इसी दौरान किसी अंजान नंबर से एक शख्स ने उन्हें फोन किया और जान से मारने की धमकी दी. धमकी के बाद संजय सेठ ने तुरंत पुलिस को इसकी जानकारी दी. सूचना मिलते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया. केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री को धमकी की खबर मिलते ही सुरक्षा एजेंसियां और पुलिस हरकत में आ गई. पुलिस फोन करने वाले का लोकेशन और नंबर ट्रेस करने में जुटी है. पुलिस का कहना है कि जल्द ही धमकी देने वाले की पहचान कर ली जाएगी.

### हाईकोर्ट ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी पर लगाया जुर्माना

**रांची।** राजधानी की कांके सीट से कांग्रेस विधायक सुरेश बैठा के निर्वाचन को चुनौती देने वाले भाजपा प्रत्याशी डॉ. जीतू चरण राम की चुनाव याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई हुई. इस दौरान अदालत ने जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से उपस्थित अधिवक्ता द्वारा आईए (हस्तक्षेप याचिका) दायर कर उन्हें केस से हटाए जाने का आग्रह किया, जिसे कोर्ट ने अस्वीकार कर दिया और उपायुक्त सह जिला निर्वाचन अधिकारी, रांची पर 5000 रूपये का जुर्माना लगाया है. दरअसल भाजपा के कांके विधानसभा प्रत्याशी रहे जीतू चरण राम ने कांग्रेस के विधायक सुरेश कुमार बैठा के निर्वाचन को रद्द करने की मांग की है. वर्ष 2024 के विधानसभा चुनाव में सुरेश कुमार बैठा ने जीतू चरण राम को 968 मतों से हराया था.

### मंत्री दीपिका पांडे सिंह का जनता दरबार कल

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर कांग्रेस कोटा के मंत्रियों की ओर से आयोजित किए जाने वाले जनता दरबार की कड़ी में सोमवार को ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह जनता दरबार में जन समस्याओं को सुनेंगी. उक्त जानकारी देते हुए कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस के कोटा के मंत्रियों की ओर से जन समस्याओं के समाधान के लिए की जाने वाली पहल का महत्वपूर्ण माध्यम जनता दरबार का आयोजन है. इसमें लोग बेहिचक अपनी समस्याओं को रख रहे हैं और उनकी समस्याओं का हर संभव निदान किया जा रहा है.

### आपदा मंत्री ने कहा, किसी भी स्थिति के लिए तैयार

**रांची।** झारखंड में सक्रिय डिप्रेशन और भारी बारिश की आशंका के बीच आपदा प्रबंधन मंत्री इरफान अंसारी ने राज्य में हाई अलर्ट जारी किया है. उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति की सुरक्षा मेरी जिम्मेदारी है. राज्य में आपदा की किसी भी स्थिति से निपटने के लिए विभाग तैयार है. मंत्री ने कहा कि हम हर स्थिति पर नजर रखे हुए हैं और किसी भी आपात स्थिति में लोगों को मदद पहुंचायी जाएगी. मंत्री ने कहा कि भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, रांची से 20 किमी उत्तर-पश्चिम में एक निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है, जो अगले 36 घंटों में झारखंड होते हुए अन्य राज्यों की ओर बढ़ेगा. इससे तेज़ हवाओं के साथ भारी बारिश की आशंका जताई गई है. अंसारी ने सभी जिलों को सतर्क रहने और स्वास्थ्य सेवाओं को 24 घंटे अलर्ट मोड पर रखने के निर्देश दिए हैं.

### बदलाव : झारखंड में नाम बदलने की राजनीति अब थमने वाली नहीं

# राजनीतिक सोच और पहचान के संघर्ष का प्रतीक बनते जा रहे हैं नाम परिवर्तन

शुभम संदेश। रांची

झारखंड में इन दिनों एक बार फिर नाम बदलने की राजनीति गरमा गई है. हाल में अटल मोहल्ला क्लिनिक का नाम बदलकर मदर टेरेसा एडवांस हेल्थ क्लिनिक किए जाने के बाद राजनीतिक हलकों में आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है. हालांकि यह सिलसिला कोई नया नहीं है. झारखंड ही नहीं, पूरे देश में नामों को लेकर सियासत लंबे समय से होती रही है और संकेत यही हैं कि यह प्रक्रिया अब थमने वाली नहीं है.

**नाम बदलना: सत्ता परिवर्तन का प्रतीक:** केंद्र की भाजपा सरकार से लेकर राज्यों की सरकारों तक, नाम बदलना अक्सर सत्ता परिवर्तन के बाद नीतिगत बदलावों का प्रतीक बन चुका है. जी-20 समिट के दौरान जब निमंत्रण पत्रों पर 'प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया' की जगह 'प्रेसिडेंट ऑफ' और 'प्राइम मिनिस्टर ऑफ इंडिया' की जगह 'प्राइम मिनिस्टर ऑफ भारत' छपा, तो यह भी नाम बदलने की राजनीति का बड़ा उदाहरण बन गया. बीते वर्षों में केंद्र सरकार ने कई योजनाओं और प्रतिष्ठानों के नाम बदले हैं. राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार, इंदिरा आवास योजना को प्रधानमंत्री आवास योजना, इंदिरा गांधी मातृत्व सहयोग योजना को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, राजीव ग्रामीण विद्युतीकरण योजना को दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना, और राजीव आवास योजना को सरदार पटेल राष्ट्रीय शहरी आवास मिशन में बदला गया. इसी कड़ी में जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन का नाम भी बदला गया. वहीं रेलवे स्टेशनों के नाम बदलने का उदाहरण भी सामने आया है – गोमो स्टेशन को सुभाष चंद्र बोस स्टेशन और मुगलसराय को दीनदयाल उपाध्याय स्टेशन कर दिया गया.



### झारखंड में भी पुराना है यह सिलसिला

झारखंड में नाम बदलने की परंपरा भी कोई नई नहीं है. 2019 में तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास ने अर्जुन मुंडा की मुख्यमंत्री लक्ष्मी लाडली योजना का नाम बदल कर मुख्यमंत्री सुकन्या योजना कर दिया था. इसके बाद सत्ता में आई हेमंत सोरेन सरकार ने इसका नाम बदलकर सावित्री बाई फुले समृद्धि योजना रख दिया. वहीं 2021 में हेमंत सरकार ने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का नाम बदलकर मुख्यमंत्री झारखंड जन आरोग्य योजना कर दिया. डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय का नाम वीर बुधु भगत विश्वविद्यालय किया गया, और 'कमल क्लब' का नाम सिदो–कान्हू क्लब कर दिया गया.

### नामों से ज्यादा जरूरी है नीयत

यह साफ है कि नाम बदलने की यह राजनीति केवल पहचान और विचारधारा का प्रतिनिधित्व भर नहीं, बल्कि सत्ता में आने वाली सरकार की प्राथमिकताओं और प्रतीकों के प्रति नजरिए को भी दर्शाती है. हालांकि, आम जनता के लिए वास्तविक मुद्दे योजनाओं का नाम नहीं, बल्कि उनका क्रियान्वयन और लाभ है. इसलिए जरूरी है कि नाम बदलने से अधिक योजनाओं की गुणवत्ता, पारदर्शिता और परिणामों पर ध्यान केंद्रित किया जाए. वरना यह प्रक्रिया सिर्फ प्रतीकात्मक राजनीति बनकर रह जाएगी.

**यूपी से लेकर लखनऊ तक बदले गए नाम :** उत्तर प्रदेश में ऐतिहासिक शहरों के नाम भी बदले गए हैं. इलाहाबाद अब प्रयागराज है, फैजाबाद अब अयोध्या. लखनऊ में भी कई सार्वजनिक स्थलों और चौराहों का नाम बदला गया है. बर्लिंगटन चौराहा अब अशोक सिंघल चौराहा है, सर्वोदयनगर में द्वार का नाम विनायक दामोदर सावरकर द्वार कर दिया गया है, और सिकंदराबाग चौराहा अब वीरांगना उदा देवी चौराहा बन चुका है.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, रविवार 27 जुलाई 2025 I श्रावण शुक्ल पक्ष 03, संवत 2082 I रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित I वर्ष : 3, अंक : 110 I मूल्य ₹ 3, पृष्ठ संख्या : 12




# बंगाल की तरफ से बढ़ रहा दबाव, झारखंड के आठ जिलों में 29 को भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड के आठ जिलों में 29 जुलाई को भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है. मौसम विभाग ने जिन जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है उनमें राज्य के दक्षिणी-पूर्वी जिले शामिल हैं. इनमें पूर्वी सिंघभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला खरसावां, देवघर, दुमका, गिरिडीह और गोड्डा शामिल है. वही, पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य के राज्य में सबसे अधिक बारिश सिमडेगा जिले के बोल्बा में 94.6 मिलीमीटर दर्ज की गई है. वहीं इस दौरान राजधानी रांची में 38.8 मिली मीटर बारिश रिकार्ड की गईं है. मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल पश्चिम बंगाल के गंगा के तटीय क्षेत्र और उससे सटे झारखंड पर बना दबाव पिछले 25 किमी प्रति घंटे की गति से पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा है. वहीं इसके अगले 36 घंटों के दौरान झारखंड और आसपास के उत्तरी छत्तीसगढ़, उत्तर-पूर्व मध्य प्रदेश और आसपास के दक्षिण-पूर्व उत्तर प्रदेश में पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना है. शनिवार को रांची में अधिकतम तापमान 28.6 डिग्री, जमशेदपुर में 29.3,डालटेनगंज में 30.2, बोकारो में 32.1 और चाईबासा में तापमान 28.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया.

## खूंटी: दिन में की उपायुक्त से आवागमन चालू करने की मांग, रात को बह गया

**खूंटी।** खूंटी-सिमडेगा मुख्य पथ पर पेलौल गांव के पास बनई नदी पर अस्थायी डायवर्सन शुक्रवार की रात हुई मूसलाधार बारिश में बह गया. ज्ञात हो कि बाबा आम्रेश्वर धमत प्रबंध समिति के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को उपायुक्त से मिलकर उक्त अस्थायी डायवर्सन पर आवागमन चालू करने की मांग की थी ओर रात को डायवर्सन भारी बारिश में बह गया. इसके कारण सावन महीने में भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए बाबा आम्रेश्वर धाम आनेवाले श्रद्धालुओं की परेशानी बढ़ गई. अस्थायी डायवर्सन के बनने से श्रद्धालु पैदल या दो पहिया वाहन से अंगराबारी पहुंचते थे, लेकिन अब वह भी बंद हो गया.

उल्लेखनीय है कि 19 जून को हुई भारी बारिश के कारण बनई नदी का पुल ध्वस्त हो गया था. वहां पर डायवर्सन बनाने के लिए एक करोड़ 80 लाख, 42 हजार 800 रुपये की निविदा प्रकाशित की गई, लेकिन अभी तक कार्यकारी एजेंसी की नियुक्ति नहीं हुई. सावन महीने को देखते हुए खूंटी के संवेदक शिव कुमार साहू ने वहां अस्थायी डायवर्सन का निर्माण करा दिया. बिना कार्य आवंटित हुए खूंटी के विधायक रामसूर्या मुंडा ने डायवर्सन का शिलान्यास कर दिया था. डायवर्सन में आवागमन पर प्रशासन ने रोक लगा दी थी. लोग पैदल वहां से पार होते थे. छोटी गाड़ियों और दो पहिया वाहनों के आवागमन की मांग को लेकर शुक्रवार को ही प्रबंध समिति के प्रतिनिधि मंडल ने उपायुक्त आर रॉनिटा से मुलाकात की थी, लेकिन रात को ही डायवर्सन बह गया. स्थानीय लोगों का कहना है कि डायवर्सन के निर्माण में काम से अधिक राजनीति हो रही है. बिना पूरी टेंडर प्रक्रिया के ही विधायक द्वारा शिलान्यास किए जाने को लेकर भी सरकार और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए जा रहे हैं.



## खरसावां में चेक डैम में डूबने से 4 युवकों की मौत



**शुभम संदेश। सरायकेला**

सरायकेला-खरसावां जिले के खरसावां में चेकडैम में डूबने से चार युवकों की दर्दनाक मौत हो गई. घटना दलाईकेला गांव की है. गांव के 6 युवक चेक डैम में नहाने गये थे. इनमें से चार युवकों ने पानी में छलांग लगाई, जबकि दो बाहर खड़े रहे. बताया जाता है कि पानी में कूदने के बाद युवकों का सिर किसी पत्थर से टकरा गया, जिससे वे बेहोश हो गये पानी में ही दम तोड़ दिया.

### 16 से 20 वर्ष के हैं सभी मृतक

सभी युवकों की उम्र 16 से 20 वर्ष के बीच है. मृतकों में वीरेंद्र साहू का 16 वर्षीय पुत्र सुनील साहू, सागर मंडल का 17 वर्षीय पुत्र सिद्धेश्वर मंडल, स्व अर्जुन दास का 20 वर्षीय पुत्र हरिवास दास और पंकज साहू का 20 वर्षीय बेटा मनोज साहू और शामिल है. ग्रामीणों ने बताया कि सभी युवक आज सुबह करीब 10 बजे दलाईकेला और जोजोडीह गांव के बीच स्थित नाला पर बने कलवर्ट के पास नहाने गये थे.

### गांव में पसरा मातम

घटना की जानकारी जैसे की गांववालों और युवकों के परिजनों को मिली पूरे गांव में कोहराम मच गया. चीख-पुकार मच गई. पुलिस को मामले की सूचना दी गई, जिसके बाद पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शवों को निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा.

## चाईबासा: भारी बारिश से कई नदियां उफान पर, पुल पर बह रहा बाढ़ का पानी

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले में शुक्रवार रात से हो रही लगातार भारी बारिश ने शनिवार को जनजीवन को बुरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है. जिले की प्रमुख नदियां जैसे रोरो नदी, देव नदी, नदिया और अन्य छोटी-बड़ी धाराएं उफान पर हैं. बारिश का कहर इतना अधिक है कि कई स्थानों पर नदियों का पानी पुलों के ऊपर से बहने लगा है. इसके बावजूद लोग जान जोखिम में डाल कर उन पुलों को पार कर रहे हैं, जिससे बड़ी दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई है. टोंटो प्रखंड के टोपाबेड़ा और टोंटो गांव के बीच

### कई गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क टूटा



बहने वाली देव नदी में बाढ़ के कारण कई ग्रामीण टापू जैसे क्षेत्र में फंसे हुए हैं. नदी का जलस्तर अचानक इतना बढ़ गया कि दोनों गांवों के बीच संपर्क पूरी तरह कट गया है. तेज बहाव के कारण नाव या वैकल्पिक व्यवस्था भी संभव नहीं हो पा रही है. स्थानीय लोग सहायता के लिए प्रशासन से गुहार लगा रहे हैं, लेकिन अभी तक कोई राहत कार्य शुरू नहीं हो पाया है.

चाईबासा शहर का भी बुरा हाल है. पुराने चाईबासा क्षेत्र की कई बस्तियों में पानी घरों में घुस गया है. लोगों का दैनिक जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है और सामान पूरी तरह भीग चुका है. बिजली आपूर्ति कई क्षेत्रों में बाधित है. जैतगढ़ स्थित बेतरणी नदी के पुल के नीचे मट्टी कट गया है और सोनूआ जैसे इलाके भी जलजमाव की चपेट में हैं. खेतों में पानी भर गया है, जिससे किसानों की खड़ी फसलें पूरी तरह नष्ट होने की कगार पर हैं. सड़कों पर पानी बहने के कारण कई गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क टूट गया है. स्थिति की गंभीरता के बावजूद अब तक स्कूल बंद करने की कोई घोषणा नहीं की गई है. जिले के कुछ क्षेत्रों में पुलों पर बाढ़ का पानी बह रहा है. बावजूद इसके, लोग मजबूरीवश या जल्दबाजी में इन्हीं पुलों से गुजर रहे हैं। प्रशासन ने चेतावनी जारी की है.

## जमशेदपुर: कच्चा मकान ढहा, मलबे में दबने से बच्ची की मौत, मां गंभीर रूप से घायल

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के कोवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत हेंसड़ा पंचायत के मुकुंदासाई गांव में शुक्रवार देर रात एक कच्चा मकान ढह जाने से मां-बेटी मलबे में दब गईं, जिसमें बेटी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मां की हालत गंभीर बनी हुई है. घटना के समय दोनों घर में सो रही थीं. लगातार हो रही भारी बारिश के कारण घर की नींव कमजोर हो गई थी, जिससे यह हादसा हुआ. मलबे में दबने से मां-बेटी को गंभीर चोटें आईं. बेटी ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, वहीं घायल मां का इलाज जारी है. घटना की सूचना मिलते ही पोटका थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. स्थानीय मुखिया संगीता सरदार ने पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग प्रशासन से की है. जिले में मानसून के दौरान इस प्रकार की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जिससे प्रशासन के लिए चुनौती बढ़ गई है.

## नशे में धुत पिता को पुत्र ने पत्थर पर धकेला, हुई मौत

**शुभम संदेश। गुमला**

जिले के कामडारा थाना के नरसिंहपुर में बिशु सुरीन ने अपने ही पिता बीनजया सुरीन 57 वर्ष को शुक्रवार की शाम डांडटोली के समीप पत्थर में पटक कर मारा डाला. घटना की सूचना मिलने के बाद कामडारा थाना की पुलिस ने घटना स्थल से शव को अपने कब्जे में लिया और हत्यारोपी पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है. गिरफ्तार बिशु सुरीन के अनुसार पुलिस ने बताया कि उसका पिता मृतक बीनजया सुरीन शुक्रवार की शाम डाड़ टोली की ओर से शराब पीकर आ रहा था. शराब के नशे में वह चल नहीं पा रहा था. तभी खेत से काम कर लौट रहे उसके बेटे बिशु सुरीन ने अपने पिता को सहारा दे कर घर ले जाने लगा तभी दोनों के बीच विवाद हो गया. पुत्र बिशु सुरीन ने गुस्सा में अपने पिता को ढकेल दिया तो बीनजया सुरीन पत्थर पर गिर गया और बेहोश हो गया. बिशु ने अपने पिता को बेहोश छोड़ कर घर चला गया. बिशु की मां लुंदरी देवी रात में अपने पति की खोज बीन करने लगी. देखा कि उसकी मृत्यु हो गई है. पत्नी लुंदरी सुरीन को जानकारी मिला कि उसका बेटा ही उसके पति की हत्या पत्थर से मार कर किया है.

पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है. मां ने ही पुत्र के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी करायी है. पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिवार जनों को सौंप दिया.

## ग्रामीणों का अनोखा विरोध जर्जर सड़क पर की धनरोपनी



**लातेहार।** जिले के मनिका प्रखंड अंतर्गत जुंगुर पंचायत के चोरबोरवा टोला में ग्रामीणों ने सड़क की बदहाली के खिलाफ अनोखे अंदाज़ में प्रदर्शन किया. गड्ढों से भरी सड़क पर धान की रोपाई कर ग्रामीणों ने प्रशासन के प्रति गहरा आक्रोश जताया. ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़क वर्षों से जर्जर स्थिति में है और यहां आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं. हालत यह है कि पैदल चलना तक दूभर हो गया है

**प्रशासन से सड़क की मरम्मत करने की मांग :** ग्रामीणों ने मनिका विधायक रामचंद्र सिंह और प्रखंड प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इस सड़क की मरम्मत कराई जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके और जनजीवन सामान्य हो. विधायक ने दिया आश्वासन इस संबंध में मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि वे इस टोले की समस्याओं से पूरी तरह अवगत हैं और शीघ्र ही सड़क का निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा. उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र की अन्य जर्जर सड़कों को भी चरणबद्ध तरीके से दुरुस्त किया जाएगा.

## नवीन विस में पार्टी के मुख्य सचेतक, राज सिन्हा व नागेंद्र महतो सचेतक बनाए गए

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने विधानसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक एवं सचेतकों के नामों की शनिवार को घोषणा कर दी. हटिया के विधायक नवीन जायसवाल को मुख्य सचेतक बनाया गया है, जबकि धनबाद के विधायक राज सिन्हा और बगोदर के विधायक नागेंद्र महतो सचेतक बनाए गए हैं. प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी,कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री सह सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज कुमार सिंह, उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय, राकेश प्रसाद, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी सहित पार्टी नेताओं ने नव नियुक्त मुख्य सचेतक और सचेतकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं.

### लोकलेखा समिति की रिपोर्ट में लापरवाही उजागर

## डीएचएफएल की खराब आर्थिक हालत की अनदेखी कर कोलकर्मियों के पीएफ के पैसे का गलत निवेश

**एजेंसी। नई दिल्ली**

संसद की लोक लेखा समिति (पीएसी) ने पाया कि कोयला खदान भविष्य निधि संगठन (सीएमपीएफओ) के पैसे को डीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड (डीएचएफएल) के डिबेंचर में निवेश किया गया, जबकि इसकी 'खराब प्रतिष्ठा' थी और प्रतिकूल क्रेडिट रेटिंग के बावजूद इसके डिबेंचर को भुनाने में लापरवाही बरती गई. कांग्रेस महासचिव और लोकसभा सांसद केसी वेणुगोपाल की अध्यक्षता वाली पीएसी ने अपनी रिपोर्ट लोकसभा में पेश की, जिसमें कहा गया कि 'सीएमपीएफओ द्वारा डीएचएफएल के डिबेंचर को समय पर भुनाने में निर्णय लेने में विफलता के कारण 315.35 करोड़ का नुकसान हुआ, जिसे टाला जा सकता था.' रिपोर्ट शुक्रवार को लोकसभा में पेश की गई.

**डीएचएफएल की फॉरेंसिक ऑडिट की सिफारिश :** समिति ने डीएचएफएल की व्यापक फॉरेंसिक ऑडिट की सिफारिश की है, ताकि धोखाधड़ी की गतिविधियों के दायरे, जिम्मेदार व्यक्तियों की पहचान और धन के हस्तांतरण का पता लगाया जा सके, जैसा कि लोकसभा सचिवालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है. संसदीय पैनल ने उल्लेख किया कि सीएमपीएफओ के पास 864 करोड़ के गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर को जल्दी भुनाने का विकल्प था और जब डिबेंचर की रेटिंग एए- हो गई थी, तब त्वरित कार्रवाई करके 864 करोड़ के फंड को सुरक्षित किया जा सकता था.

**निगरानी में गंभीर अनियमितता :** पैनल ने देखा कि कोयला मंत्रालय की ओर से सीएमपीएफओ के कामकाज की निगरानी में 'गंभीर अनियमितता' रही, जिसके कारण प्रतिकूल क्रेडिट रेटिंग के बावजूद डीएचएफएल के डिबेंचर को भुनाने में लापरवाही के चलते निवेश की सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफलता हुई.

रिपोर्ट में कहा गया है कि डीएचएफएल 2015 से ही अन्य राज्यों के साथ धन के दुरुपयोग में शामिल था. समिति ने नोट किया कि डीएचएफएल की खराब प्रतिष्ठा के बावजूद, कोयला मंत्रालय के पास ऐसी प्रक्रियाएं और व्यवस्थाएं नहीं थीं, जो स्थिति की गंभीरता को समझकर पेंशनरों के पैसे को ऐसे बांड में निवेश करने से रोक सकें.

### भिड़ंत: धनबाद में सिविल सर्जन की नियुक्ति को लेकर कांग्रेस में घमासान

## संतोष ने इरफान के फैसले को सीएम के सामने दी चुनौती

**शुभम संदेश। रांची/धनबाद**

धनबाद कांग्रेस के जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने अपनी ही पार्टी के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी के फैसले को चुनौती देते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है. मामला डॉ आलोक विश्वकर्मा की एक बार फिर से धनबाद में सिविल सर्जन के रूप में नियुक्ति से जुड़ा है.

सिंह ने आरोप लगाया है कि डॉ आलोक के पिछले कार्यकाल के दौरान उन पर गंभीर भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे, जिनमें दवा खरीदी, अस्पताल निर्माण, डॉक्टरों से निजी लाभ के लिए दबाव, ट्रांसफर-पोस्टिंग में पैसों के लेन-देन, आवास योजना में गड़बड़ी और वित्तीय



अनियमितताएं शामिल हैं. संतोष सिंह का कहना है कि डॉ आलोक करीब 20 वर्षों तक धनबाद में पदस्थापित रहे हैं और अब उनकी पुनर्नियुक्ति धनबाद की जनता के विश्वास को ठेस पहुंचाएगी. संतोष सिंह ने कहा कि उन्होंने इस विषय में स्वास्थ्य सचिव और मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है. जिलाध्यक्ष के इस कदम से कांग्रेस के अंदर ही टकराव की स्थिति बन गयी है, क्योंकि सिंह ने सीधे मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर अपनी ही पार्टी के मंत्री के निर्णय को सार्वजनिक रूप से चुनौती दी है. जिलाध्यक्ष ने बताया कि अभी उन्होंने इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य सचिव को पत्र लिखा है और एक-दो दिन में स्वास्थ्य मंत्री से भी मिल सकते हैं. सिंह ने कहा कि आवास योजना में भी डॉ आलोक पर गड़बड़ी का आरोप लगे थे. उन्होंने अपने पद का दुरूपयोग कर अपात्र व्यक्तियों को सरकारी आवास आवंटित था, जबकि वास्तविक जरूरतमंद वंचित रह गए थे. नर्सिंग सटाफ की बहाली, उपकरणों की आपूर्ति तथा भवन मरम्मत जैसी योजनाओं में भी उनके कार्यकाल में भारी वित्तीय गड़बड़ी हुई है. उन्होंने कहा कि ऐसे व्यक्ति की फिर से नियुक्ति धनबाद की जनता के विश्वास और स्वास्थ्य की पारदर्शिता पर कुठाराघात है, इसलिए मामले में तत्काल हस्ताक्षेप करते हुए सिविल सर्जन की नियुक्ति पर रोक लगाएं.

## जामताड़ा के श्याम मंदिर में चोरी, 15 से 20 लाख का सामान ले उड़े चोर

**शुभम संदेश। जामताड़ा**

जामताड़ा के प्रसिद्ध श्याम मंदिर में बीती रात चोरी की बड़ी वारदात हुई है. चोरों ने मंदिर के अंदर घुसकर गेट का ताला तोड़ दिया और बाबा श्याम के श्रृंगार के जेवर, छत्तर और दान पेटी में रखी नकदी समेत कीमती सामान चुरा लिया. बताया जा रहा है कि चोर करीब 15 से 20 लाख रुपये के सामान पर हाथ साफ कर गए.

घटना की जानकारी सुबह हुई, जब पंडित ने मंदिर का दरवाजा खोला और देखा कि सामान गायब है. तुरंत मंदिर कमेटी को सूचना दी गई और फिर पुलिस मौके पर पहुंची. जामताड़ा एसडीपीओ विकास आनंद लगोरी के नेतृत्व में जांच शुरू की गई है. फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट को भी बुलाया गया है. एसडीपीओ ने बताया कि



मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा. मंदिर कमेटी के उपाध्यक्ष शिबू परशुराम ने इस घटना को दुखद बताया और कहा कि खराब मौसम और बारिश की वजह से चोरों को चोरी का मौका मिल गया. हैरानी की बात ये है कि मंदिर में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, फिर भी चोर आसानी से वारदात को अंजाम देकर निकल गए. पुलिस सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है और आसपास के इलाकों में भी छानबीन की जा रही है.

### लातेहार में आठवीं क्लास की छात्रा ने की खुदकुशी

## परिजनों ने शिक्षक पर लगाया प्रताड़ना का आरोप, हिरासत में

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र की एक गांव की आठवीं की छात्रा ने बीती रात फंदे से झूल कर खुदकुशी कर ली. हालांकि छात्रा ने जान क्यों दी, सही जानकारी तो नहीं हो पाई है, परंतु मृतक के परिजनों का आरोप है कि स्कूल के एक शिक्षक द्वारा बच्ची को प्रताड़ित किया जा रहा था, इसी कारण उसने खुदकुशी जैसा कदम उठाने को मजबूर हुई. इस मामले को लेकर शनिवार को ग्रामीणों ने स्कूल में हंगामा भी किया. परिजनों के आरोप के बाद पुलिस ने आरोपी शिक्षक को पूछताछ के लिए थाना लेकर आई. थाना प्रभारी सुरेंद्र महतो ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है. परिजनों के अनुसार आठवीं क्लास की छात्रा शुक्रवार को स्कूल से आने के बाद काफी परेशान थी. शुक्रवार की रात में उसने फंदे से लटक कर खुदकुशी कर ली. परिजनों ने आरोप लगाया कि स्कूल के एक शिक्षक उसके साथ गलत हरकत करते थे. इस मामले को लेकर पहले भी संबंधित शिक्षक को चेतावनी दी गई थी, परंतु वह सुधर नहीं रहा था. मामले को लेकर शुक्रवार को भी शिक्षक को समझाया गया था. परंतु जब छात्रा स्कूल से घर आई तो वह काफी परेशान थी. शुक्रवार की रात परेशान छात्रा ने फांसी के फंदे पर झूल कर खुदकुशी कर ली. इधर घटना के बाद शनिवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण स्कूल पहुंच कर विरोध जताते हुए आरोपी शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की. इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे हिरासत में लेकर पूछताछ आरंभ कर दी है.

# राज्य सरकार की 'मदर टेरेसा क्लीनिक' योजना धर्मांतरण की साजिश: अमर कुमार बाउरी

शुभम संदेश। रांची

झारखंड भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए. उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार द्वारा 'अटल मोहल्ला क्लीनिक' का नाम बदलकर 'मदर टेरेसा क्लीनिक' करना एक गहरी राजनीतिक साजिश है, जिसका उद्देश्य स्वास्थ्य सेवा की आड़ में राज्य में धर्मांतरण को बढ़ावा देना है. बाउरी ने स्पष्ट किया कि भारतीय जनता पार्टी मदर टेरेसा की सेवा भावना का सम्मान करती है, लेकिन उनका नाम लेकर क्लीनिकों का संचालन करना संदेहास्पद है, क्योंकि उनके संस्थान 'निर्मल हृदय' पर अतीत में बच्चा चोरी और जबरन धर्मांतरण जैसे आरोप लग चुके हैं. वे शनिवार को मीडिया से बात कर रहे



थे. प्रेस वार्ता में भाजपा के मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक और प्रवक्ता अविनेश कुमार सिंह भी मौजूद थे.

उन्होंने कहा कि भाजपा अटल बिहारी वाजपेयी की झारखंड के प्रति प्रतिबद्धता को कभी नहीं भूल सकती. उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर 15 नवंबर 2000 को अलग झारखंड राज्य की घोषणा कर लोगों के सपने को साकार किया था. उन्होंने झारखंड को राजनीतिक पहचान दी और रघुवर दास सरकार ने उनके नाम पर अटल मोहल्ला क्लीनिक की शुरुआत की थी.

बाउरी ने तीखा सवाल किया कि यदि मदर टेरेसा का झारखंड में कोई विशेष योगदान नहीं रहा, तो उनके नाम पर स्वास्थ्य सेवा केंद्रों का नाम क्यों रखा जा रहा है? उन्होंने आशंका जताई कि भविष्य में इन क्लीनिकों को उन स्वयंसेवी संस्थाओं को सौंपा जा सकता है, जो धर्मांतरण में लिप्त हैं.उन्होंने मुख्यमंत्री से यह स्पष्ट करने की मांग की कि क्या वे इस नाम परिवर्तन से सहमत हैं और अगर हां, तो इसकी घोषणा सार्वजनिक रूप से करें. बाउरी ने चेतावनी दी कि भाजपा इस निर्णय को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगी और सदन से लेकर सड़क तक आंदोलन किया जाएगा.

**आमने सामने**

# दल बदल कर राजनीतिक अस्तित्व बचानेवाले बाउरी नाम बदलने पर छाती पीट रहे हैं: कांग्रेस

शुभम संदेश। रांची

पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी पर हमला बोलते हुए प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि भाजपा अब मोहल्ला क्लीनिक का नाम मदर टेरेसा के नाम पर रखे जाने पर छाती पीट रही है, जबकि मदर टेरेसा करुणा, त्याग और मानव सेवा की प्रतीक हैं. उन्होंने जीवनभर कुष्ठ रोगियों, अनाथों और बेसहारा लोगों की निःस्वार्थ सेवा की और उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार एवं भारत रत्न से सम्मानित किया गया. ऐसे में उन पर धर्मांतरण का आरोप लगाना भाजपा की ओछी मानसिकता को दर्शाता है.

सिन्हा ने भाजपा पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि राज्य गठन से



अब तक सर्वाधिक समय तक सत्ता में रहने वाली भाजपा बताए कि उसने अपने शासनकाल में अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर कौन-सी योजना शुरू की? क्या सिर्फ वेंडर मार्केट का नामकरण कर देने से अटल जी का सम्मान हो गया? उन्होंने कहा कि भाजपा ने सत्ता में आने के बाद देशभर में कई योजनाओं और सड़कों के नाम बदले हैं, जो देश की महान विभूतियों के नाम पर थे. उन्होंने सवाल किया कि सरदार वल्लभभाई पटेल के नाम पर राजनीति करने वाली भाजपा ने अहमदाबाद के स्टेडियम का नाम 'नरेंद्र मोदी स्टेडियम' क्यों रखा? क्या सरदार पटेल का सम्मान केवल वोट बैंक के रूप में करने के लिए था?

कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि महागठबंधन को राज्य की जनता ने जनादेश देकर सत्ता सौंपी थी और उसी जनादेश के आधार पर कुछ भाजपा नेता भी सदन पहुंचे हैं, तो उन्हें उस जनमत का सम्मान करना चाहिए. उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा बार-बार घुसपैठ और धर्मांतरण जैसे मुद्दों को उठाकर राजनीतिक रोटियां सेंकने में लगी है. दुष्कर्म जैसे गंभीर मामलों में आरोपित लोगों को सम्मान देने वाली भाजपा को धर्मांतरण पर उपदेश नहीं देना चाहिए.

# युवती पर कथित एसिड अटैक की शिकायत पर सीएम हेमंत सोरेन ने लिया संज्ञान

शुभम संदेश। रांची

राजधानी रांची के कांके थाना क्षेत्र में एक युवती पर कथित एसिड अटैक की घटना सामने आने के बाद राज्य में सनसनी फैल गई है. मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची पुलिस और जिला प्रशासन को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं. मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर कहा, रांची पुलिस मामले की जांच कर आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी कर सूचित करें. साथ ही बेटी को बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान करवाते हुए भी सूचित करें. सीएम ने रांची उपायुक्त (@DC_Ranchi) और मंत्री इरफान अंसारी को भी मामले का संज्ञान लेने के लिए कहा है.

**पुलिस का बयान-एसिड अटैक की पुष्टि नहीं :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के ट्वीट पर प्रतिक्रिया देते हुए इरफान अंसारी ने जानकारी दी है कि पीड़िता को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है और वह अब सुरक्षित है. पुलिस ने कहा कि डॉक्टरों से बातचीत के अनुसार, प्रारंभिक जांच में एसिड अटैक की पुष्टि नहीं हुई है. पुलिस का भी मानना है कि युवती पर



**मामले की जांच जारी**

फिलहाल पुलिस घटना की विस्तृत जांच कर रही है और सभी पहलुओं पर गौर किया जा रहा है. स्थानीय प्रशासन से भी लगातार संपर्क में रहते हुए पीड़िता को हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है.

एसिड नहीं बल्कि अन्य लिक्विड से अटैक किया गया, जो ज्यादा घातक नहीं था. मंत्री जिला प्रशासन से बातचीत हुई है. मैंने प्रशासन को निर्देश दिया है कि मामले की पूरी छानबीन कर दोषियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए. बेटी को न्याय दिलाना हमारी प्राथमिकता है.

## रांची के सदर अस्पताल ने एक बार फिर रचा इतिहास

# झारखंड में पहली बार सरकारी अस्पताल में हुई ब्रोंकोस्कॉपी

शुभम संदेश। रांची

रांची का सदर अस्पताल एक के बाद एक हर पायदान पर खड़ा उतर रहा है. इसी कड़ी में आज रांची के सदर अस्पताल ने एक और उपलब्धि हासिल की है, जहां आज सदर अस्पताल रांची में पहली बार डायग्नोस्टिक ब्रोंकोस्कॉपी, पल्मनोलॉजी विभाग (फेफड़ा रोग) के चिकित्सक डॉक्टर सौभिक सरकार के द्वारा की गई है.

ब्रोंकोस्कॉपी कराने वाले मरीज़, रांची स्थित कांके के रहने वाले हैं, जिनके फेफड़ों में इन्फेक्शन (निमोनिया) है. बीमारी की जांच के लिए ब्रोंकोस्कॉपी कर फेफड़े एवं स्वांस नली के अंदर से बलगम और पानी निकाला गया है, जिसके द्वारा बीमारी की और सटीक जानकारी मिल पाएगी और मरीज का सही इलाज हो पाएगा. संभवतः यह झारखंड के किसी भी सरकारी अस्पताल में पहली बार किया गया है. इस पूरी प्रक्रिया में ओटी



परिसर के इंचार्ज सर्जन डॉ अजीत कुमार, उपाधीक्षक डॉ बिमलेश सिंह एवं सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार का विशेष सहयोग रहा है.

बताते चले कि डायग्नोस्टिक ब्रोंकोस्कॉपी एक एडवांस तकनीक है, जिसमें दूरबीन डालकर सांस की नली एवं फेफड़ों तक पहुंचा एवं देखा जा सकता है. साथ ही लंग कैंसर की पुष्टि के लिए बायोप्सी निकालने में भी इस प्रक्रिया की मदद ली जाती है और जरूरत पड़ने पर अगर कोई फॉरेन बॉडी (बाह्य वस्तु जैसे सिक्का) अटक जाता है तो उसे भी इस विधि से निकाल कर जान बचाई जा सकती है. इस पूरी प्रक्रिया में ऑपरेशन थिएटर की पूरी टीम, विशेष तौर पर सिस्टर नेली, स्नेहलता, फार्मासिस्ट लालू कुमार, सिस्टर सृष्टि, नीलम राठौर, संदीप आदि का विशेष सहयोग रहा है.

## एक नजर

### 'हैप्पी क्लासरूम' पर एक दिवसीय शिक्षक-प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन



**रांची।** शिक्षकों के शैक्षिक, मानसिक एवं भावनात्मक सशक्तिकरण के उद्देश्य से 'हैप्पी क्लासरूम' विषय पर एक दिवसीय शिक्षक-प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली के दयानंद प्रेक्षागृह में किया गया. कार्यशाला का संचालन दो विशेषज्ञ विद्या रानी, प्रा चार्या, विद्या विकास विद्यालय,रांची और रवनीत कौर, वरीय शिक्षिका, गुरु गोविंद स्कूल, कमड़े, रांची द्वारा किया गया. लगभग पांच घंटे तक चली इस कार्यशाला में रांची, हज़ारीबाग, खूंटी, लोहरदगा, मुरी और बुंडू सहित विभिन्न जिलों से सीबीएसई मान्यता प्राप्त विद्यालयों के लगभग 60 शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. कार्यशाला को चार सत्रों में विभाजित किया गया था, जिनमें हैप्पी टीचर, हैप्पी क्लासरूम, एक्सप्लोरिंग हैप्पीनेस और हैप्पी क्लासरूम की रणनीतियां एवं क्रियाकलाप जैसे विषयों को शामिल किया गया. ऑडियो-वीडियो, प्रश्नोत्तरी और सामूहिक गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षकों ने शिक्षकों को सकारात्मक ऊर्जा, रचनात्मकता, सहभागिता, माइंडफुलनेस, भावनात्मक कल्याण और कृतज्ञता जैसे तत्वों से युक्त सुखद एवं प्रेरक कक्षा वातावरण तैयार करने की तकनीकें सिखाईं. विद्यालय के प्राचार्य समरजीत जाना ने अपने प्रेरणादायक समापन संबोधन में कहा कि एक हैप्पी टीचर ही हैप्पी क्लासरूम की नींव रख सकता है. शिक्षकों को चाहिए कि वे अपने भीतर की ऊर्जा और सकारात्मकता को कक्षा में भी प्रतिबिंबित करें. उन्होंने प्रशिक्षकों एवं प्रतिभागी शिक्षकों को उनके सक्रिय योगदान के लिए हार्दिक धन्यवाद दिया और भविष्य में भी ऐसे सत्रों को प्रोत्साहित करने की बात कही. यह कार्यशाला शिक्षकों के लिए ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक एवं व्यवहारिक अनुभवों से परिपूर्ण रही और शिक्षण में मानवता, सहानुभूति और रचनात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने की दिशा में एक सार्थक पहल साबित हुई.

### संगीतमय श्री कृष्ण बीतक कथा आज से 31 तक

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के सौजन्य से श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर पुंदाग में परमहंस डॉ. संत शिरोमणि स्वामी सदानंद महाराज के सानिध्य में 27 से 31 जुलाई तक पांच दिवसीय संगीतमय श्रीकृष्ण बीतक कथा का आयोजन किया जाएगा. ट्रस्ट के संजय सर्राफ ने शनिवार को बताया कि कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गई है. इस आयोजन में वृंदावन से कथावाचक विदुषी साध्वी मीणा महाराज और विदुषी साध्वी पूर्णा महाराज प्रतिदिन दोपहर 2.30 बजे से संध्या पांच बजे तक श्रीकृष्ण लीला, रासोत्सव, भक्ति योग और जीवन दर्शन की व्याख्या करेंगी. कथा के बाद प्रतिदिन सामूहिक आरती एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा.

### मदर टेरेसा क्लीनिक पर विवाद अनावश्यक, भाजपा नेताओं को तो सेवा भाव की सराहनाकरनी चाहिए : राजद



**रांची।** राजद महासचिव कैलाश यादव ने राज्य सरकार द्वारा अटल क्लीनिक का नाम बदलकर मदर टेरेसा क्लीनिक रखने के फैसले का स्वागत करते हुए भाजपा नेताओं बाबूलाल मरांडी और रघुवर दास पर ओछी राजनीति करने का आरोप लगाया. यादव ने कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी स्वयं मदर टेरेसा के कार्यों के प्रशंसक थे. ऐसे में भाजपा नेताओं को उनकी सेवा भावना का सम्मान करना चाहिए. मदर टेरेसा ने मानवता, करुणा और निःस्वार्थ सेवा को जीवन का लक्ष्य बनाया और भारत रत्न एवं नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित हुईं. उनका योगदान वैश्विक स्तर पर सराहनीय है. यादव ने कहा कि नाम बदलने का विरोध भाजपा के दोहरे मापदंड को दर्शाता है. उन्हें तो हेमंत सरकार के इस फैसले का समर्थन करना चाहिए, क्योंकि यह जनसेवा और मानवीय मूल्यों का प्रतीक है.

### मां श्री जीण भवानी का सावन सिंधारा उत्सव आज डंगराटोली के स्वर्णभूमि बैंक्वेट हॉल में

**रांची।** श्री जीण माता प्रचार समिति रांची द्वारा रविवार को स्वर्णभूमि बैंक्वेट हॉल में मां श्री जीण भवानी का सावन सिंधारा उत्सव मनाया जाएगा. इस अवसर पर पुरुलिया से भजन गायिका शीतल कटारूका अपने भजनों से भक्तों पर सावन के रस बिखेरेंगी एवं माता का गुणगान करेंगी. कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल,उपाध्यक्ष विजय पालड़ीवाल, सचिव नारायण विजयवर्गीय, कोषाध्यक्ष बजरंग सोमानी, सह सचिव प्रदीप शर्मा, संदीप शर्मा, विनय अग्रवाल, गौरव पालड़ीवाल,सुनीता मित्तल, कविता सोमानी एवं अन्य सभी सदस्य सहयोग कर रहे हैं.

### इंद्रप्रस्थ इंटर-स्कूल कॉमर्स फेस्ट का समापन छात्र उद्यमिता और नवाचार का शानदार प्रदर्शन



**रांची।** रांची के सरला बिरला पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय इंटर-स्कूल कॉमर्स फेस्ट 'इंद्रप्रस्थ' का समापन उत्साह और उमंग के साथ हुआ. रांची सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में शहर के 12 प्रमुख विद्यालयों ने भाग लिया. फेस्ट का प्रमुख आकर्षण रहा 'हैच पिच' प्रतियोगिता, जिसमें विद्यार्थियों ने नवोन्मेषी स्टार्टअप आइडिया, प्रोटोटाइप और मार्केटिंग योजनाओं के जरिए अपनी उद्यमिता कौशल का प्रदर्शन किया. इस प्रतियोगिता में ब्रिजफोर्ड स्कूल प्रथम, दिल्ली पब्लिक स्कूल द्वितीय और सुरेंद्रनाथ सेंटनरी स्कूल व नीरजा सहाय डीएवी तृतीय स्थान पर रहे. दूसरी प्रतियोगिता 'एस्केप रूम' में छात्रों की समस्या-समाधान, विश्लेषणात्मक और निर्णय लेने की क्षमता की परीक्षा ली गई. इसमें दिल्ली पब्लिक स्कूल और डीएवी हेहल की टीमों ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया. समापन समारोह की शोभा मुख्य अतिथि साकची जैन, सीए एवं वित्तीय विशेषज्ञ ने बढ़ाई. विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया. सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया. प्राचार्या परमजीत कौर ने आयोजन की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी विद्यालयों और आयोजन समिति को बधाई दी.

# किसी भी तरह के ड्रग्स पेडलर के लालच में नहीं आना चाहिए: गेरा

शुभम संदेश। रांची

झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष के मार्गदर्शन में शनिवार को रांची के गेतलातू स्थित जी एन्ड एच हाई स्कूल में छात्र-छात्राओं के लिए नालसा स्कीम डॉन पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में लाइफ सेवर्स के अतुल गेरा, एलएडीसीएस डिप्टी चीफ राजेश कुमार सिन्हा, सीआईडी से रिजवान अंसारी, एनसीबी से आनंद, जी एन्ड एच स्कूल के शिक्षक, छात्र-छात्राएं सहित अन्य उपस्थित थे.

कार्यक्रम में अतुल गेरा ने बताया कि नशा हमारे देश को खोखला कर रहा है। नशा से बचने के लिए छात्र-छात्राओं को जागरूक करना बेहद जरूरी है. नशा के पेडलर नवयुवक और छात्रों को इस व्यवसाय में आसानी से उपयोग करते हैं. उन्होंने कहा कि ड्रग्स से हमें सचेत रहना है और किसी भी तरह का ड्रग्स पेडलरों की लालच में नहीं आना चाहिए. एलएडीसीएस डिप्टी राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि संविधान का अनुच्छेद 47 राज्य को निर्देशित



करता है कि वह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक मादक पेय और नशीली दवाओं के सेवन को औषधीय उद्देश्यों को छोड़कर, समाप्त करने का प्रयास करेगा. सिन्हा ने कहा कि अफीम या पोस्ता के उत्पादन या कब्ज़े पर एनडीपीएस अधिनियम 1985 के तहत मात्रा के आधार पर 20 साल तक के कठोर कारावास और दो लाख रूपये के जुर्माने की सजा हो सकती है. बार-बार अपराध करने पर मृत्युदंड तक दिया जा सकता है.

**नशे की समस्या को रोकने में एनसीबी की भूमिका महत्वपूर्ण :** एनसीबी के आनन्द ने कहा कि झारखंड में इस नशे की समस्या को रोकने के लिए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की भूमिका महत्वपूर्ण है. यह क़ानूनों के कार्यान्वयन और हितधारकों के बीच समन्वय के लिए ज़िम्मेदार है. नशे की दवाओं का उत्पादन और वितरण इस समस्या की जड़ तक पहुंचता है. अधिकांश तस्करी के गिरोह संसाधनों की कमी के कारण पकड़े नहीं जाते. सीआईडी के रिजवान अंसारी ने मादक पदार्थों की तस्करी से संबंधित जानकारी दी और मादक पदार्थों की तस्करी में बच्चों और नवयुवकों को कैसे उपयोग में लिया जा रहा है, इससे बचने के लिए उन्होंने छात्रों को आगाह किया. कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने कहा कि नशा करने से व्यक्ति और परिवार, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है. कुछ लोगों के लिए नशे की यात्रा 16 वर्ष या इससे कम उम्र से ही शुरू हो जाती है.

# गोड्डा से अजमेर के लिए सीधी रेल सेवा की शुरुआत सांसद डॉ. निशिकांत दुबे ने दिखाई हरी झंडी

शुभम संदेश। गोड्डा/मालदा

गोड्डा–दौराई (अजमेर) साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन का शुभारंभ शनिवार एक भव्य समारोह में सांसद डॉ. निशिकांत दुबे ने किया. उन्होंने गोड्डा रेलवे स्टेशन से ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. इस अवसर पर पूर्वी रेलवे के मालदा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता सहित कई वरिष्ठ शाखा अधिकारी उपस्थित रहे. समारोह की शुरुआत मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता के स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने गोड्डा में तेजी से हो रहे रेल संपर्क और अवसंरचना विकास की जानकारी दी. उन्होंने बताया कि रेलवे इस क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है.

सांसद डॉ. निशिकांत दुबे ने कहा कि झारखंड के गोड्डा जैसे आकांक्षी जिले को राष्ट्रीय मुख्यधारा से जोड़ना केंद्र सरकार की प्राथमिकता रही है. उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 में गोड्डा में पहली बार रेल सेवा शुरू हुई थी और अब तक यह 15वीं ट्रेन सेवा है, जो यहां से शुरू की जा रही है. वर्तमान में गोड्डा से 09 लंबी दूरी की एक्सप्रेस ट्रेनें और 06 पैसेंजर ट्रेनें विभिन्न दिशाओं में संचालित हो रही हैं.



गोड्डा–दौराई (अजमेर) साप्ताहिक एक्सप्रेस की शुरुआत झारखंड और राजस्थान के बीच सीधे रेल संपर्क की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है. यह ट्रेन गोड्डा को अजमेर के निकट स्थित सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व के शहर दौराई से जोड़ेगी. इस सेवा से तीर्थयात्रियों, छात्रों, नौकरीपेशा और व्यापारियों को विशेष लाभ मिलेगा. साथ ही यह सेवा बिहार, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और हरियाणा के यात्रियों को भी बेहतर संपर्क सुविधा प्रदान करेगी.

**नियमित समय-सारणी**

ट्रेन संख्या 19603 (दौराई–गोड्डा एक्सप्रेस): 03 अगस्त 2025 से हर रविवार को दौराई से 15:30 बजे प्रस्थान, सोमवार 22:20 बजे गोड्डा पहुंचेगी. ट्रेन संख्या 19604 (गोड्डा–दौराई एक्सप्रेस): 05 अगस्त 2025 से हर मंगलवार को गोड्डा से 05:00 बजे प्रस्थान, बुधवार 17:20 बजे दौराई पहुंचेगी. ट्रेन का ठहराव दिल्ली, गुड़गांव, अलीगढ़, टुंडला, इटावा, कानपुर (गोविंदपुरी), प्रयागराज (सूबेदारगंज), मिर्ज़ापुर, चुनार, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, गया, किऊल, देवघर, जसीडीह, हंसडीहा, पोडैयाहाट सहित कुल 36 स्टेशनों पर ठहराव होगा.

**डिब्बों की संरचना :** सामान्य द्वितीय श्रेणी, स्लीपर श्रेणी, एसी थ्री-टियर इकोनॉमी, एसी थ्री-टियर और एसी टू-टियर कोचों के साथ यह ट्रेन यात्रियों को किफायती व आरामदायक सफर का अनुभव देगी. इस ट्रेन के संचालन से गोड्डा को राष्ट्रीय रेल नेटवर्क से सीधा जोड़ने का मार्ग प्रशस्त होगा और क्षेत्रीय विकास को नई गति मिलेगी.

**चलचित्र**

## 'ट्राइबल सिनेमा ऑफ इंडिया' का गठन, बिजू टोप्पो बने अध्यक्ष

# तीन आदिवासी फिल्मों को मिलेगा टीसीआई का पूरा सहयोग

शुभम संदेश। रांची

'ट्राइबल सिनेमा ऑफ इंडिया' (टीसीआई) की बैठक और कार्यशाला डॉ. कामिल बुल्के पथ स्थित सत्यभारती सभागार में आयोजित हुई. इस अवसर पर टीसीआई की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया. प्रसिद्ध डॉक्यूमेंट्री फिल्म निर्माता बिजू टोप्पो को टीसीआई का अध्यक्ष चुना गया, जबकि तेज मुंडू को उपाध्यक्ष, प्रिंसी लकड़ा को सचिव, नीरज समद को उप-सचिव, और इनुस कुजूर एवं सुरेंद्र कुजूर को संयोजक नियुक्त किया गया. बैठक का संचालन दीपक बाड़ा ने किया. सर्वसम्मति से टीसीआई की छह सदस्यीय संचालन समिति का गठन किया गया, जिसमें संताली गायक टॉम



मुर्मू, कलाकार ज्योति वंदना लकड़ा, शोधकर्ता आकृति लकड़ा, जेनिफर बाखला, वरिष्ठ पत्रकार आशीष तिग्गा और बालेश्वर बेसरा को शामिल किया गया.

**फिल्म निर्माण की योजना:** टीसीआई ने इस वर्ष तीन आदिवासी मुद्दों, भाषा, संस्कृति और समाज, पर केंद्रित फिल्मों का निर्माण करने का निर्णय लिया है, जिसकी फंडिंग संस्था स्वयं करेगी. इसके अलावा 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर फिल्मकारों, कलाकारों और तकनीशियनों के साथ कार्यशाला और परिचर्चा आयोजित की जाएगी.

**झारखंड फिल्म बोर्ड में आदिवासी प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना होगा**

टीसीआई का विस्तार झारखंड के साथ–साथ अन्य आदिवासी बहुल राज्यों तक किया जाएगा. इसके साथ ही बांग्लादेश और नेपाल के आदिवासी फिल्मकारों से भी संपर्क कर अंतरराष्ट्रीय आदिवासी फिल्म मंच बनाने की योजना है. कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व न्यायाधीश रत्नाकर भेंगरा, टीएसी के पूर्व सदस्य पीसी मुर्मू, डॉक्यूमेंट्री फिल्मकार दीपक बाड़ा, संगीत निर्माता तेज मुंडू, कलाकार प्रिंसी लकड़ा, नीरज समद, इनुस कुजूर, सुरेंद्र कुजूर, संताली गायक टॉम मुर्मू, शोधकर्ता आकृति लकड़ा, कलाकार ज्योति वंदना लकड़ा, पत्रकार आशीष तिग्गा, बालेश्वर बेसरा, तथा फिल्म व कला क्षेत्र से जुड़े अमन दीप, पवन दीप खाखा, वाल्टर भेंगरा, अमल दीप कुजूर, विक्की मिंज, सुनिता लकड़ा, काजल मुंडू, राकेश किड़ो सहित कई आदिवासी फिल्म निर्माता, कलाकार और तकनीशियन उपस्थित थे.

**अन्य प्रमुख निर्णय**

- प्रत्येक जिले में आदिवासी विषयों पर फिल्म की स्क्रीनिंग
- टीसीआई का यूट्यूब चैनल शुरू करने की योजना
- आदिवासी फिल्मकारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध करायी जाएगी
- आदिवासी मुद्दों पर आधारित फिल्म नीति का ड्राफ्ट तैयार कर सरकार को सौंपा जाएगा.

### गुरु नानक स्कूल में मना कारगिल विजय दिवस

**रांची।** पीपी कंपाउंड स्थित गुरु नानक स्कूल में शनिवार को कारगिल दिवस का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में कक्षा तीन से पांचवीं तक के बच्चों ने कार्यक्रम में भाग लिया. इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने इंग्लिश एलोकेशन प्रतियोगिता, स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता, स्पीच प्रतियोगिता और कारगिल दिवस पर आयोजित कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों को प्रस्तुत किया. इस अवसर पर एसिड रेन डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी बच्चों को दिखाई गई. प्राचार्य सुमित कौर ने बच्चों को कारगिल दिवस पर भारतीय सेना के बारे में कारगिल युद्ध के दौरान हुई विजय के बारे में विस्तार से बताया और बच्चों को उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद दिया. वहीं उप प्राचार्य हरप्रीत कौर ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को मेडल और सर्टिफिकेट देकर उन्हें प्रोत्साहित किया. कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के शिक्षक और शिक्षिकाओं का भरपूर योगदान रहा.

**कारगिल विजय दिवस का आयोजन**

# नवा बिहान ने वीर शहीदों को दी श्रद्धांजलि, समाज सेवा का लिया संकल्प



शुभम संदेश। रांची

राजधानी रांची में शनिवार को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर नवा बिहान कम्युनिटी डेवलपमेंट प्रोग्राम की ओर से एक भावपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के दौरान संस्था के सदस्यों और कार्यकर्ताओं ने कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की और दो मिनट का मौन रखकर उन्हें याद किया. कारगिल विजय दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था के अध्यक्ष आर. अजय ने कहा कि जैसे सैनिक मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करते हैं, वैसे ही हम भी समाज के लिए अपना कर्तव्य निभाएं. आत्मनिर्भर समाज ही शहीदों के सपनों का भारत है. उन्होंने शिक्षा, स्वरोजगार और सामाजिक चेतना को राष्ट्र निर्माण का आधार बताया. इस मौके पर संस्था के कार्यकर्ताओं ने समाज सेवा और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान का संकल्प लिया.

## ब्रीफ न्यूज

### बालूमाथ का युवक हुआ ठगी का शिकार

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड के एक युवक के साथ नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है. पीड़ित युवक को झारखंड के चतरा जिले के टंडवा में एनटीपीसी नौकरी दिलाने का झांसा देकर हजारों रुपये की ठगी की गई. प्राप्त जानकारी के अनुसार, बालूमाथ थाना क्षेत्र निवासी राकेश कुमार बंसल युवक को जयप्रभा नगर मार्ग कॉलेज के पीछे हजारीबाग जिले के रहने वाले कैलाश साव के पुत्र राजू उर्फ राजकुमार साव ने सरकारी नौकरी दिलाने का प्रलोभन दिया. राजकुमार साहू ने खुद को एक प्रभावशाली व्यक्ति बताते हुए युवक से कहा कि उसके ₹ऊपर तक₹ अच्छे संपर्क हैं और वह उसे सरकारी विभाग में अच्छी नौकरी दिला सकता है.

### महिला ने किया आत्महत्या का प्रयास, रिम्स रेफर

**बालूमाथ (लातेहार)।** हेरहंज थाना क्षेत्र के चिरू में दीपक कुमार सिंह की पत्नी प्रतिमा देवी ने घरेलू कहासुनी के बाद आत्महत्या करने का प्रयास किया. मिली जानकारी के अनुसार किसी पारिवारिक विषय को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ. जिसके बाद प्रतिमा देवी ने आत्मघाती कदम उठा लिया. घटना के तुरंत बाद पति दीपक कुमार की नजर पत्नी पर पड़ी और उन्होंने बिना देर किए प्रतिमा को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया. वहां डॉ. सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया. महिला की स्थिति गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची स्थित रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया. फिलहाल महिला का इलाज रांची में जारी है.

### होली ब्राइट लैंड विद्यालय में मना कारगिल विजय दिवस

**छतरपुर(पलामू)।** होली ब्राइट लैंड पब्लिक स्कूल में कारगिल विजय दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया. कार्यक्रम की शुरुआत वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई. विद्यालय के निदेशक राजेश कुमार मिश्रा एवं सुरेंद्र कुमार सिंह द्वारा विद्यालय को 50 पौधे दिए गए. पौधों को विद्यालय के प्रधानाध्यापक पंकज कुमार मिश्रा, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र -छात्राओं ने विद्यालय परिसर में लगाया. इस मौके पर सभी बच्चों को अपनी मातृभूमि को हरा-भरा रखने के लिए प्रेरित किया गया. इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक जितेंद्र ठाकुर, उमेश विश्वकर्मा, अनिशा कुमारी, रवि रंजन मिश्रा, विवेक कुमार, अनु सिंह, अंजलि कुमारी सहित कई मौजूद थे.

### कारगिल विजय दिवस पर शहीदों की दी गयी श्रद्धांजलि

**मेदिनीनगर।** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा ने कारगिल विजय दिवस पर पुरानी रांची रोड स्थित शहीद स्थल पर फूल माला चढ़ा कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की. कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की. मोर्चा अध्यक्ष ने कहा कि अदम्य साहस, शौर्य और वीरता के प्रतीक है कारगील विजय दिवस. 85 दिन चले इस युद्ध में हमारे जवानों ने देश के दुश्मनों को करारा जवाब दिया था. वायु सेना एवं जल सेना ने भी इस युद्ध में अहम भूमिका निभाई है. मोर्चा अध्यक्ष ने कहा कि कारगिल युद्ध में जवानों ने देश की खातिर सर्वस्व न्योच्छावर कर दिया. ऐसे वीरों के बलिदान को कभी बुलाया नहीं जा सकता. इस अवसर पर शशिकांत दुबे, अशोक कुमार ठाकुर, शंभू नाथ दुबे, नील कमल, कृष्णा राम, जयपाल मोची, संतोष विश्वकर्मा, सतीश दुबे, राधा मोहन सिंह, उपस्थित थे.

### सदर एसडीएम ने गढ़वा के कई अल्ट्रासाउंड केंद्रों का निरीक्षण किया, जांच में मिली लापरवाही

# गढ़वा में तीन अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर लगा ताला

शुभम संदेश । गढ़वा



सदर एसडीएम संजय कुमार ने शहर के तीन अल्ट्रासाउंड केंद्रों की औचक जांच कर गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर उन्हें एहतियातन अगले आदेश तक बंद करने का निर्देश दिया. बंद किए गए केंद्रों में झारखंड अल्ट्रासाउंड सेंटर, चंद्रिका हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर और एमजीएम अस्पताल का अल्ट्रासाउंड सेंटर शामिल है.

जांच के दौरान झारखंड अल्ट्रासाउंड सेंटर में पाया गया कि संबंधित डॉक्टर अभिषेक कुमार छह महीने से केंद्र पर नहीं आए हैं, इसके बावजूद अल्ट्रासाउंड का काम जारी था.मौके पर 12वीं पास युवक-युवती सेवाएं दे रहे थे और रजिस्टर में गड़बड़ी पाई गई.

चंद्रिका हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में प्रबंधन के दावों और डॉ कादिर परवेज के बयान में विरोधाभास सामने आया. डॉक्टर ने बताया कि उन्होंने इस माह में केवल 8-10 अल्ट्रासाउंड किए हैं और संबद्धता खत्म करने का आवेदन पहले ही दिया है, जबकि केंद्र पर कोई डेटा उपलब्ध नहीं था.

एमजीएम अस्पताल में जांच के समय पता चला कि डॉक्टर परवेज महीने में सिर्फ एक-दो बार आते हैं, जबकि रजिस्टर में प्रतिदिन अल्ट्रासाउंड दर्ज था. अस्पताल संचालक ने स्वीकार किया कि अल्ट्रासाउंड तकनीशियन से कराए जाते हैं.एसडीएम ने तीनों केंद्रों को ताला लगवाकर संचालकों को यह अंडरटेकन दिलवाया कि वे सिविल सर्जन की जांच और क्लीन चिट मिलने तक केंद्र नहीं खोलेंगे. एसडीएम ने अन्य अल्ट्रासाउंड केंद्रों को चेतावनी दी है कि बिना योग्य चिकित्सक और मानकों को पूरा किए सेवाएं बंद करें, अन्यथा विधिक कार्रवाई की जाएगी.

### मोटरसाइकिल एवं ऑटो वाहनों की जांच की गयी

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं ज़िला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार सुरेंद्र कुमार के निर्देश पर 26 जुलाई को केंद्रीय विद्यालय के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया. इस दौरान वैसे मोटरसाइकिल जिसमें बिना हेल्मेट और ट्रिपल लोड एवं ऑटो वाहनों क्षमता से अधिक स्कूली बच्चे ढोते पाए गए उनकी जांच की गई. पाए जाने पर सभी वाहनों का ऑनलाइन फाइन काटा गया. कहा गया कि भविष्य में सड़क सुरक्षा के मानकों का अनुपालन नहीं किया गया तो कड़ी कारवाई करते हुए वाहन जब्त कर ली जायेगी. इस दौरान कुल 22 ऑटो एवं 8 मोटरसाइकिल का 1,42,000/– ऑनलाइन चालान काटा गया.

### स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

# पुलिस लाइन स्टेडियम में होगा मुख्य समारोह: डीसी

- 14 अगस्त की शाम भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का होगा आयोजन
- 15 अगस्त को मांस व शराब की दुकानें रहेंगी बंद

शुभम संदेश । मेदिनीनगर



डीसी समीरा एस की अध्यक्षता में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों संग बैठक आयोजित की गयी. डीसी ने कहा कि आजादी के पर्व को धूमधाम एवं भव्य तरीके से आयोजित करने में सभी पदाधिकारी अपना-अपना सहयोग दें. बैठक में बताया गया कि स्वतंत्रता दिवस का मुख्य कार्यक्रम पुलिस लाइन में होगा. यहां प्रातः 9.05 बजे झंडोत्तोलन होगा. इसके बाद पलामू प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय, जिला समाहरणालय, नगर निगम सहित जिले के समस्त कार्यालयों, सदर अनुमंडल कार्यालय, जिला परिषद कार्यालय एवं रेड क्रॉस सोसाइटी परिसर में झंडोत्तोलन किया जायेगा. परेड में अर्द्धसैनिक बलों की अलग-अलग टुकड़ियां शामिल होंगी. उपायुक्त ने सहायक नगर आयुक्त को स्टेडियम में कार्यक्रम को लेकर बेहतर व्यवस्था करने के निर्देश दिए. वहीं सड़कों पर बैरिकेडिंग व मेडिकल टीम की तैनाती सहित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गयी. बेहतर परेड के लिए टुकड़ियों को सम्मानित भी किया जायेगा. समारोह को लेकर पुलिस लाइन स्टेडियम सहित शहर के सभी चौक-चौराहों पर स्थापित प्रतिमाओं की साफ-सफाई करने का निर्णय लिया गया. इसके साथ ही 15 अगस्त को जिले में मांस एवं मदिरा की दुकानों को बंद रखने का निर्णय लिया गया.वहीं स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर टाउन हॉल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन करने का निर्णय लिया गया. इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, एएसपी, सदर एसडीएम, सहायक समाहर्ता समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे.

### पीवीटीजी परिवारों के लिए विशेष कैंप 4 अगस्त को

उन्नति दूरस्थ आदिवासी योजना अंतर्गत रामगढ़ के उलडंडा एवं नवाडीह पंचायत में आगामी 4 अगस्त को जिला प्रशासन की तरफ से विशेष कैंप आयोजित कर पीवीटीजी समूह को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया जायेगा. जिले की उपायुक्त समीरा एस. ने उक्त शिविर में पीवीटीजी के सभी लाभुकों से शिविर के आयोजन का अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की है. वहीं पदाधिकारियों को निर्धारित तिथि एवं स्थान पर शिविर का आयोजन कर संबंधित लोगों को लाभकारी योजनाओं से जोड़ने का निदेश दिया है. उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी को योजनाओं की देखरेख करने व सक्रियता से शिविर का आयोजन करने का निदेश दिया है. बताया गया है कि इस विशेष शिविर में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों को अपने विभाग का स्टॉल लगाने का निदेश दिया गया है. इस शिविर में विशेष रूप से आधार कार्ड, जॉब कार्ड, राशन कार्ड, बैंक एकाउंट, बर्थ सर्टिफिकेट, आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, लैंड होल्डिंग सर्टिफिकेट, इम्यूनाइजेशन, वन पट्टा स्टॉल लगाये जायेंगे और लक्षित समूह को लाभांवित किया जाएगा. बताया गया है कि उपरोक्त योजनाओं से छूटे हुए लाभुकों का सर्वे पूर्व में ही करा लिया गया है.

### सेविका चयन के दौरान मारपीट,एक युवक घायल

**बालूमाथ (लातेहार)।** बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत बुकरू गांव में शनिवार को आंगनबाड़ी सेविका चयन के दौरान बड़ा विवाद हो गया. यह विवाद देखते ही देखते मारपीट में तब्दील हो गया. इस हमले में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।. पीड़ित युवक बालेश्वर भोक्ता , पिता- दसई भोक्ता, ग्राम बुकरू, थाना बालूमाथ निवासी ने बालूमाथ थाना में लिखित शिकायत देकर न्याय की गुहार लगाई है. लिखित आवेदन में शिकायत के अनुसार शनिवार दोपहर ग्राम बुकरू स्थित आंगनबाड़ी भवन में आंगनबाड़ी सेविका का चयन कार्य चल रहा था. इस चयन प्रक्रिया में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी कार्यालय से महिला पर्यवेक्षिका ममता मासूम उपस्थिति थी. इसी दौरान दौरान बालेश्वर भोक्ता ने यह आपत्ति जताई कि उम्मीदवार रीता कुमारी द्वारा पूर्व में फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर आवेदन किया गया था, जिसे ग्रामीणों ने पहले भी सत्यापन के बाद असत्य पाया था. बालेश्वर का आरोप है कि जब उन्होंने इस मुद्दे को महिला पर्यवेक्षिका के समक्ष उठाया और चयन प्रक्रिया पर आपत्ति जताई तो मौके पर मौजूद उदय गंझू , काली गंझू , एवं तनना गंझू सभी ग्राम बुकरू निवासी ने एकजुट होकर उन पर जानलेवा हमला कर दिया. हमले में बालेश्वर को मुंह, माथे और दाहिने हाथ में गंभीर चोटें आईं. घटना के बाद पीड़ित ने तत्काल बालूमाथ थाना पहुंचकर आवेदन दिया.

## सैनिकों की शहादत पर की गई घोषणाएं धरातल पर नहीं उतरतीं



शुभम संदेश । मेदिनीनगर

नगर भवन में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा कारगिल विजय दिवस समारोह का आयोजन किया गया. शहीद चौक पर कर्नल संजय अखौरी, प्रथम महापौर अरुण शंकर, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष अविनाश देव, परिषद के जिलाध्यक्ष दामोदर मिश्र द्वारा माल्यार्पण किया गया. परिषद के जिलाध्यक्ष दामोदर मिश्र ने कहा कि जब जवान की शहादत होती है, तब बड़ी-बड़ी बातें की जाती हैं, लेकिन बाद में सब भुला दिया जाता है. मेदिनीनगर नगर निगम के आश्वाशन के बावजूद शहीद चौक के नामकरण का मामला नहीं सुलझ पाया. निवर्तमान अध्यक्ष गयानन्द पाण्डेय ने कहा कि पूर्व सैनिकों की सुविधा के लिए पलामू में सीएसडी कैंटीन बंद पड़ी है, लेकिन राज्य या स्थानीय प्रशासन द्वारा उसे दोबारा खुलवाने के प्रति कोई दिलचस्पी नहीं है. समारोह में, विहिप जिला मंत्री अमित तिवारी, उपमहापौर मंगल सिंह, बजरंग दल संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता, बालोपासना प्रमुख विकाश कश्यप, पूर्व जिलाध्यक्ष गयानंद पांडेय, महासचिव दिनेश गुप्ता, सुनील कुमार सिंह, दयाशंकर शर्मा, लक्ष्मी नारायण तिवारी, विकाश तिवारी, पंकज तिवारी, अमित तिवारी, प्रेमचंद शुक्ल, प्रणय तिवारी, पकामाख्या नारायण सिंह, योगेंद्र शर्मा, समता प्रसाद शर्मा, हरिहर तिवारी, रमन श्रीवास्तव, गिरवर प्रजापति आदि शामिल थे.

## खगारीगदाग गांव में पुल की कमी बनी अभिशाप, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

सुधीर यादव । मनातू



प्रखंड से लगभग 15 किलोमीटर दूर स्थित रंगया पंचायत के खगारीगदाग गांव में पुल की अनुपस्थिति ग्रामीणों के लिए एक स्थायी संकट बन चुकी है. आजादी के 78 वर्षों बाद भी इस गांव के लोग मूलभूत सुविधा एक पुल के लिए तरस रहे हैं. शनिवार को ग्रामीणों ने नदी किनारे प्रदर्शन कर सरकार से जल्द पुल निर्माण की मांग की.गांव की भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि यह मुख्य धारा से एक नदी के पार स्थित है. बरसात के मौसम में नदी उफान पर आ जाती है, जिससे यह गांव पूरी तरह से बाकी दुनिया से कट जाता है. ग्रामीणों को रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने, बच्चों को स्कूल भेजने और बीमारों को अस्पताल पहुंचाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है.

**शिक्षा और स्वास्थ्य सबसे अधिक प्रभावित:** बच्चों को स्कूल जाने के लिए नदी पार करनी पड़ती है, लेकिन तेज बहाव के दौरान यह असंभव हो जाता है. कई माता-पिता बच्चों को कंधे पर उठाकर नदी पार कराते हैं, जो बेहद खतरनाक है. वहीं, गंभीर मरीजों को चारपाई पर लादकर ले जाने की घटनाएं आम हैं. समय पर इलाज न मिलने से जान जाने का भी खतरा बना रहता है.

**सरकार से किया गया बार-बार अनुरोध:** ग्रामीणों ने बताया कि कई बार प्रशासन से गुहार लगाने के बावजूद अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है. प्रदर्शन में शामिल संजय यादव, जयनाथ उरांव, रघु यादव, महेश लोहरा, सुनीता देवी समेत दर्जनों ग्रामीणों ने सरकार से नाराजगी जताई और चेतावनी दी कि यदि जल्द पुल नहीं बना तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा.

**विकास की राह में सबसे बड़ी बाधा:** ग्रामीणों का कहना है कि पुल की अनुपस्थिति सिर्फ एक सुविधा की कमी नहीं, बल्कि पूरे गांव के विकास को रोकने वाली सबसे बड़ी बाधा है.

**श्रद्धांजलि** हुसैनाबाद में धूमधाम से मनाया गया कारगिल विजय दिवस

# पूर्व सैनिकों, प्रशासन और छात्रों ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

शुभम संदेश । हुसैनाबाद



पूर्व सैनिक सेवा परिषद्, हुसैनाबाद इकाई के तत्वावधान में शनिवार को परिषद कार्यालय परिसर में कारगिल विजय दिवस का भव्य आयोजन किया गया. कार्यक्रम देशभक्ति की भावना से सराबोर रहा, जिसमें पूर्व सैनिकों के साथ प्रशासनिक अधिकारियों, स्कूली बच्चों और आम नागरिकों ने भावनात्मक रूप से भागीदारी की.

समारोह की अध्यक्षता परिषद के अध्यक्ष कैप्टन दुखन सिंह चंद्रवंशी ने की, जबकि मंच संचालन पूर्व सैनिक सुधीर कुमार सिंह द्वारा किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हुसैनाबाद के अनुमंडल पदाधिकारी एवं आईएएस अधिकारी ओमप्रकाश गुप्ता थे.समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन, भारत माता की वंदना, शहीद जवानों को पुष्पांजलि अर्पित करने और 'वंदे मातरम्' गीत के साथ हुई.

उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी.इस अवसर पर पूर्व लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद ने कारगिल विजय के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि 26 जुलाई 1999 को भारतीय सेना ने अद्वितीय शौर्य का प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तानी घुसपैठियों को परास्त कर भारतीय भूमि को मुक्त कराया था.

उन्होंने युवाओं से सेना में शामिल होने और राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित होने का आह्वान किया.मुख्य अतिथि ओमप्रकाश गुप्ता ने अपने संबोधन में शहीदों को नमन करते हुए पूर्व सैनिकों को उनके सेवा कार्यों के लिए धन्यवाद दिया. उन्होंने पूर्व सैनिक सेवा परिषद् की समाजसेवा और कल्याणकारी गतिविधियों की सराहना की और कहा कि प्रशासन ऐसे प्रयासों में हर संभव सहयोग करेगा. कार्यक्रम के दौरान स्थानीय विद्यालयों के छात्रों ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिससे माहौल राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग गया.

अंत में कैप्टन दुखन सिंह ने कहा कि भारतीय सेना विश्व की सर्वश्रेष्ठ सेनाओं में से एक है और परिषद केवल पूर्व सैनिकों के नहीं, बल्कि आम जनता के भी कल्याण में जुटी है.इस अवसर पर सैनिक सत्येंद्र शर्मा, सुरेश ठाकुर, अवध माली प्रसाद सिंह, असर्फी पाल सहित बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक, सामाजिक कार्यकर्ता, छात्र, शिक्षक एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित थे. धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ.

### लोक अदालत में 82 मामलों का निबटारा

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश दिवाकर पाण्डेय के निर्देश पर मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया. इसमें सुलह समझौते के आधार पर 82 मामले का निस्तारण किया गया . 31 लाख एक हजार 360 रुपए का मामला सेटल हुआ. लोक अदालत में मामले निस्तारण को ले 10 पीठो का गठन किया गया था. पीठ संख्या एक मे कुटुंब न्यायालय से सम्बंधित मामले का निस्तारण कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश संजीव कुमार दास व अधिवक्ता वीणा मिश्रा कर रहे थे. लोक अदालत में आधार कार्ड बनाने व आधार कार्ड में सुधार हेतु स्टॉल लगाया गया . जहाँ वात्सल्य धाम में रह रहे बच्चों के आधार कार्ड बनाया गया. आधार कार्ड सुधारने का कार्य किया गया.लोगो ने कहा कि प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश के पहल पर तुरंत आधार कार्ड से जुड़े समस्या का हल निकल गया.

## एक नजर



### सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने की धनरोपनी

**लातेहार।** खराब सड़क रहने और सड़क में लगातार दुर्घटनाएं होने के विरोध में और प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराने के उद्देश्य से जिले के मनिका प्रखंड क्षेत्र के जुंगुर पंचायत के चोरबोरवा टोला के ग्रामीणों ने सड़क में धनरोपनी किया.दौरान ग्रामीणों ने बताया कि इस सड़क में बराबर दुर्घटना होती रहती है.सड़क इतनी खराब है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है.ग्रामीणों ने मनिका विधायक रामचंद्र सिंह एवं प्रखंड प्रशासन से इस सड़क को बनवाने की मांग किया है,ताकि ग्रामीणों का जनजीवन सामान्य हो सके.हालंकि मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि इस टोला की समस्या से वे अवगत हैं.शीघ्र इस टोले की सड़क को बनाया जाएगा.उन्होंने कहा कि क्षेत्र की तमाम जर्जर सड़कों को दुरुस्त किया जायेगा.

### आपसू ने फूंका नीपी विवि के वीसी का पुतला



**मेदिनीनगर।** अखिल पलामू छात्र संघ ( आपसू ) के जिला अध्यक्ष राजीव रंजन के नेतृत्व में नीलांबर पीतांबर विविके कुलपति प्रो दिनेश प्रसाद सिंह का पुतला दहन किया. मौके पर एनपीयू कुलपति भ्रष्ट हैं, एनपीयू कुलपति वापस जाओ के नारे लगे . ज्ञात हो नीलांबर पीतांबर विवि में स्मार्ट डिजीटल बोर्ड की खरीद में बड़े घोटाले संज्ञान में आने के बाद आपसू मुखर हुआ और सड़क से विवि तक उग्र आंदोलन की शुरुआत की . मौके पर राजीव रंजन ने कहा की पलामू की धरती पर भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और किसी भी बाहरी तत्वों को लूट की छुट नहीं दी जाएगी . ज़िला उपाध्यक्ष कुणाल किशोर ने कहा कि एनपीयू प्रबंधन चेत जाएं नहीं तो पलामू के विद्यार्थी इनको वापस उतराखंड भेज देंगे.मौके रतन दुबे ने स्मार्ट डिजीटल बोर्ड,स्वामी विवेकानंद की मुर्ति निर्माण घोटाले,एंव कुलपति के 100 दिनों के कार्यकाल की जांच सीआईडी से करवाने की मांग की . मौके पर कुणाल,साहिल,रजत,वेदांश,अभिनव,दामोदर, अभिषेक,समेत दर्जनों छात्र उपस्थित थे .

### अंग्रेजी लेखन में स्पेलिंग की शुद्धता जरूरी: मुखर्जी



**लातेहार।** जिला मुख्यालय के धर्मपुर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर के श्री कृष्ण चंद्र गांधी ऑडिटोरियम में आज स्पेलबी क्विज कॉन्टेस्ट का आयोजन हुआ.इस प्रतियोगिता में कक्षा षष्ठ से दशम तक के भैया बहन शामिल हुए. यह प्रतियोगिता भैया बहनों को पांच समूहों यमुना ,गोदावरी झेलम ,नर्मदा एवं दामोदर में बांटकर संपन्न किया गया. प्रथम स्थान कक्षा अष्टम के रिशु रंजन व श्रेया गुप्ता, द्वितीय स्थान कक्षा सप्तम के यश गुप्ता एवं रुचि राज, वही तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले कक्षा षष्ठ के आरुषि राज एवं अर्णव श्रेय रहे. इनके अतिरिक्त कक्षा नवम के तन्मय गुप्ता, ऋषि कुमार , यशस्वी पांडे एवं कक्षा दशम के स्वास्तिक सजग व रोशनी कुमारी ने भी अपनी प्रतिभा से मजबूत उपस्थिति दर्ज की.प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी ने विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया. उन्होंने कहा कि अंग्रेजी लेखन में स्पेलिंग की अहम भूमिका है. क्विज मास्टर की भूमिका अंग्रेजी प्रमुख सलमान होजाई एवं सह प्रमुख धर्मप्रकाश प्रसाद ने निभाई.

### नगर प्रशासक ने कई पार्कों का किया निरीक्षण



**लातेहार।** नगर प्रशासक राजीव रंजन ने शनिवार को नगर पंचायत के विभिन्न पार्कों का भ्रमण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए. उन्होंने कारगिल पार्क, सिटी पार्क, स्वामी विवेकानंद पार्क, चंदनहीह पार्क एवं डूरूआ पार्क का निरीक्षण किया गया. उन्होंने कनीय अभियंता, स्ट्रीट लाइट इंस्पेक्टर एवं नगर प्रबंधक को कारगिल पार्क एवं सिटी पार्क में रंग रोगन एवं लाइट लगाने का निर्देश दिया. स्वामी विवेकानंद पार्क चंदनडीह में रंग रोगन, सभी लाइटों का मरम्मती, कचरा का समय पर उठाव करने, सीसीटीवी कैमरा लगाने, साफ सफाई, बिजली की सुविधा देने का निर्देश दिया. उक्त सभी कार्यों का निष्पादन 30 अगस्त 2025 तक करने का भी निर्देश दिया गया. पार्क भ्रमण कार्यक्रम में नगर प्रबंधक राजकुमार वर्मा, जया लक्ष्मी भगत, सिटी मिशन मैनेजर आनंद किशोर दांगी, कनीय अभियंता संदीप कुमार, अमित कुमार, जयप्रकाश रंजन, विधि सहायक मुकेश कुमार, स्ट्रीट लाइट इंस्पेक्टर पिंटू कुमार आदि मौजूद थे.

### सिविल सर्जन ने चार स्वास्थ्य केंद्रों का किया निरीक्षण

**चैनपुर(पलामू)।** जिला स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पलामू के सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव ने चैनपुर प्रखंड के चार स्वास्थ्य संस्थानों का औचक निरीक्षण किया. उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नरसिंहपुर पथरा, आयुष्मान आरोग्य केंद्र महूगांवा, बभनडी, तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौनपुर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया. निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन ने संस्थानों में चिकित्सा व्यवस्था, दवा भंडारण, साफ-सफाई, स्टाफ उपस्थिति और मरीजों को दी जा रही सुविधाओं की विस्तार से जांच की. कुछ केंद्रों पर कमियों और अव्यवस्थाओं पर नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिया कि निर्धारित समयसीमा के भीतर सुधार सुनिश्चित किया जाए. सिविल सर्जन डॉ. श्रीवास्तव ने कहा कि स्वास्थ्य केंद्रों का प्राथमिक उद्देश्य आमजन को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध चिकित्सा सेवा देना है. जहां भी लापरवाही या संसाधन की कमी पाई जाएगी, वहां सख्त कार्रवाई तय है. जो कर्मी जिम्मेदारी से कार्य कर रहे हैं, वे सराहना के पात्र हैं और उन्हें आगे प्रोत्साहित किया जाएगा. डॉ. श्रीवास्तव ने यह भी स्पष्ट किया कि भविष्य में स्वास्थ्य केंद्रों पर नियमित मॉनिटरिंग और औचक निरीक्षण की प्रक्रिया और अधिक सघन की जाएगी, जिससे जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार हो.

### एसोसिएशन ने शहीद जवानों के सम्मान में मार्च निकाला

**मेदिनीनगर।** कारगिल विजयी दिवस के अवसर पर झारखंड स्टेट स्कूल एसोसिएशन ने नगर भवन टाउन हॉल से हजारों के संख्या में स्कूली विद्यार्थियों द्वारा कारगिल में शहीद जवानों के प्रति सम्मान स्वरूप श्रद्धांजलि मार्च प्रारंभ किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ झारखंड स्टेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष अविनाश देव, संरक्षक रामाकांत मेहता, सचिव गिरीश कुमार, कोषाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, वरीय उपाध्यक्ष आफताब आलम, सह सचिव राजीव गोयल, उपाध्यक्ष नंदकिशोर भारती, सेंट पॉल एकेडमी रेहला के प्राचार्य साइमन मैथ्यू एस्ले, ओरिएंट पब्लिक स्कूल के निदेशक सुधीर मेहता प्राचार्य धीरज मेहता, समाजसेवी ललन प्रजापति, शहर के कई भूत पूर्व सैनिकों आदि ने संयुक्त रुप से तिरंगा झंडा दिखाकर कारगिल में शहीदों के सम्मान में निकाली गई श्रद्धांजलि मार्च का शुभारंभ किया. अध्यक्ष अविनाश देव ने कहा कि कारगिल विजय दिवस हमें सिखाता है कि देश की रक्षा सबसे बड़ा धर्म है. हमें अपने सैनिकों के त्याग और बलिदान को कभी नहीं भूलना चाहिए. हमें उनके संघर्ष से प्रेरणा लेनी चाहिए और अपने देश के लिए हमेशा कुछ अच्छा करने का संकल्प लेना चाहिए.

## ब्रीफ न्यूज

### डीसी का हंटरगंज दौरा फिर स्थगित, लोगों में मायूसी

**हंटरगंज (चतरा)।** उपायुक्त कीर्तिश्री जी का हंटरगंज प्रखंड का बहुप्रतीक्षित दौरा एक बार फिर स्थगित हो गया है. शनिवार, को उनका दौरा प्रस्तावित था, लेकिन अपरिहार्य कारणों से इसे टाल दिया गया. इससे पहले भी 23 जुलाई को उनका दौरा अंतिम क्षणों में रद्द कर दिया गया था. उपायुक्त को प्रखंड में संचालित विकास योजनाओं का निरीक्षण करना था. इसको लेकर प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई थीं. बीडीओ निखिल गौरव कमान कच्छप के अनुसार, सभी विभागों को अलर्ट किया गया था और अधिकारी व कर्मचारी उपायुक्त के स्वागत और निरीक्षण के लिए तैयार थे. प्रखंड में सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और पंचायत स्तर की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा और निरीक्षण का कार्यक्रम तय था.

### कोडरमा रेलवे स्टेशन पर शराब सहित युवक धराया

**झुमरी तिलैया (कोडरमा)।** कोडरमा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 04/05 पर सहायक उप निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह, धीरज कुमार और नीतू कुमारी की टीम ने गश्त के दौरान एक युवक को शराब सहित गिरफ्तार किया है. युवक के पास से 10 बोतलें डबल व्हिस्की बरामद हुई हैं, जिनकी कुल कीमत लगभग 6700 रुपये बताई गई है. पुलिस ने बताया कि ब्लू रंग के बिट्टू बैग के साथ खड़े युवक से पूछताछ की गई. उसने अपना नाम वरुण कुमार निवासी सिद्धार्थ पुरी थाना मुसाफिर जिला गया बताया. युवक के बैग की तलाशी लेने पर 10 बोतलें डबल व्हिस्की मिलीं, जिनकी प्रत्येक बोतल 750 मिलीलीटर की थी और कीमत 750 रुपये अंकित थी.

### क्रेन से गिरा तार का बंडल फैक्ट्री में मजदूर की मौत

**चंदवारा (कोडरमा)।** चंदवारा थाना क्षेत्र के आरागारो गांव स्थित धनलक्ष्मी टावर प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री में सोमवार को एक हादसे में मजदूर की मौत हो गई. मृतक की पहचान रोहित कुमार, पिता विजय राज विंद, ग्राम कैमूर, जिला भभुआ (बिहार) के रूप में हुई है. फैक्ट्री में बिजली के पोल बनाने का कार्य होता है. जानकारी के अनुसार, निर्माण स्थल पर तार के भारी बंडल को क्रेन के माध्यम से एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाया जा रहा था. इसी दौरान असंतुलित होकर बंडल अचानक नीचे खड़े रोहित पर गिर गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया. हादसे के तुरंत बाद फैक्ट्री प्रबंधन को सूचना दी गई, लेकिन उनके घटनास्थल पर न पहुंचने से नाराज सहकर्मियों और स्थानीय लोगों ने घायल को ट्रेलर की मदद से एक निजी क्लीनिक में पहुंचाया. वहां चिकित्सकों ने रोहित को मृत घोषित कर दिया.

### नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में ऑर्थोसिस सहायक यंत्र वितरित

**कोडरमा।** जिला प्रशासन कोडरमा एवं इम्पैक्ट इंडिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में 11 जुलाई से 30 जुलाई तक सीएच हाई स्कूल, झुमरीतिलैया में लाईफलाइन एक्सप्रेस प्रोजेक्ट के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया. इस शिविर में जिले के हजारों लाभार्थियों को विभिन्न रोगों की जांच एवं इलाज की सुविधाएं प्रदान की गईं. शिविर में कुल 121 लाभार्थियों को 350 ऑर्थोसिस सहायक यंत्र वितरित कर उन्हें राहत दी गई. 11 से 16 जुलाई के बीच आंख की जांच एवं मोतियाबिंद सर्जरी में 229 मरीजों का सफल ऑपरेशन किया गया. 16 से 21 जुलाई तक कान की जांच एवं सर्जरी में 118 मरीजों का सफल इलाज हुआ.

## उपायुक्त ने चौपारण में कंपोजिट शराब दुकान का किया औचक निरीक्षण

# निर्धारित दर से अधिक पर बिक्री पर दी सख्त चेतावनी

**शुभम संदेश । चौपारण**



उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने शनिवार को चौपारण प्रखंड में स्थित अनुज्ञप्ति प्राप्त कंपोजिट शराब दुकान का औचक निरीक्षण किया गया.निरीक्षण के दौरान दुकानों में उपलब्ध शराब के स्टॉक का भौतिक सत्यापन किया गया एवं बिक्री प्रक्रिया की गहन जांच की गई.

निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने दुकानदारों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि शराब की बिक्री केवल सरकार द्वारा निर्धारित अधिकतम खुदरा मूल्य पर ही की जाए एवं इस संबंध की जानकारी हेतु ग्राहकों के लिए प्रतिष्ठानों के सामने सूचना लगाने का निर्देश दिया. निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर किसी भी स्थिति में शराब बेचना दंडनीय होगा.

उन्होंने ग्राहकों को शराब की बिक्री के पश्चात बिल प्रदान करना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने का निर्देश भी संचालकों को दिया. उपायुक्त ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे सभी अनुज्ञप्ति प्राप्त प्रतिष्ठानों की नियमित रूप से जांच की जाए, ताकि उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा की जा सके तथा अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके.

### बरही चौक का होगा सुंदरीकरण,डीसी ने किया स्थल निरीक्षण

**बरही।** बरही अनुमंडल अंतर्गत मुख्य बरही चौक के सुंदरीकरण एवं स्वच्छता व्यवस्था को लेकर उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने गुरुवार को स्थल निरीक्षण किया.उन्होंने चौक स्थित गोलंबर की स्थिति का जायजा लेते हुए वहां तत्काल सफाई एवं सौंदर्यीकरण कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिया।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने पाया कि चौक के पास संचालित दुकानों से निकलने वाले कचरे का समुचित निस्तारण नहीं हो रहा है, गंदगी की समस्या बनी हुई है.उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक दुकान के पास डस्टबिन रखे, कचरा उसी में डाला जाए. सफाई कार्य के उपरांत इसकी जिम्मेदारी स्थानीय दुकानदारों को सौंपी जाएगी.

### दनुआ घाटी का उपायुक्त ने लिया जायजा

**हजारीबाग ।** उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने आज अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान जिले के अति दुर्घटना प्रभावित क्षेत्र चौपारण प्रखंड अंतर्गत दनुआ घाटी का स्थल भ्रमण कर निरीक्षण किया गया.इस दौरान संबंधित अधिकारियों द्वारा घाटी क्षेत्र में चिन्हित ब्लैक स्पॉट का गहनता से मुआयना किया गया तथा दुर्घटनाओं को रोकने हेतु प्रभावी उपायों पर चर्चा की गई।निरीक्षण के क्रम में सड़क किनारे लगे गार्ड वॉल की मजबूती और गुणवत्ता की भी जांच की गई.यह पाया गया कि कुछ स्थानों पर गार्ड वॉल की स्थिति सुदृढ़ किए जाने की आवश्यकता है.

## मनीष जायसवाल ने हजारीबाग बार संघ को दिया आधुनिक सभागार का उपहार

# बार के विकास की गति रहेगी बरकरार : सांसद

- 34 लाख की लागत से बना सुविधायुक्त सभागार
- अधिवक्ताओं के सपनों को मिला नया आधार

**शुभम संदेश । हजारीबाग**




हजारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल ने अपने पूर्व विधायक निधि से हजारीबाग बार संघ को एक आधुनिक, आकर्षक एवं सुविधायुक्त सभागार का तोहफ़ा दिया है.

शनिवार को बार एसोसिएशन भवन के ऊपरी तल्ले पर निर्मित इस शानदार सभागार का उद्घाटन सांसद मनीष जायसवाल, सदर विधायक प्रदीप प्रसाद और झारखंड स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष राजेंद्र कृष्ण ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया. उद्घाटन समारोह में सैकड़ों अधिवक्ताओं ने भाग लेकर इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने.इस अवसर पर युवा अधिवक्ता दीपशिखा ने साथी अधिवक्ता के साथ मां शारदे की वंदना प्रस्तुत की. बार संघ अध्यक्ष राजकुमार (राजू) ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह सभागार अधिवक्ताओं के वर्षों पुराने सपनों का साकार रूप है.

उन्होंने बताया कि एक अधिवक्ता की शादी समारोह के दौरान सांसद से हुई बातचीत में इस सभागार की मांग रखी गई थी, जिसे उन्होंने तुरंत स्वीकारते हुए 34 लाख रुपये की निधि से इसे संभव बनाया.मुख्य अतिथि मनीष जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि यह सभागार किसी बैंक्वेट हॉल जैसा प्रतीत होता है. अधिवक्ताओं ने निधि का सही उपयोग कर एक सुंदर सभागार का निर्माण किया है. उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं को पेड़ के नीचे बैठकर न्याय दिलाने का कार्य करते देख उन्हें यह आधारभूत संरचना देना उनका कर्तव्य था. उन्होंने आश्वासन दिया कि सभागार को जल्द ही वातानुकूलित और स्थायी कुर्सियों से सुसज्जित किया जाएगा, जिससे वरिष्ठ नागरिकों व अधिवक्ताओं को अधिक सुविधा मिल सके.

सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि यह सभागार न केवल बार संघ बल्कि पूरे हजारीबाग के लिए गौरव का विषय है. उन्होंने अधिवक्ताओं से आह्वान किया कि वे हर माह संगोष्ठी आयोजित कर हजारीबाग के विकास में अपना योगदान दें.

बार काउंसिल अध्यक्ष राजेंद्र कृष्ण ने इस सभागार को झारखंड के सभी बार संघों में सबसे बेहतरीन बताया और कहा कि जल्द ही राज्य सरकार द्वारा पांच करोड़ की लागत से एक बहुमंजिला भवन का निर्माण भी यहां किया जाएगा.

उन्होंने इसे अधिवक्ताओं के सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम बताया.कार्यक्रम का संचालन महासचिव सुमन कुमार सिंह ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष विजय कुमार सिंह ने किया. समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वरिष्ठ, कनिष्ठ और महिला अधिवक्ता उपस्थित थे.

### 31 जुलाई से 2 अगस्त तक आकांक्षा हाट का आयोजन

**कोडरमा।** नगर परिषद् झुमरी तिलैया स्थित पूर्णिमा टॉकिज परिसर में 31 जुलाई से 2 अगस्त 2025 तक ₹आकांक्षा हाट₹ का भव्य आयोजन किया जाएगा. इस आयोजन की तैयारियों को लेकर उपायुक्त श्री ऋतुराज की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभागीय पदाधिकारियों को स्टॉल लगाने और प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी सौंपी गई. उपायुक्त ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों से संबंधित योजनाओं के तहत स्टॉल लगाने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करें. उन्होंने कहा कि ₹आकांक्षा हाट₹ में कोडरमा जिले के स्थानीय उत्पाद, हस्तशिल्प, खाद्य सामग्री और विभिन्न हस्तनिर्मित वस्तुओं की प्रदर्शनी और बिक्री के लिए उचित मंच उपलब्ध कराया जाएगा. इस अवसर पर उपायुक्त ने आयोजन को बहुआयामी और जन-संवेदनशील बनाने हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम, लाइव डेमोंस्ट्रेशन, सूचना प्रदर्शनी, स्टार्टअप एवं नवाचार प्रदर्शन, महिला समूहों के उत्पादों की बिक्री जैसी गतिविधियाँ आयोजित करने के निर्देश दिए. उन्होंने ₹आकांक्षा हाट₹ के प्रचार-प्रसार पर विशेष ध्यान देने को कहा, ताकि सोशल मीडिया, स्थानीय समाचार पत्रों और माइकिंग के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को इस आयोजन में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जा सके. बैठक में उप विकास आयुक्त रवि जैन, जिला उद्योग केंद्र, समाज कल्याण विभाग, आई.ई.सी. टीम सहित अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे.

## आरएसएस ने भगवा ध्वज को गुरु माना: मुकेश राणा



**जयनगर (कोडरमा)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा प्रखंड के दुर्गा मंदिर प्रांगण में गुरु दक्षिणा कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में संघ के जिला कार्यवाह मुकेश राणा ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भगवा ध्वज को गुरु के रूप में पूजता है. उन्होंने बताया कि भगवा ध्वज हिंदू संस्कृति का प्रतीक है और इसे गुरु के समक्ष समर्पित करना सौभाग्य की बात है. भगवा ध्वज त्याग, बलिदान और शौर्य का प्रतीक है तथा यह अग्नि की शिखा की तरह तेज का द्योतक है. मुकेश राणा ने कहा कि संघ व्यक्ति निष्ठा के बजाय तत्व निष्ठा को प्राथमिकता देता है, और आज पूरे हिंदू समाज ने भगवा ध्वज को तत्व के रूप में स्वीकार कर लिया है. भगवा ध्वज भारतीय संस्कृति का एक मजबूत आधार स्तंभ है. उन्होंने इस मौके पर कहा कि भगवा ध्वज में समर्पण और साहस की भावना संजोई हुई है, जो समाज को एकजुट करने में सहायक है. कार्यक्रम में व्यक्तिगत गीत खंड कार्यवाह सुनील कुमार यादव ने प्रस्तुत किया, जबकि सामूहिक गीत सकलदेव राम ने गाया. अमृत वचन दिवाकर पांडेय ने लोगों को प्रेरित किया. मौके पर जिला प्रचार प्रसार प्रमुख विनोद कुमार बर्णवाल, प्रखंड मंत्री सतीश पांडेय, शशिकांत प्रसाद, अमरदीप शर्मा, रामेश्वर साव, बिनोद साव, अवधेश सिंह, मनोज यादव, प्रकाश मोदी, मनोज राणा और बासुदेव पांडेय सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे. यह कार्यक्रम हिन्दू संस्कृति और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भावना को मजबूत करने का माध्यम बना.

### डेंगू-चिकनगुनिया नियंत्रण को लेकर निगरानी योजना लागू

**हजारीबाग।** उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह के निर्देश पर डेंगू एवं चिकनगुनिया नियंत्रण को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने जिला स्तर पर सशक्त कार्ययोजना तैयार की है. इसके तहत शहरी क्षेत्र के फिक्स्ड साइट जैसे अस्पतालों एवं सरकारी कार्यालयों में नियमित वेक्टर सर्वे, लार्वा विनाशक उपचार एवं कीटनाशी छिड़काव किया जाएगा. साप्ताहिक कार्य योजना के अनुसार सोमवार से शनिवार तक क्षेत्रीय कार्यकर्ता विभिन्न स्थलों पर निगरानी कार्य करेंगे.रंजीत राम, चौहान राम और राजेश कुमार को क्रमशः मेडिकल कॉलेज, सदर अस्पताल, झील परिसर, बालिका आवासीय विद्यालय, समाहरणालय, एसपी कोठी, सिविल सर्जन कोठी, जज कॉलोनी जैसे स्थलों पर जिम्मेदारी दी गई है. बड़कागांव, चुरचू और सदर प्रखंडों में अगस्त-सितंबर के बीच चिन्हित गांवों में कीटनाशी छिड़काव किया जाएगा. शहरी क्षेत्र के सभी 36 वार्डों में उमेश कुमार एवं बिनोद कुमार ठाकुर के नेतृत्व में नियत तिथियों को छिड़काव कार्य होगा. लार्वा सर्वेक्षण एवं विनाशक कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए सभी कर्मियों को स्थल पर समय पर उपस्थिति का निर्देश दिया गया है.

## जयनगर में सर्पदंश से तीन लोग हुए अचेत, एक गंभीर

**कोडरमा।** जिले के जयनगर थाना क्षेत्र के तीन अलग-अलग गांवों में बीती रात सर्पदंश की तीन घटनाएं सामने आईं, जिनमें तीन लोग घायल हुए हैं. इनमें से एक व्यक्ति की स्थिति गंभीर बनी हुई है. पहली घटना बेरोगायां गांव की है, जहां 30 वर्षीय सुरेंद्र राणा, जो कि वेल्डिंग दुकान संचालक हैं, को विषैले रसैल वाइपर सांप ने डंस लिया. सुरेंद्र दुकान बंद कर बाहर खड़े थे, तभी अचानक वह सांप ने काट लिया. परिजन उन्हें तुरंत सदर अस्पताल कोडरमा लेकर गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें हजारीबाग मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है. दूसरी घटना परसाबाद गांव की है, जहां समोसा खाने निकले 22 वर्षीय गोपाल हेम्ब्रम को सांप ने काट लिया. गोपाल, जो मूल रूप से पश्चिम बंगाल के गिधनी, झारग्राम के निवासी हैं और वर्तमान में परसाबाद में रहते हैं, को उनके साथ मौजूद मित्रों ने तुरंत सदर अस्पताल पहुंचाया. चिकित्सकों के अनुसार, गोपाल की स्थिति फिलहाल खतरे से बाहर है. तीसरी घटना डंडाडीह गांव की है, जहां 12 वर्षीय अमित राणा को सांप ने डंस लिया. परिजन बच्चे को तुरंत सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसकी हालत नियंत्रण में बताई जा रही है. सर्पदंश की इन घटनाओं ने ग्रामीण क्षेत्रों में भय और चिंता का माहौल पैदा कर दिया है. स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से अनुरोध किया है कि प्रखंड स्तर पर एंटी-स्नेक वेनम की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित की जाए. साथ ही ग्रामीण इलाकों में सर्पदंश से बचाव के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाने की मांग की गई है ताकि ऐसे हादसों को रोका जा सके और समय पर इलाज मुहैया कराया जा सके. ग्रामीणों का कहना है कि यदि एंटी-वेनम और बचाव संबंधी जानकारी समय पर मिल जाए तो जान बचाई जा सकती है. इस प्रकार लगातार बढ़ रही सर्पदंश की घटनाएं ग्रामीण जीवन को प्रभावित कर रही हैं और इन्हें रोकने के लिए तत्काल कदम उठाना आवश्यक है.

## एक नजर



### चुरचू के वाड़ी किसानों ने किया पलांडू का भ्रमण

**हजारीबाग।** सेन्ट्रल कोल्डफील्ड लिमिटेड की सीएसआर योजना अंतर्गत बाएफ संस्था द्वारा संचालित उत्थान परियोजना के तहत चुरचू प्रखंड के 9 ग्रामों से चयनित वाड़ी किसानों का प्रत्यक्ष परिभ्रमण कार्यक्रम रांची स्थित पलांडू में संपन्न हुआ.इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को बंजर भूमि पर वाड़ी लगाकर आमदनी बढ़ाने के लिए प्रेरित करना है.परियोजना के तहत किसानों को आईसीएआर परिसर में विकसित वाड़ी का प्रत्यक्ष अनुभव कराया गया, जिससे वे अपने क्षेत्रों में भी इसी तरह वाड़ी विकसित कर सकें.बाएफ के कृषि अधिकारी राजीव कुमार और आकाश पात्रा ने जानकारी दी कि इस वर्ष भी 50 किसानों को 50-50 डिसिमल बंजर भूमि पर वाड़ी लगाने हेतु चुना गया है.इससे लगभग 25 एकड़ बेकार भूमि उपयोग में लाई जाएगी.प्रत्येक किसान को 20 अमरूद, 20 नींबू और 50 बॉर्डर पौधे उपलब्ध कराए जाते हैं.पौधारोपण के लिए प्रति गड्ढा 50 रुपये सीधे बैंक खाते में दिए जाते हैं.साथ ही, चैन लिंक फेंसिंग, खाद व दवाएं निःशुल्क मिलती हैं.कार्यक्रम में केंद्र प्रभारी बबलू पासवान सहित दर्जनों किसान व सीआरपी सदस्य मौजूद थे.

### राज्य सरकार भी झारखंड के पत्रकारों को पेंशन दे



**हजारीबाग।** नव झारखंड फाउंडेशन के केंद्रीय अध्यक्ष एवं समाजसेवी किशोरी राणा ने पत्रकारों के हित में झारखंड सरकार की निष्क्रियता पर नाराजगी जताते हुए बिहार सरकार की पत्रकार पेंशन योजना की सराहना की है.उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अपील की कि वे भी पत्रकारों के लिए गरिमापूर्ण और ठोस पेंशन योजना लाएं.किशोरी राणा ने कहा कि बिहार सरकार ने पत्रकारों के लिए पेंशन राशि को 6,000 से बढ़ाकर 15,000 रुपये कर दिया है.साथ ही पत्रकार की मृत्यु के बाद उनके आश्रितों को 10,000 रुपये प्रतिमाह की आजीवन पेंशन दी जाएगी. इसे उन्होंने ऐतिहासिक कदम बताया.राणा ने झारखंड सरकार से सवाल किया कि यहां के पत्रकार भी जान जोखिम में डालकर काम करते हैं, फिर उनके लिए अब तक कोई ठोस नीति क्यों नहीं बनी? उन्होंने कहा कि पत्रकारों के परिवार और बच्चे हैं, और सेवा निवृत्ति के बाद सम्मानजनक जीवन जीने का अधिकार उन्हें भी है.उन्होंने दो टूक कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने वाले पत्रकारों को पेंशन, सम्मान और सुरक्षा मिलनी चाहिए.बिहार ने मिसाल पेश की है, अब बारी झारखंड की है.

### डीएवी रजरप्पा के छात्र ने जेपीएससी में हासिल की सफलता




**रामगढ़ ।** डीएवी रजरप्पा के पूर्व छात्र मिथुन कुमार ने झारखंड लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा में शानदार सफलता हासिल कर विद्यालय और अपने परिवार का नाम रोशन किया है. ज्ञात हो कि सफल छात्र के पिता वर्तमान में सीसीएल रजरप्पा में पंप ऑपरेटर के पद पर कार्यरत हैं.उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधन और प्राचार्य डॉ एसके शर्मा ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी है.मौके पर झारखंड जोन डी के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह डीएवी विद्यालय के प्राचार्य डॉ एसके शर्मा ने कहा कि छात्र की यह सफलता हमारे स्कूल के लिए गर्व की बात है. उन्होंने विद्यालय में पढ़ाई के दौरान ही अपनी मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का परिचय दिया था.हम उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हैं.उक्त सफल छात्र ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों, माता-पिता और कड़ी मेहनत को दिया.

### मुन्ना सिंह के प्रयास से गुडवा में लगा नया ट्रांसफार्मर



**हजारीबाग।** सदर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी और कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने एक बार फिर अपनी सक्रियता और संवेदनशील नेतृत्व का परिचय दिया है. सखिया पंचायत अंतर्गत ग्राम गुडवा में बीते कुछ दिनों से ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण बिजली आपूर्ति पूरी तरह से बाधित थी, जिससे ग्रामीणों को भारी कठिनाई हो रही थी.शनिवार को जब मुन्ना सिंह को इस समस्या की जानकारी मिली, तो उन्होंने तत्काल संज्ञान लेते हुए अपने निजी मीडिया प्रतिनिधि विक्की कुमार धान को निर्देशित किया और विद्युत विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर समाधान की पहल की. उनके प्रयासों के फलस्वरूप कुछ ही घंटों में गांव में 100 केवीए का नया ट्रांसफार्मर स्थापित कर बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई. इस त्वरित कार्यवाही से सैकड़ों ग्रामीणों को राहत मिली. मौके पर दिनेश कुमार, अशोक कुमार, गौतम प्रसाद समेत कई ग्रामीण मौजूद थे. मुन्ना सिंह ने आश्वासन दिया कि क्षेत्र की अन्य समस्याओं के समाधान के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे.

### डीएवी बरकाकाना ने कारगिल शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**रामगढ़।** डीएवी पब्लिक स्कूल, बरकाकाना में कारगिल विजय दिवस बड़े ही श्रद्धा और देशभक्ति के साथ मनाया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य मोहम्मद मुस्तफा मजीद एवं एनसीसी सीटीओ श्री उत्पल द्वारा अमर जवान ज्योति पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया. इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स ने उन्हें सम्मानपूर्वक एस्कॉर्ट किया.कक्षा दसवीं की छात्रा अनुराधा ने कारगिल युद्ध के महत्व एवं शहीदों के बलिदान पर एक प्रेरक भाषण प्रस्तुत किया. इसके बाद कक्षा पांच के छात्रों ने देशभक्ति नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया. कक्षा तीसरा से पाँचवी के छात्रों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीत ने वातावरण को देशभक्ति से सराबोर कर दिया. इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य मोहम्मद मुस्तफा मजीद ने कहा, कारगिल विजय दिवस हमें हमारे वीर सैनिकों के अदम्य साहस और बलिदान की याद दिलाता है. हमें अपने देश के प्रति समर्पण, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा की भावना को हमेशा जीवित रखना चाहिए. इस अवसर पर विद्यालय में देशभक्ति का अद्भुत वातावरण देखने को मिला.

### रामगढ़ डीडीसी ने किया मनरेगा पार्क का निरीक्षण

**रामगढ़ ।** रामगढ़ जिला अंतर्गत मांडू प्रखंड के कुज्जू पूर्वी पंचायत मे मनरेगा के तहत निर्मित मनरेगा पार्क का निरीक्षण उप विकास आयुक्त रामगढ़ आशीष अग्रवाल ने किया . मनरेगा पार्क मे आम बागवानी योजना, कूप की योजना, तीसीबी की योजना, डोभा की योजना, तालाब की योजना, शेड की योजना आदि का निरिक्षण किया गया। मौके पर उपस्थित ग्राम रोजगार सेवक, मेट तथा बागवानी योजना के लाभुकों से बागवानी योजना से हो रहे लाभ के बारे मे विस्तार से चर्चा की गई. निदेशित किया गया की अधिक से अधिक इंटरक्रोपिंग फसलों को लगाकर अधिक से अधिक लाभ अर्जित किया जाय. मनरेगा पार्क की हमेशा साफ सफाई होते रहे एवं जो निर्धारित मानव दिवस का सृजन होना है वो लगातार चलता रहे. क्षेत्र भ्रमण के दौरान परियोजना पदाधिकारी फनीन्द्र गुप्ता, प्रखंड विकास पदाधिकारी मांडू, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक , एवं पंचायत के जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे.

## कार्रवाई

## मुख्य सरगना फरार,पुलिस ने बाइक, लैपटॉप समेत कई सामान किए जब्त

# 15 लाख की अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**शुभम संदेश। चतरा**



चतरा जिले के पत्थलगड्डा थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 15 लाख रुपये मूल्य की 3.260 किलोग्राम अफीम के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है. यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर ललकीमाटी रोड स्थित सिंघानी टोला में की गई.

गिरफ्तार तस्करों में मेराल गांव निवासी सोनू कुमार यादव उर्फ प्रमोद यादव और तेतरिया गांव निवासी पियूष कुमार शामिल हैं. पियूष वर्तमान में हजारीबाग जिला के पेलावल थाना क्षेत्र के शिवपुरी गली में रह रहा था. गिरफ्तार आरोपियों के पास से पुलिस ने एक बाइक, दो लैपटॉप, तीन मोबाइल फोन, एक वजन मापने की मशीन, स्टील का डब्बा, एक काला बैग, पांच एटीएम कार्ड, आधार कार्ड और आरसी कार्ड जब्त किया है. समाहरणालय स्थित कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने इस पूरे मामले की जानकारी दी. एसपी ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि ललकीमाटी रोड पर अफीम की खरीद-बिक्री हो रही है. सूचना मिलते ही सिमरिया एसडीपीओ शुभम कुमार खंडेलवाल के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया. टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बाइक सवार सोनू कुमार को पकड़ा. उसकी तलाशी के दौरान एक किलो अफीम बरामद हुई. पूछताछ में सोनू ने अन्य तस्करों की जानकारी दी, जिसके आधार पर एक टीम को हजारीबाग के पेलावल क्षेत्र भेजा गया.

वहां से पुलिस ने 2.260 किलोग्राम अफीम के साथ पियूष कुमार को गिरफ्तार किया. पूछताछ में खुलासा हुआ कि यह अफीम खुटी जिले से लाया गया था. वहीं, इस तस्करी गिरोह का मुख्य सरगना हरिश कुमार फिलहाल फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापामारी की जा रही है. इस संबंध में पत्थलगड्डा थाना कांड संख्या 30/25 के तहत एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर दोनों गिरफ्तार तस्करों को जेल भेज दिया गया है. पुलिस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की गिरफ्तारी को लेकर भी अभियान चला रही है. छापेमारी टीम में एसडीपीओ शुभम कुमार खंडेलवाल, पत्थलगड्डा थाना प्रभारी राकेश कुमार, एसआई विजय कुमार, अरविंद कुमार रविदास, एएसआई घनश्याम प्रसाद सिंह समेत जिला बल के कई जवान शामिल थे.

### एएनएम का हुआ स्थानांतरण स्वास्थ्य उप केंद्र बिरसोडीह में

**कोडरमा।** सिविल सर्जन कार्यालय कोडरमा द्वारा जारी पत्रांक 877, दिनांक 26 जुलाई के तहत आयुष्मान आरोग्य मंदिर में पदस्थापित एएनएम नीलू कुमारी का स्थानांतरण स्वास्थ्य उप केंद्र बिरसोडीह कर दिया गया है. संबंधित अधिकारी ने निर्देश दिया है कि नीलू कुमारी को इस आदेश के प्राप्त होने के तीन दिनों के भीतर अपने नव पदस्थापन स्थल पर उपस्थित होकर योगदान देना अनिवार्य है. यह स्थानांतरण स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने और क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं के सुचारू संचालन के लिए किया गया है. नीलू कुमारी से अपेक्षा है कि वे अपनी नई जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा और तत्परता से निभाएं ताकि ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हो सके. कोडरमा जिला प्रशासन ने सभी संबंधित अधिकारियों को इस स्थानांतरण की जानकारी दे दी है और आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं.

## ब्रीफ न्यूज

### पत्निहंता को उम्रकैद की सजा, जुर्माना भी ठोका

**सिमडेगा ।** महाबुआंग थाना क्षेत्र में पत्नी की हत्या के मामले में सिविल कोर्ट सिमडेगा ने आज बड़ा फैसला सुनाया है. पीडीजे राजीव कुमार सिन्हा की अदालत ने आरोपी ग्राबियल टोपनो को अपनी पत्नी अलियानी बडिंग की हत्या का दोषी मानते हुए उम्रकैद और 20,000 जुर्माने की सजा सुनाई है. लोक अभियोजक अमर चौधरी के अनुसार, घटना 14 अक्टूबर 2022 की रात की है, जब किसी बात को लेकर ग्राबियल ने अपनी पत्नी के साथ मारपीट की. गंभीर चोटों के कारण 15 अक्टूबर की सुबह अलियानी की मौत हो गई थी ।घटना के बाद मृतका के परिजनों ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी, जिसके बाद पुलिस ने ग्राबियल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था.

### वर्षा से गिरा घर, मलवे में दब कर वृद्ध की हुई मौत

**गुमला।** लगातार हो रही मूसलाधार वर्षा से शुक्रवार की शाम पालकोट थाना क्षेत्र के बुजीटोली गांव में एक घर गिर गया. घर के मलवा में दबने से गृहस्वामी 58 वर्षीय वृद्ध रोपना खड़िया की मौत हो गई. जानकारी के अनुसार मृतक रोपना खड़िया घर में अकेले था. शुक्रवार की रात खाना खाने के बाद घर के ढाबा में सो गया. आधी रात मूसलाधार बारिश शुरु हुई. इसी बीच घर का दीवार भर भरा कर गिर गया और रोपना खड़िया मलबे में दब गया. शनिवार की सुबह स्थानीय ग्रामीण ने गिरे घर के मलबे से रोपना खड़िया के शव को बाहर निकाला. घटना की जानकारी मुखिया कमला देवी और पालकोट थाना को दी गई.

### हिचकी नहीं रुकने पर वृद्ध ने काटा गला, रिम्स रेफर

**गुमला।** दो दिनों से हो रही हिचकी जब रुकने का नाम नहीं ले रहा था तब वृद्ध ने चाकू से अपना गला रेत लिया. घटना गुमला थाना क्षेत्र के टैंसेरा गांव की है. शुक्रवार को दिन के लगभग दो बजे 66 वर्षीय वृद्ध इंदर साहु ने अपने गला को रेत लिया. घटना के समय घर पर कोई नहीं थर. खेत से लौटने पर उसकी पत्नी ने देखा कि इंदर साहु खून से लतपथ है और जमीन पर गिरा हुआ है. उसने तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टर ने रिम्स रेफर कर दिया. घायल इंदर का पुत्र कृष्णा साहु ने बताया कि उसके पिताजी बीमार हैं. दो तीन दिन से लगातार हिचकी आ रहा थी. गांव में झोला छाप डाक्टर से दवा दिया था लेकिन हिचंकी बंद होने का नाम नहीं ले रहा था.

### दुष्कर्म का आरोपी युवक गोवा से हुआ गिरफ्तार

**गुमला ।** बिशुनपुर थाना क्षेत्र के युवती को शादी का झांसा देखकर दुष्कर्म के बाद गर्भपात करवाने के आरोपी घाघरा निवासी 28 वर्षीय अमित उरांव को महिला थाना की पुलिस ने गोवा से गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया. जानकारी के अनुसार कुछ वर्ष पूर्व से दोनों के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था. अमित ने शादी का झांसा देकर यौन संबंध बनाया. जिससे युवती गर्भवती हो गई. युवक ने युवती का गर्भपात करा दिया और शादी से इंकार कर दिया. युवती ने महिला थाना में अमित के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी.

### संजीव कुमार मिश्रा बने सांसद प्रतिनिधि

**पिपरवार (टंडवा)।** भारतीय जनता पार्टी के चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने पिपरवार मंडल के सक्रिय कार्यकर्ता एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा को सांसद प्रतिनिधि के रूप में मनोनीत किया है.

### बसिया में एकलव्य मॉडल विद्यालय का मंत्री चमरा लिंडा ने किया उदघाटन

# विद्यालय परिसर में शीघ्र बनेगा बेहतर खेल मैदान : मंत्री



**शुभम संदेश. गुमला**

राज्य के अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री चमरा लिंडा ने कहा है कि व्यक्ति के विकास और कैरियर निर्माण में खेल और पढ़ाई दोनों एक दूसरे के पूरक हैं. उन्होंने बसिया में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय का उद्घाटन करते हुए स्कूली बच्चों के लिए विद्यालय परिसर में बेहतर खेल मैदान बनाने की घोषणा की. कहा कि गुमला के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय एवं अंतर राष्ट्रीय स्तर पर झारखंड का नाम रौशन किया है. शिक्षा और खेल दोनों ही बच्चों के शारीरिक मानसिक बौद्धिक विकास एवं कैरियर निर्माण में सहायक होता है. इस अवसर पर मंत्री ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया और कहा कि पर्यावरण ही जीवन का आधार है. स्कूली बच्चों के बीच साइकिल का भी वितरण किया. विद्यालय के घोष दल द्वारा मंत्री चमरा लिंडा, विधायक जिग्गा सुसारण होरो का स्वागत किया. स्वागत गान और दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई. मंत्री ने उच्च शिक्षा की सुविधा के लिए दसवीं और बारहवीं के सफल विद्यार्थियों के लिए कोचिंग की व्यवस्था शुरू करने की बात कही. उन्होंने बच्चों को पढ़ाई के प्रति मेहनत करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि शिक्षक ही विद्यालय की नींव होते हैं. सिसई के विधायक जिगा सुसारन होरो ने विद्यालय की प्रशंसा की और बेहतर शिक्षा की बात की उम्मीद जताया. विभागीय सचिव कृपानंद झा, उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए मंत्री व विधायक का स्वागत किया. उपायुक्त ने कहा कि विद्यालय में बच्चों के बुनियादी सुविधा जल्द बहाल की जाएगी. उन्होंने बरसात के मौसम में पौधारोपण करने की सलाह दी. इस अवसर पर मनभावन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया. बीआईटी सिंदरी में नामांकित छात्र सुधीर उरांव को सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में उपविकास आयुक्त दिलेश्वर् महतो, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, विद्यालय के प्रधानाचार्य आदि उपस्थित थे.

# पीएलएफआई के दो उग्रवादी गिरफ्तार



**शुभम संदेश . लोहरदगा**

राज्य संपोषित योजना से बनने वाले मदरसा चौक से लेकर ऐडादोन तक सड़क मजबूतीकरण कार्य के संवेदक से पीएलएफआई उग्रवादी संगठन के नाम पर लेवी लेने पहुंचे दो उग्रवादियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर शनिवार को लोहरदगा जेल भेज दिया. पकड़े गए आरोपियों के पास से नगद 15 हजार रुपए, एक बाइक एवं दो मोबाइल जब्त किया गया है. कुड़ थाना में आयोजित प्रेस वार्ता में किस्को अंचल के एसडीपीओ वेदांत शंकर ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य के संवेदक से पीएलएफआई उग्रवादी संगठन के नाम पर लेवी की मांग की जा रही थी.

सड़क निर्माण कार्य के एक कर्मी से लगातार लेवी के रूप में पांच लाख रुपए की मांग की जा रही थी नहीं देने पर मशीनो में आग लगाने और जान माल का नुकसान करने की धमकी दी जा रही थी. इसी दौरान एक बाइक पर सवार होकर दो आरोपित मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के दुल्ली गांव निवासी रूपेश मुंडा और चान्हो थाना क्षेत्र के चामा रमदगा गांव निवासी भरत कुमार साहू कुड़ू चान्हो थाना की सीमा पर स्थित मदरसा चौक पहुंचे. पुलिस को देखते ही दोनों आरोपित तेजी से बाइक लेकर भागने लगे. पुलिस ने दोनों को खदेड़ कर पकड़ लिया. तलाशी के क्रम में आरोपितों के पास से नगद 15 हजार रुपए, दो मोबाइल फोन और लेवी वसुलने में इस्तेमाल होने वाली बाइक जब्त की गई. एसडीपीओ ने बताया कि जिले को अपराध और उग्रवाद मुक्त करने को लेकर लगातार पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस का अभियान जारी है. थाना क्षेत्र में उग्रवादियों को सरंक्षण और शरण देने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने कहा कि पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि लेवी वसुलने के पीछे और किन - किन उग्रवादियों का हाथ है. पुलिस ने दोनों को लोहरदगा जेल भेज दिया है. पुलिस शिकंजे में फंसे एक आरोपित रूपेश मुंडा का पुर्व से अपराधिक इतिहास रहा है. रूपेश मुंडा रांची जिले के मैक्लुस्कीगंज थाना में हत्या, अपहरण, आर्म्स एक्ट एवं लेवी को लेकर धमकाने तथा आगजनी का मामला दर्ज है. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

# झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य का कुड़ू में हुआ जोरदार स्वागत



**शुभम संदेश ।कुड़ू**

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य का कुड़ू में गर्मजोशी से स्वागत किया गया. यह स्वागत झामुमो लोहरदगा जिला सचिव अनिल उरांव के नेतृत्व में किया गया, जब श्री भट्टाचार्य शनिवार को कानपुर यात्रा के क्रम में कुड़ू में अल्पविराम के लिए रूके. इस विशेष मौके पर झामुमो के कार्यकर्ताओं ने एकजुटता और संगठनात्मक ऊर्जा का परिचय दिया.

पार्टी के युवा मोर्चा अध्यक्ष अजय उरांव, रोशन ठाकुर, फारूक अहमद, साकिर हुसैन, सफरोज आलम, लालू लोहार, मुस्ताक अंसारी, गुड्डू अंसारी, सलीम अंसारी, जूनाब आलम समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे. सुप्रियो भट्टाचार्य ने कार्यकर्ताओं से अनौपचारिक मुलाकात में संगठन को मजबूत करने पर बल दिया और कार्यकर्ताओं की सक्रियता की सराहना की. उन्होंने कहा कि झामुमो की ताकत जमीनी कार्यकर्ता हैं, और इसी ऊर्जा से राज्य में विकास और जनहित की राजनीति को मजबूती मिलती है. कार्यकर्ताओं की इस उपस्थिति और जोश ने यह संकेत दे दिया कि लोहरदगा और कुड़ू क्षेत्र में झामुमो की पकड़ मजबूत हो रही है. यह स्वागत आयोजन ने स्थानीय स्तर पर संगठन को नई दिशा देने का भी काम किया.

# सरला बिरला विश्वविद्यालय में टॉक सीरीज का आयोजन



**शुभम संदेश।नामकुम**

सरला बिरला विश्वविद्यालय में 'सुपर सैटरडे फैकल्टी एंपावरमेंट टॉक सीरीज़ – भाग 5' के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसमें इंटेलेक्ट डिज़ाइन एरिना लिमिटेड के ऑपरेशंस हेड – एशिया पैसिफिक, आर. एन. नागराज प्रसाद ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया. उन्होंने 'ट्रांसफॉर्मेशन यूजिंग डिजाइन थिंकिंग' विषय पर अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया. प्रसाद ने बताया कि डिज़ाइन थिंकिंग एक ऐसा तरीका है, जो नवीन सोच और विचारों के माध्यम से समस्याओं के समाधान में मदद करता है. यह न केवल नए उत्पादों के निर्माण में सहायक है, बल्कि समाज और लोगों के जीवन में भी सकारात्मक परिवर्तन लाता है. उन्होंने अरविंद आई हॉस्पिटल, जयपुर फुट और व्हाट्सऐप जैसे उदाहरणों के माध्यम से यह स्पष्ट किया कि डिज़ाइन के सिद्धांतों को अपनाकर प्रभावशाली और उपयोगी नवाचार किए जा सकते हैं. उन्होंने भारत में प्रचलित ₹जुगाड़₹ की परंपरा को भी डिज़ाइन थिंकिंग का ही एक स्वरूप बताया. डिज़ाइन की पाँच प्रमुख बातों – कौशल, अनुभव, सोचने का नजरिया, नया विचार और सही दिशा में काम करने – का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि किसी नई पहल को लागू करने में विभिन्न प्रकार की चुनौतियां आ सकती हैं. कार्यक्रम का संचालन गगनदीप चड्ढा ने किया. कार्यक्रम के अंत में एक संवादात्मक प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किया गया. कुलपति प्रो. सी. जगनाथन ने प्रसाद का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से नई सोच और नवाचार को लगातार प्रोत्साहित करता रहेगा.

### तेज रफ्तार कोल वाहन की चपेट में आने से मवेशी की हुई मौत

**पिपरवार (चतरा)।** पिपरवार क्षेत्र के बिलारी गांव में शनिवार की सुबह एक तेज रफ्तार कोल वाहन की चपेट में आकर मवेशी की दर्दनाक मौत हो गई. यह हादसा शिव मंदिर के समीप हुआ, जहां सड़क पार कर रहा मवेशी मौके पर ही दम तोड़ बैठा. मृत मवेशी गांव निवासी नरेश महतो का बताया जा रहा है. घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जमा हो गए. आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे और कोल वाहनों के तेज रफ्तार परिचालन पर रोक लगाने की मांग को लेकर पिपरवार-टंडवा मुख्य मार्ग को जाम कर दिया. इससे दोनों ओर कोल वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात पूरी तरह बाधित हो गया. ग्रामीणों का आरोप है कि घनी आबादी वाले क्षेत्र में लगातार तेज रफ्तार से कोल वाहन चलाए जा रहे हैं, जिससे अब तक कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं और जान-माल का नुकसान हो चुका है. उनका कहना है कि कई बार प्रशासन को शिकायत दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया. घटना की जानकारी मिलने पर पिपरवार पुलिस और ट्रांसपोर्टिंग कंपनियों के प्रतिनिधि मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से बातचीत कर मामला शांत कराया.

# स्कूली बच्चों में बैग और पाठ्य सामग्री वितरित



**शुभम संदेश।पिपरवार**

सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन द्वारा सीएसआर (कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) योजना के अंतर्गत बेंती पंचायत के विभिन्न विद्यालयों में स्कूली बच्चों के बीच स्कूल बैग और पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया. इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बेंती पंचायत की मुखिया सरिता देवी उपस्थित रहीं. उन्होंने खुद बच्चों को स्कूल बैग व कॉपियां वितरित कीं. प्राप्त जानकारी के अनुसार, नवसृजित प्राथमिक विद्यालय जोबिया, न्यू मॉर्डन इंग्लिश मीडियम स्कूल न्यूमंगरदाहा, नेहरू आदर्श विद्यालय बेंती और उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय बेंती के जरूरतमंद और असहाय बच्चों को यह सामग्री प्रदान की गई. बच्चों को स्कूल बैग मिलने के बाद उनके चेहरों पर खुशी और उत्साह साफ देखा गया. मौके पर मुखिया सरिता देवी ने कहा कि गरीब और जरूरतमंद बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे. उन्होंने सीसीएल प्रबंधन के इस सहयोग की सराहना की और कहा कि इससे बच्चों का मनोबल बढ़ेगा तथा वे और बेहतर पढ़ाई कर सकेंगे. इस अवसर पर शिक्षक सुरेश प्रसाद, हरिश्चंद्र गंझू, नागेंद्र कुमार, सुनील केशरी, समाजसेवी गणेश भुइयाँ, अजय प्रजापति, विजय टोप्पो समेत कई गणमान्य लोग, अभिभावक व स्कूली बच्चे उपस्थित थे.

## मांडर

### प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लाभुकों के बीच मंत्री ने किया मुआवजा राशि का वितरण

# जनता के बीच काम करना अच्छा लगता है: नेहा तिर्की



**शुभम संदेश।मांडर**

प्रखंड कार्यालय परिसर में राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने सड़क दुर्घटना तथा प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लाभुकों के बीच मुआवजा राशि का वितरण किया. मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि हेमंत सोरेन के कैबिनेट में कृषि, पशुपालन और सहकारिता मंत्री के रूप में उनकी जिम्मेदारी मांडर के प्रति हमेशा बनी रहेगी. उन्होंने कहा कि मांडर की जनता के बीच आकर काम करना उन्हें बहुत अच्छा लगता है. मंत्री ने बताया कि उनके राजनीतिक सफर और उपलब्धियां मांडर की जनता के आशीर्वाद से संभव हो पाईं हैं. उन्होंने कहा कि राज्य में गठबंधन सरकार ने हर वर्ग, समाज और तबके के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं. जरूरत है कि आम जनता इन योजनाओं के प्रति जागरूक हो. उन्होंने कहा कि लाभुकों को योजनाओं का लाभ पाने के लिए बिचौलियों से बचना चाहिए. कई बार योजना के नाम पर गांव के भोले-भाले लोगों से अवैध राशि वसूली जाती है या ऑनलाइन फर्जी धनराशि निकासी की जाती है.

इस अवसर पर मंत्री ने 131 छात्राओं को साइकिलें वितरित कीं. 15 लाभुकों को अबुआ आवास योजना के तहत गृह प्रवेश की चाबी और सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के लाभुकों को वस्त्र भी प्रदान किए. आपदा प्रबंधन विभाग ने वर्ष 2023 से 2024 के बीच सड़क दुर्घटना, पानी में डूबने और सर्पदंश से हुए मृतकों के आश्रितों को मुआवजा राशि प्रदान की है. सड़क दुर्घटना में मृतकों के आश्रितों को 1 लाख रुपए और पानी में डूबने तथा सर्पदंश से हुए मृतकों के आश्रितों को 4 लाख रुपए की राशि वितरित की गई. स्कूल जाने वाली छात्राओं को कल्याण विभाग द्वारा साइकिल मिलने से उनके चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी.

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने स्पष्ट किया कि योजना लाभार्थी को अपना अंशदान केवल एस्क्रो एकाउंट के माध्यम से देना होता है, जिससे धोखाधड़ी से बचा जा सके. उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव के दौरान कुछ दल धर्म की राजनीति करते हैं, जिनका क्षेत्र की जनता और विकास से कोई लेना-देना नहीं होता. उनका व्यक्तिगत लक्ष्य बच्चों की शिक्षा, बुजुर्गों के लिए दवाई, महिलाओं को सम्मान, युवाओं को रोजगार और क्षेत्र के समग्र विकास पर केंद्रित है. इस अवसर पर अंचलाधिकारी चंचला, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मंगा उरांव, प्रखंड प्रमुख फिलीप सहाय एक्का, अमानत अंसारी, नसीम अंसारी, जमील मल्लिक, सेराफिना मिंज, सरिता तबारक खान, बेलस टोप्पो, सुका उरांव और संजय तिग्गा समेत अन्य कई गणमान्य लोग उपस्थित थे. यह कार्यक्रम मांडर के विकास और आम जनता के कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है. मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की का यह संदेश भी साफ था कि विकास के लिए सभी वर्गों को साथ लेकर चलना आवश्यक है और योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना प्राथमिकता होनी चाहिए.

### राष्ट्रीय सचिव बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

**पिपरवार।** राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन (आरकेएमयू) के महामंत्री राजेश कुमार सिंह को हिन्द खदान मजदूर फेडरेशन का राष्ट्रीय सचिव तथा देवेन्द्र सिंह को वर्किंग कमेटी का सदस्य बनाए जाने पर पिपरवार क्षेत्रीय कमेटी ने हर्ष जताते हुए उन्हें बधाई दी है. इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष केके चतुर्वेदी, क्षेत्रीय सचिव भीम प्रसाद मेहता सहित कई यूनियन नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं दीं. बधाई देने वालों में बिनोद कुमार, लखन साव, केएम दुबे, आशीष तिवारी, विकास दुबे, सुखी गझूं, रतन लाल, श्याम नारायण चौधरी, मिंटू कुमार, मुबारक अंसारी, बबलू गरेरी, सुरेन्द्र भोगता, संजय ठाकुर और श्याम सुंदर महतो प्रमुख रूप से शामिल रहे. यूनियन कार्यकर्ताओं ने इसे संगठन के लिए गर्व का क्षण बताया और उम्मीद जताई कि राजेश सिंह के नेतृत्व में मजदूरों की आवाज और मजबूत होगी.

## एक नजर

### मिशनरियों के प्रभाव में है राज्य सरकार : शिवशंकर उरांव



**गुमला।** राज्य में अटल मुहल्ला क्लिनिक का नाम बदलकर मदर तेरेसा क्लिनिक किए जाने के झारखंड सरकार के लिए गए निर्णय का प्रदेश भाजपा एसटी मोर्चा के अध्यक्ष सह पूर्व विधायक शिवशंकर उरांव ने विरोध किया है. उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि झामुमो, कांग्रेस व राजद गठबंधन का यह सरकार ईसाई मिशनरियों के प्रभाव है. हेमंत सोरेन सरकार के इस निर्णय से राज्य की जनता आहत है. उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि अटल क्लिनिक के नाम बदलने का प्रस्ताव को तत्काल वापस लें. कहा कि पूर्ववर्ती हेमंत सरकार ने विधानसभा में मुस्लिम कर्मचारियों के लिए नमाज पढ़ने के एक कमरे का आवंटन किया था एक ऐतिहासिक घटना थी. अब अटल मोहल्ला क्लीनिक का नाम बदलना राज्य में ईसाई धर्म का प्रभाव को बढ़ाने का संकेत है. यह अल्पसंख्यक तुष्टीकरण की नीति का एक प्रत्यक्ष उदाहरण है. उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी सभी धर्म, समुदायों के सम्मानित नेता रहे हैं। झारखंड को अलग राज्य का दर्जा भी दिया है. वहीं मदर टेरेसा ने जरूरतमंदों की सेवा कर ईसाई धर्म का प्रचार किया और राज्य में अपना पांव पसारने का काम किया है. सरकार यह निर्णय वापस लें नहीं तो भाजपा एसटी मोर्चा विरोध में राज्यव्यापी धरना प्रदर्शन करेगा.

### गुमला -पालकोट रोड पर गिरा पेड़, आवागमन बाधित



**गुमला ।** गुमला पालकोट रोड में रौनियार भवन के सामने विशाल गुलमोहर का वृक्ष गिर गया. वृक्ष के गिरने से रोड जाम हो गया. पेड़ की डाली से सामने का बिजली और केबल तार आदि टूट कर बिखर गया. जिस समय पेड़ गिरा उस समय वर्षा हो रही थी जिस कारण रोड में लोगों का आवागमन बंद था. जिस कारण जान माल की क्षति नहीं हुई. लेकिन लगभग एक घंटे तक आवागमन बाधित हो गया. गुमला चेंबर आफ कामर्स के अध्यक्ष राजेश सिंह के पहल पर रोड से पेड़ का डाली को काट कर हटाया गया. उसके बाद से पालकोट रोड में आवागन आरंभ किया गया.

### एनसीसी कैडेटों ने कारगिल शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**गुमला।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शनिवार को डीएवी स्कूल गुमला के 18/46 झारखंड बटालियन एनसीसी के कैडेटों ने वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की. 46 झारखंड बटालियन के कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल पी बी शर्मा ने श्रद्धांजलि कार्यक्रम के आयोजन के लिए विद्यालय को बधाई दी. कहा कि हमारा तिरंगा हवाओं से नहीं, बल्कि उसके शान की खातिर सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर जवानों की अंतिम सांसों से लहराता है. 3 मई से 26 जुलाई 1999 के बीच कारगिल युद्ध में 527 जवान शहीद हुए थे और 1,363 जवान घायल हुए थे और अपने साहस व पराक्रम से पाकिस्तान को धूल चटा कर भारत को विजय दिलायी थी. डीएवी गुमला के प्रधानाचार्य डॉ. रमाकांत साहु ने कहा कि कारगिल युद्ध में हमारे प्रत्येक जवान के बलिदान पर हमारा आज का भविष्य टिका हुआ है. उन्होंने इस युद्ध में शहीदों द्वारा दर्शाए गए शौर्य और सर्वोच्च बलिदान की परंपरा का जिक्र किया, जिसे हर भारतीय सैनिक तिरंगे के समक्ष शपथ लेता है.सहायक एनसीसी अधिकारी सेकेंड ऑफिसर अभिजीत झा ने वीर जवानों के शौर्य को याद करते हुए शहीदों को नमन किया.

### ग्रामीण विकास में योगदान के लिए डॉ. मयंक मुरारी सम्मानित



**नामकुम।** झारखंड के प्रख्यात चिंतक, लेखक और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में सक्रिय डॉ. मयंक मुरारी को सृजनात्मक लेखन और समाज सेवा में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया है. यह सम्मान उन्हें मीडिया संस्था 'जुझारू' द्वारा आयोजित समारोह में प्रदान किया गया. कार्यक्रम में झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर और प्रसिद्ध साहित्यकार ऋ्षा शुक्ल ने डॉ. मुरारी को सम्मानित किया. इस अवसर पर डॉ. मुरारी ने कहा कि यह सम्मान उन्हें समाज और देश के लिए और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा. डॉ. मुरारी पिछले तीन दशकों से लेखन और सामाजिक कार्यों में सक्रिय हैं. उन्होंने अब तक 18 पुस्तकें और 700 से अधिक लेख व रिपोर्टें राष्ट्रीय पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित की हैं. वर्तमान में वह उषा मार्टिन लिमिटेड में सीएसआर और पीआर विभाग के महाप्रबंधक के रूप में कार्यरत हैं. पिछले 15 वर्षों से वे झारखंड के गांवों में टिकाऊ विकास के लिए समर्पित हैं.

### तमाड़ के दो छात्र झारखंड प्रशासनिक सेवा परीक्षा में हुए सफल



**तमाड़।** प्रखंड से दो प्रतिभाशाली अभ्यर्थियों ने झारखंड प्रशासनिक सेवा परीक्षा में शानदार सफलता हासिल कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है. गरीब मजदूर किसान परिवार से आने वाले नूरीडीह के गोबर्धन मुंडा के सुपुत्र विष्णु मुंडा और मानकीडीह के सुजीत कुमार मुंडा ने इस परीक्षा में अपनी मेहनत और समर्पण से एक नया इतिहास रच दिया है. विष्णु मुंडा, जो एक हाथ से विकलांग हैं, ने पहले ही प्रयास में सफलता हासिल कर अपनी माता कमलिनी देवी और गांव के लोगों का गौरव बढ़ाया है. विष्णु ने तमाड़ के आमलेशा स्थित जीईएल चर्च मिशन से अपनी प्रारंभिक शिक्षा ग्रहण की. इसके बाद उन्होंने तमाड़ के सलगाडीह स्थित इंटर कॉलेज से इंटरमीडिएट की पढ़ाई पूरी की और स्नातक की डिग्री बुंडू के पंचपरगना किसान कॉलेज से प्राप्त की. एमए की डिग्री उन्होंने विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग से इतिहास विषय में पूरी की. विष्णु ने अपनी विकलांगता को कभी अपने रास्ते में बाधा नहीं बनने दिया और कड़ी मेहनत से अपने सपनों को साकार किया.

### मांडर कॉलेज में मनाई गई कारगिल विजय दिवस की 26वीं वर्षगांठ



**मांडर।** मांडर कॉलेज मांडर में शनिवार को कारगिल विजय दिवस की 26वीं वर्षगांठ बड़े ही श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई. इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य प्रो. गावां तिग्गा ने कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें देश की प्रेरणा बताया. उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले सैनिकों का बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा. इस विशेष मौके पर एनसीसी कैडेट्स ने पेंटिंग और रंगोली के माध्यम से वीर जवानों के साहस, शौर्य और शहादत को भावभीनी श्रद्धांजलि दी. कार्यक्रम में परीक्षा नियंत्रक डॉ. के. पी. शाही, एनसीसी अधिकारी डॉ. अनसेलम मिंज, डॉ. विवेक शाही, डॉ. नीलम कुमारी, डॉ. ममता कुमारी, प्रो. सेनेल टेटे, प्रो. दिव्या कुमारी और अजीत एक्का सहित कॉलेज के लगभग 50 एनसीसी कैडेट्स मौजूद थे. कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति की भावना को जागृत करना और सैनिकों के बलिदान को सम्मान देना था. पूरा माहौल राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगा नजर आया.

### कारगिल विजय दिवस पर नामकुम में तिरंगा यात्रा

**नामकुम।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, रांची के तत्वावधान में शुक्रवार को 26वें कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में नामकुम में भव्य तिरंगा यात्रा और भारत माता पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत आरडीएस पब्लिक स्कूल, नामकुम से हुई, जहां से तिरंगा यात्रा निकाली गई. यात्रा नामकुम बाजार, महाराणा प्रताप चौक, सदाबहार चौक और चाय बागान होते हुए विद्यालय परिसर में समाप्त हुआ.

# कैसे आएगी बिहार में औद्योगिक जागृति?

**मंथन**

## झारखंड में एक और सैनिक स्कूल की पहल

मुख्य सचिव अलका तिवारी द्वारा झारखंड में एक अतिरिक्त सैनिक स्कूल स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश न केवल राज्य की शिक्षा व्यवस्था को मजबूती देंगे, बल्कि राष्ट्र निर्माण की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम साबित होंगे. वर्तमान में तिलैया स्थित सैनिक स्कूल राज्य का एकमात्र ऐसा संस्थान है, जो छात्रों में अनुशासन, नेतृत्व और देशभक्ति जैसे गुणों का विकास करता है. तिलैया सैनिक स्कूल में 875 छात्र पढ़ाई कर रहे हैं, जो देश के अन्य सैनिक स्कूलों की तुलना में सबसे अधिक है. यह आंकड़ा स्पष्ट करता है कि झारखंड में ऐसे संस्थानों की भारी मांग है. देश के कई राज्यों में दो सैनिक स्कूल संचालित हो रहे हैं, ऐसे में झारखंड में एक और सैनिक स्कूल की जरूरत समय की मांग बन गई है. इससे न केवल अधिक छात्रों को सैन्य प्रशिक्षण आधारित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर मिलेगा, बल्कि ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों के होनहार छात्रों को भी आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त होगा. मुख्य सचिव द्वारा तिलैया सैनिक स्कूल की आधारभूत आवश्यकताओं को प्राथमिकता देने का आश्वासन इस बात का प्रमाण है कि राज्य सरकार इन संस्थानों को केवल प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि उद्देश्यपूर्ण दृष्टि से देख रही है. यह पहल न केवल युवाओं को सेना में सेवा के लिए प्रेरित करेगी, बल्कि उनके भीतर आत्मानुशासन, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र के प्रति समर्पण को भी मजबूत करेगी. झारखंड में एक और सैनिक स्कूल की स्थापना राज्य के लिए गौरव की बात होगी और यह कदम राष्ट्रीय सुरक्षा की नींव मजबूत करने के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में राज्य की प्रतिष्ठा को भी नई ऊंचाई प्रदान करेगा.

**नजरिया**

## हजारीबाग में हमारी विरासत व सामाजिक सौहार्द पर हमला

हजारीबाग के सेंट कोलंबस कॉलेज के सामने स्थित ऐतिहासिक केबी सहाय पार्क में असामाजिक तत्वों द्वारा पूर्व सीएम स्वर्गीय केबी सहाय की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किया जाना न केवल शर्मनाक है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक सौहार्द पर सीधा प्रहार है. सहाय झारखंड-बिहार के राजनीतिक इतिहास की सम्मानित शख्सियत रहे हैं. उनकी मूर्ति को नुकसान पहुंचाकर उनकी स्मृति को अपमानित करने का दुस्साहस, समाज में वैमनस्य फैलाने की सोची-समझी साजिश भी हो सकती है. इस घटना ने हजारीबाग के नागरिकों को आहत किया है और उनके आक्रोश को स्वाभाविक रूप से जन्म दिया है. प्रशासन द्वारा त्वरित संज्ञान लेना और पुलिस निगरानी बढ़ाना एक स्वागतयोग्य कदम है, लेकिन यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि दोषियों को जल्द से जल्द पहचानकर सख्त सजा दी जाए. केवल आश्वासन नहीं, कार्रवाई ही समाज के विश्वास को पुनर्स्थापित कर सकती है. स्थानीय लोग इस मूर्ति को एक स्मारक से कहीं अधिक, प्रेरणा का प्रतीक मानते हैं. इसलिए ऐसी घटनाएं केवल एक प्रतिमा को नहीं, बल्कि पीढ़ियों की भावनाओं को चोट पहुंचाती हैं. अब समय है कि प्रशासन, सामाजिक संगठन और आम लोग मिल कर यह संदेश दें कि कोई भी व्यक्ति, चाहे वह कितना भी कट्टर या असामाजिक क्यों न हो, हमारी विरासत, एकता और इतिहास को खंडित नहीं कर सकता. ऐसी घटनाओं के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति ही उचित उत्तर होगी.

निशिकांत ठाकुर



बिहार में आए दिन हो रही हत्याएं राजनीतिक ही कही जाएंगी.

**देश के जो राज्य विकास की बुलंदियों पर हैं, उनके कई कारणों में एक कारण वहां सरकारों द्वारा, वहां के जागरूक समाज द्वारा औद्योगिक क्रांति को अपनाने के कारण, संपन्न और विकसित हैं. क्या बिहार में भी ऐसी परिस्थिति है?**

सच में, अब ऐसा लगने लगा है कि बिहार में जो बाहुबली है उसके लिए कोई रोकटोक नहीं है और वह जब चाहे जहां चाहे किसी की हत्या कर सकते हैं, करवा सकते हैं. पिछले दिनों जिन दुर्दांत अपराधियों ने सरेशाम पटना में उद्योगपति गोपाल खेमका की हत्या को अंजाम दिया इसका दूरगामी परिणाम निश्चित रूप से आज नहीं कल सामने आएगा ही.घटना के बाद उसकी जांच करना और गुनहगारों को सामने लाना तो एक अस्त्र है, लेकिन घटना घटे ही नहीं,यही पुलिस- प्रशासन का तो काम होना चाहिए. लेकिन, क्या ऐसा हो रहा है? या प्रशासन इतना ढुलमुल हो गया है कि इन घटनाओं की जानकारी ही नहीं होती और हत्याएं हो जाती है, हत्यारे हत्या करके आसानी से भाग निकलते में सफल हो जाते हैं.

पुलिस समाज के रक्षक और सरकार का प्रतिनिधित्व करती है, पर आज अब देश का हर व्यक्ति ऐसी क्रूर हत्याओं को उदाहरण मानकर डरा हुआ है. जब बात चली है तो दूर तक जाएगी, जब देश के अन्य राज्यों और व्यवसायियों तक पहुंचेगी तो फिर बिहार में उद्योग -धंधा करने कौन आएगा? यही तो दुर्भाग्य इस राज्य का अभी तक रहा है कि उद्योगपतियों से सरकारी टैक्स के बाद गुंडागर्दी टैक्स भी वसूला जाता है. पर, साथ ही उद्योगपति गोपाल खेमका की तरह कौन किस तरफ से कब आकर सरेआम गोलियों से छलनी कर दे. इस प्रशासनिक व्यवस्था में यह कोई नहीं जानता. अब खेमका की पिछली जिंदगी पर जाएंगे तो पाएंगे कि इन्हीं दहशतगर्दों ने कुछ वर्ष पहले उनके बेटे को गोलियों से भूना था, अब उनकी हत्या उनके घर बाहर कर दी गई. यह कैसा प्रशासन, यह कैसी पुलिस व्यवस्था जो निर्भीक होकर धीरे धीरे एक परिवार का कत्लेआम करता रहे. घटनाएं छिनैती, डकैती तो हर राज्य में होती रहती हैं, लेकिन जिस तरह के हालत यहां बना दिए गए हैं कि कोई उद्योग लगाने की बात सोच भी कैसे सकता है, कौन परिवार सहित अपनी जान को जोखिम में डालना चाहेगा . बिहार में हो रही इन हत्याओं के बारे में जानने के प्रयास किया गया तो आज की तारीख में सबका यही मानना था कि इस प्रकार की वारदात को अभी इसलिए अंजाम दिया जा रहा है क्योंकि अगले कुछ दिनों में विधानसभा का चुनाव होने जा रहा है. परिणाम स्पष्ट है कि चाहे कुछ भी हो सरकार उन्हीं के दल की बनेगी. एक अन्य राज्य से आए उद्योगपति ने कहा कि हमारी कंपनी ने यह तय कर लिया था बिहार के युवाओं के रोजगार के लिए कुछ किया जाए, लेकिन इस तरह की खबरों के कारण उन्होंने अपना इरादा बदल दिया. अब किसी अन्य राज्य में अपने प्रोजेक्ट को लॉन्च करने का मन बना लिया. इसी तरह जैसे-जैसे बात फैलती जाएगी वैसे- वैसे उद्योगपतियों का बिहार में उद्योग लगाने के प्रति मन खट्टा और भयभीत हो जाएगा वे अपने उद्योग को बिहार से अन्यत्र स्थानांतरित कर देंगे.

फिर बिहार के युवाओं का क्या होगा जो आज देश के शहर-शहर में रोजगार पाने के प्रयास में भटकते रहते हैं. राज्य के पूर्व उद्योगमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार के निर्देश हैं कि अब सरकार किसी भी राज्य में सरकारी उद्योग लगाने के पक्ष में नहीं है. हां, यदि राज्य का कोई उद्योगपति अपने राज्य के लिए कुछ करना चाहे तो उसके लिए वह स्वतंत्र है, लेकिन किसी उद्योगपति के लिए क्या यह संभव है कि बिना सरकार के सहयोग कहीं भी उद्योग लगा ले? यदि आप बिहार में रहते हैं तो एक बार देश के अन्य शहरों में जाकर देखें कि आपके उन भाई बंधुओं को किस स्थिति का सामना करना पड़ता है . हम भले ही यह दावा कर लें कि यदि बिहार के लोग वहां नहीं होंगे तो उस राज्य का उद्योग धंधा या खेती कौन करेगा - उद्योग धंधे ठप्प हो जाएंगे. सच तो यह है कि यह आत्मसंतुष्टि की बात है, लेकिन यदि यही उद्योग बिहार में लगे होते तो बाहरी राज्यों में ऐसे लोगों को जो अपमान समय- समय पर झेलना पड़ता है, ऐसी स्थिति तो नहीं आती. दरअसल, हमारे राजनीतिज्ञ नहीं चाहते कि हर किसी के घर अपने यहां की रोटी बने, अपने यहां की शिक्षा बेहतर हो, यदि ऐसा होगा तो फिर वे नेता कैसे बनेंगे. इतनी बुरी स्थिति बिहार की मात्र इसलिए कर दी गई है कि वे नेतागिरी करते रहें उनके बच्चे विदेशों में शिक्षा प्राप्त कर सकें और वहीं अच्छी नौकरी या व्यवसाय कर सकें. इसलिए सतर्क रहिए और शिक्षित के हाथों में राज्य की बागडोर को सौंपिए, वही हमारा आपका कुछ न कुछ भला करेंगे. आप भी अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दीजिए ताकि वह आगे चलकर मज़दूरी करने के लिए अपमानित किए जाने वाले राज्यों में जाकर जीविकोपार्जन न कर सकें.

सरकारी नौकरी आज सबको मिल जाए यह किसी भी राज्य के लिए संभव नहीं है. इसलिए उद्योगपतियों को अपने राज्य में उद्योग लगाने के लिए उन्हें पानी, बिजली, सड़क, सुरक्षा, टैक्स देने की सुविधा देनी होगी. यदि ऐसा नहीं करेंगे तो फिर वहीं प्रश्न उठता है कि आपके राज्य में क्यों और किसके लिए उद्योग लगाएंगे. देश के जो राज्य विकास की बुलंदियों पर हैं उनके कई कारणों में एक कारण वहां सरकारों द्वारा, वहां के जागरूक समाज द्वारा औद्योगिक क्रांति को अपनाने के कारण, संपन्न और विकसित हो सके हैं. इस तरह की योजना की नींव सरकार में ऊपर बैठे राजनीतिज्ञ, वरिष्ठ अधिकारी, जिनको देश- विदेश घूमने और उस योजना को अपने यहां लाने के लिए आमंत्रित करना है. यदि पंजाब, महाराष्ट्र, गुजरात, हरियाणा जाएंगे तो सभी के पास अपने रोजगार हैं या किसी न किसी उद्योग से जुड़े हुए हैं. इसलिए उनकी रोजी तो लगी हुई हैं और उनका और कैसे विकास हो इसलिए सदैव सोचते रहते हैं. उनका लक्ष्य सदैव अपने विकास और बच्चों की शिक्षा पर रहती है, इसलिए वे विकसित और दुनियादारी पर नजर रखते हैं और अपने विकास की मानसिकता को जगाकर कर रखते है. हम असत्य आचरण करके अपनी समृद्धि चाहते हैं, ईर्ष्या में अपने को जलाते रहते हैं जिसके कारण चाही हुई चीज नहीं मिलती और हम अपना नाश करते रहते हैं. **(लेखक वरिष्ट पत्रकार और स्तंभकार हैं)**

**आज का इतिहास**

- **1789 :** पहली फेडरल एजेंसी द डिपार्टमेंट ऑफ फॉरेन अफेयर्स की स्थापना.
- **1862:** अमेरिकी शहर कैंटन में तूफान का कहर, 40 हजार लोगों की मौत.
- 1888: फिलिप प्राट ने पहले इलेक्ट्रिक ऑटोमोबाइल का प्रदर्शन किया.
- **1897 :** बाल गंगाधर तिलक गिरफ्तार किए गए.
- **1935 :** चीन की यांग जी और होआंग नदी में बाढ़ से दो लाख लोगों की मौत.
- **1982 :** तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 11 साल में पहली अमेरिकी यात्रा.
- **1987:** खोजकर्ताओं ने टाइटैनिक का मलबा खोजा.
- **1994:** निशानेबाज जसपाल राणा ने विश्व शूटिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता.
- **1996 :** अमेरिका के अटलांटा ओलंपिक खेलों के कार्यक्रम के दौरान बम धमाका.
- **2003 :** दुनिया भर में अमेरिकी सैनिकों का मनोरंजन करने वाले बॉब होप का निधन.
- **2006 :** रूसी प्रक्षेपण यान नेपर ज़मीन पर गिरा.

**चिंतन**

## दूसरों की नकल भी करो, तो अकल लगा कर करो

बहुत पुराने की बात है. एक बार दो गधे अपनी पीठ पर बोझा उठाए कहीं चले जा रहे थे, उनको काफी लंबा सफर तय करना था. एक गधे की पीठ पर नमक की भारी बोरियां लदी हुई थीं तो एक की पीठ पर रूई की बोरियां लदी हुई थीं.

जिस रास्ते से दोनों गधे जा रहे थे, उसके बीच में एक नदी पड़ी, नदी के ऊपर रेत की बोरियों का कच्चा पुल बना हुआ था. जिस गधे की पीठ पर नमक की बोरियां थीं, उसका पैर बुरी तरह से फिसल गया और वह नदी के अंदर गिर पड़ा. नदी में गिरते ही नमक पानी में घुल गया और उसका वजन हल्का हो गया. वह यह बात बड़ी प्रसन्नता से दूसरे को बताने लगा. दूसरे गधे ने सोचा कि यह तो बहुत बढ़िया युक्ति है, ऐसे में तो मैं भी अपना भार काफी कम कर सकता हूं और उसने बिना सोचे समझे पानी के अंदर छलांग लगा दी, किन्तु रुई के पानी सोख लेने के कारण उसका भार कम होने की जगह बहुत बढ़ गया, जिस कारण वह मूर्ख गधा पानी में ही डूब गया.

इस पूरी घटना को वहां बैठे एक संत भी अपने शिष्यों के साथ देख रहे थे, उन्होंने अपने शिष्यों से कहा- मनुष्य को सदा अपना विवेक जागृत रखना चाहिए, बिना अपनी बुद्धि लगाए दूसरों की नकल करके वैसा ही करने वाले सदा उपहास के पात्र बनते हैं. इस लिए हमेशा सावधानी बरतने चाहिए, नकल करने में.

मित्रों, हमारी असल जिंदगी में भी यही बात लागू होती है, हम किसी को एक क्षेत्र में सफल होते देख उसे कॉपी करना शुरू कर देते हैं, हमे लगता है कि यदि कोई बंदा अपने क्षेत्र में सफल हो गया, तो हमे भी उस क्षेत्र में सफलता मिल जाएगी. लेकिन हम शायद यह ध्यान नहीं देते कि उसकी पीठ पर नमक वाली बोरी है. मतलब उसका इंटरेस्ट अलग है और भूलवश हम रुई की बोरी को लादे छलांग लगा देते हैं. मतलब दूसरा टैलेंट या इंटरेस्ट को लादे उस क्षेत्र में सफल होने का ख्वाब देखते हैं, और अंततः हमें पछताना पड़ता है. इसलिए, दूसरों को देख कर सीखना तो ठीक है, पर उनका अंधा अनुसरण करना उस मूर्ख गधे के समान व्यवहार करना है.

**इंडिया पर ट्रेंडिंग**



1. #KargilVijayDiwas
2. कारगिल विजय
3. #SSCVendorFailure
4. #IndianArmy
5. Jai Hind
6. #SSCMisManagement
7. #DMKUruttugalumThiruttugalum
8. भारतीय सेना
9. अमर गाथा
10. Maturity

# बहुरंग



## जरीन खान, बूढ़ी हो रही हो, कब कर रही हो शादी?

जरीन खान ने सलमान खान की फिल्म 'वीर' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था. इसके बाद एक्ट्रेस ने कई और फिल्मों में काम किया लेकिन उनका हिंदी फिल्मों में करियर चल नहीं पाया. एक्ट्रेस की प्रोफेशनल लाइफ तो खास नही रही वहीं पर्सनल लाइफ में भी उन्होंने ब्रेकअप का दर्द झेला. इन सबके बीच 38 साल की जरीन खान ने अपने इंस्टा पर एक वीडियो शेयर की है जिसमें उन्होंने अपनी शादी को लेकर बात की है. पोस्ट पर और एक कमेंट है जिसने बहुत ज्यादा ध्यान खींचा. शादी कर लो बूढ़ी हो रही हो. इस पर एक्ट्रेस ने जवाब देते हुए हंसते हुए कहा कि क्या शादी करके मैं जवान हो जाऊंगी? ज़रीन खान ने कहा,मुझे ये समझ नहीं आता कि ये हमारे देश में ही है या ये यूनिवर्सल प्रॉब्लम है. अगर इंसान लाइफ में फोकस नहीं है, काम-धंधा नहीं कर रहा है, तो फैमिली वालों का उसके लिए सॉल्यूशन होता है कि उसकी शादी करा दो. ये कैसे सॉल्यूशन हो सकता है. एक इंसान जो खुद की रिस्पॉन्सिबिलिटी नहीं ले पा रहा है निहत्थे का ख्याल नहीं रख पा रहा है उस पर तुम एक और इंसान ला दो. मुझे नहीं लगता कि ये वर्क करेगा. जरीन कहती हैं, फिर अगर बच्चा हाथ से निकल गया, लड़का या लड़की, जो हमारी सोसाइटी में आई थिंक पेरेंट्स के लिए सबसे ज्यादा डर की बात होती है कि अरे बच्ची हाथ से निकल गई तो उसका भी सॉल्यूशन ये है कि शादी करा दो.


## एक रोल से रातोंरात स्टार बन गया था ये एक्टर एकसाथ साइन की 40 फिल्में, फिर डूबा करियर



आज हम बात कर रहे हैं फिल्म 'मोहब्बतें' में अपनी मासूमियत और चार्मिंग लुक से दर्शकों का दिल जीतने वाले एक्टर जुगल हंसराज की. जो इस फिल्म से रातोंरात स्टार बन गए थे. लेकिन फिर एक वक्त ऐसा आया कि वो अचानक ही इंडस्ट्री से गायब हो गए. एक्टर के बर्थडे पर आज हम आपको उनकी कुछ दिलचस्प बातें बताएंगे. जानिए एकसाथ 40 फिल्में साइन करने के बाद उनका करियर क्यों डूबा. बहुत कम लोग ये बात जानते होंगे कि जुगल हंसराज का जन्म पूर्व क्रिकेटर प्रवीण हंसराज के घर हुआ था. लेकिन उन्होंने क्रिकेट में नहीं बल्कि एक्टिंग में अपना करियर बनाया. जुगल ने सिर्फ 10 साल की उम्र से एक्टिंग शुरू कर दी थी. उनकी पहली फिल्म साल 1983 में आई 'मासूम' थी. फिल्म में उन्होंने नसीरुद्दीन शाह और शबाना आजमी के साथ काम किया था. इसके अलावा भी उन्होंने बचपन में कई फिल्में की.

फिर बतौर हीरो जुगल हंसराज को 'आ गले लग जा' में देखा गया. हालांकि उनकी ये फिल्म कुछ खास सफल नहीं हो पाई. फिर वो साल 2000 में रिलीज हुई फिल्म 'मोहब्बतें' में शाहरुख खान संग दिखे और बॉक्स ऑफिस पर छा गए. इस फिल्म से उन्हें खूब फेम मिला और फिल्म ने शानदार कलेक्शन भी किया. यहां से जुगल हंसराज का करियर उड़ान भरने लगा और एक वक्त में तो उन्होंने एकसाथ 40 फिल्में साइन कर डाली. लेकिन फिर जल्द ही उनका बुरा दौर शुरू हो गया. दरअसल एक्टरने जो फिल्में साइन की थी. उनमें कुछ डिब्बा बंद हो गई तो कुछ शूट होकर भी रिलीज नहीं हुई. इसके बाद एक्टर 'मनहूस' कहा जाने लगा. बता दें कि इंडस्ट्री में जब उन्हें काम मिलना बंद हो गया तो एक्टर इंडिया छोड़कर न्यूयॉर्क शिफ्ट गए. हालांकि बीच-बीच में वो कई प्रोजेक्ट्स में नजर आए, लेकिन इनसे भी उन्हें खास सफलता नहीं मिल पाई. हाल ही में एक्टर को इब्राहिम अली खान के साथ फिल्म 'नादानियां' में देखा गया था.

## बर्तन-कपड़ा धोकर सलमान खान की कोस्टार को मिलती थी पॉकेट मनी



बॉलीवुड में रणबीर कपूर समेत कई बड़े स्टार्स ऐसे हैं, जो करोड़ों के मालिक होकर भी अपने पेरेंट्स से पॉकेट मनी लेते हैं और उन्हें ये बहुत आसानी से मिल भी जाती है. लेकिन आज हम आपको जिससे रूबरू करवा रहे हैं, उस हीरोइन को अपनी मां से पॉकेट मनी लेने के लिए घर में कभी बर्तन धोने पड़ते थे, तो कभी बाथरूम साफ करना पड़ता था. आपको जानकर हैरानी होगी कि ये वो हसीना हैं, जिन्होंने सलमान खान की फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू किया है. दरअसल हम बात कर रहे हैं सलमान खान की फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' से एक्टिंग में कदम रखने वाली एक्ट्रेस पलक तिवारी की, जो कि टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की बेटी हैं.

दरअसल श्वेता हाल ही में भारती सिंह की पॉडकास्ट में पहुंची थीं, जहां उन्होंने पलक को लेकर कई बड़े खुलासे किए. इसी दौरान उन्होंने एक्ट्रेस की पॉकेट मनी से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा शेयर किया. श्वेता तिवारी ने बताया कि मैंने अपने बच्चों को पैसों की अहमियत करना सिखाया है. पलक के लिए मैंने हमेशा से ही बजट तय किया है. जैसी कि उसका बजट 25,000 रुपए है और अगर उसने 30,000 रुपए खर्च किए, तो उसे घर के काम करके इसकी भरपाई करनी पड़ती. इसके लिए वो 1000 रुपए में बाथरूम साफ करती, 500 रुपए में बिस्तर बनाती थी और बर्तन धोने के लिए उसे 1000 रुपए मिल जाते थे. जब भी उसे बजट से ज्यादा खर्च करना होता, तो वो एक्स्ट्रा काम करती थीं. श्वेता तिवारी ने ये भी बताया कि उन्होंने पलक के लिए घर में रूल बना रखे हैं.

**बॉक्स ऑफिस रिव्यू**

## सैयारा का कमाई का सिलसिला जारी



मोहित सूरी के निर्देशन में बनी फिल्म 'सैयारा' ने रिलीज के साथ ही सिनेमाघरों में तहलका मचा दिया है. 18 जुलाई को रिलीज हुई इस रोमांटिक ड्रामा फिल्म ने पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर ज़बरदस्त प्रदर्शन किया है. फिल्म को देखने के लिए कामकाजी दिनों में भी दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ रही है और यह लगातार नए रिकॉर्ड अपने नाम कर रही है. अब 'सैयारा' की आठवें दिन की कमाई के आंकड़े भी सामने आ गए हैं.

फिल्म 'सैयारा' ने जबरदस्त शुरुआत करते हुए पहले दिन 21.5 करोड़ रुपये की कमाई की थी. देखते ही देखते इसने पहले हफ्ते के भीतर 172.75 करोड़ रुपये का शानदार आंकड़ा पार कर लिया. अब बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के अनुसार, रिलीज के आठवें दिन यानी दूसरे शुक्रवार को फिल्म ने 18 करोड़ रुपये का कारोबार किया है. इस आंकड़े के साथ 'सैयारा' की कुल कमाई अब 191.21 करोड़ रुपये हो चुकी है. खासकर शनिवार और रविवार को फिल्म की कमाई में जबरदस्त उछाल देखने को मिल सकता है. फिल्म 'सैयारा' से दिग्गज अभिनेता चंकी पांडे के भतीजे अहान पांडे ने बॉलीवुड में अपना अभिनय डेब्यू किया है. वहीं, यशराज फिल्म्स के बैनर तले बनी इस फिल्म में अनीत पड्डा ने बतौर लीड एक्ट्रेस अपनी शुरुआत की है. दोनों की फ्रेश केमिस्ट्री ने दर्शकों के दिलों में खास जगह बना ली है.

## राशिफल



आचार्य प्रणव मिश्रा

मोबाइल नंबर 8210075897

**मेष :** रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है. पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे. जोखिम से दूर रहना ही बुद्घिमानी होगी. शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे. लाभकारी गतिविधियों में संक्रियता रहेगी. कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी. शुभांक-5-8-9

**वृष :** कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी. कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा. धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी. मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी. अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे. कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें. शुभांक-4-6-7

**मिथुन :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा. हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी. परिवारजनों के सहयोग से काम बनाना आसान रहेगा. अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे. थाड़े प्रयास से कार्य सिद्घ होंगे. शुभ कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा. शुभांक-3-6-9

**कर्क :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय से काम बनाना आसान करेगा. आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा. बौद्घिक उलझनें बनी रहेगी. लाभमार्ग प्रशस्त होगा. नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी. शुभांक-5-7-8

**सिंह :** मेहमानों का आगमन होगा. राजकीय कार्यों से लाभ होगा. पैतृक सम्पत्ति से लाभ मिलेगा. नैतिक दायरे में रहें. मेहमानों का आगमन होगा. विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा. दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा. चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी. व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. शुभांक-2-6-9

**कन्या :** शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे. पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी. कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा. यश-प्रतिष्ठा में वृद्घि होगी. स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें. व्यापार में वृद्घि होगी. नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा. ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा. शुभांक-2-5-7

**तुला :** कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा. सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्घि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा. किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी. प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे. मनोरथ सिद्घि का योग है. मेहमानों का आगमन होगा. शुभांक-3-6-9

**वृश्चिक :** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी. ज्ञान-विज्ञान की वृद्घि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा. कुछ कार्य भी सिद्घ होंगे. व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है. प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा. अवरुद्घ कार्य संपन्न हो जाएंगे. शुभांक-5-7-9

**धनु :** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा. आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी. आगे बढने के अवसर लाभकारी सिद्घ होंगे. कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है. कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे. सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा. शुभांक-3-5-7

**मकर :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी. सुख-आनंद कारक समय है. लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी. बुद्घितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा. कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी. धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी. सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी. शुभांक-3-4-6

**कुंभ :** शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा. कामकाज की अधिकता रहेगी. लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा. व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी. कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा. पैतृक सम्पत्ति से लाभ मिलेगा. नैतिक दायरे में रहें. शुभांक-4-7-9

**मीन :** श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी. धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी. मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी. रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है. पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे. शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे. पूरा दिन आशा-निराशा के बीच बीतने का योग है. शुभांक-3-5-7



आलू के समोसे तो बहुत बार खाने को मिल जाते है,लेकिन इस बार प्याज के समोसे ट्राई करके देखें। यह खाने में बहुत स्वादिष्ट और स्पाइसी है।

**सामग्री**

(आटे के लिए)
गेहूं का आटा- 180 ग्राम
मैदा- 180 ग्राम
चीनी पाउडर- 1/4 टीस्पून
नमक- 1 टीस्पून
तेल- 2 टेबलस्पून
पानी- 220 मि.ली.

### घर पर ऐसे बनाएं
# प्याज वाला समोसा



(स्टफिंग के लिए)

■ प्याज- 150 ग्राम ■चिड़वा- 80 ग्राम■पेपरिका- 1 टीस्पून■गर्म मसाला- 1/4 टीस्पून■आमचूर- 1/4 टीस्पून■नमक- 1 टीस्पून■अदरक- 1 टेबलस्पून■धनिया- 2 टेबलस्पून■(मैदा पेस्ट के लिए)■मैदा- 30 ग्राम■पानी- 60 मि.ली.■तेल- तलने के लिए

### बारिश में बनाएं चटपटा
# कॉर्न पनीर

**कॉर्न-पनीर सरप्राइज सामग्री-**

■250 ग्राम आलू उबले और मैश किए हुए
■1 कप ब्रेड का चूरा
■2 कप मिक्स वेजीटेबल्स फूलगोभी,
■गाजर हरी धनिया उबली और मैश की हुई
■2 टेबलस्पून बेसन नमक स्वादानुमार
■150 ग्राम स्वीट कॉर्न दरदरे पिसे हुए
■2-2 टेबलस्पून हरी धनिया और हरी प्याज बारीक कटी हुई
■1/4 =1/4 टीस्पून गरम मसाला पाउडर भुना हुआ
■जीरा पाउडर और हल्दी पाउडर
■1-1 टीस्पून धनिया पाउडर
■ लाल मिर्च पाउडर और अदरक-लहसुन हरी मिर्च का पेस्ट तलने के लिए तेल।

**बनाने की विधि...**

■ ब्रेड का चूरा पनीर और स्वीट कॉर्न को छोड़कर बची हुई सारी सामग्री मिला लें। एक अलग बाउल में पनीर और स्वीट कॉर्न को मिक्स कर लें। मिक्स वेजीटेबल्स के मिश्रण को हथेली पर फैलाकर स्वीट कॉर्न-पनीर का मिश्रण भरकर बॉल्स बना लें। इन बॉल्स को ब्रेड के चूरे में लपेटकर डीप फ्राई कर लें।


**सामग्री**

■ ब्रेड स्लाइस- 6■सूजी- 160 ग्राम ■दही- 235 ग्राम■नमक- 1/2 टीस्पून ■पानी- 170 मि.ली.■फ्रूट साल्ट- 1 टीस्पून■पानी- 2 टेबलस्पून

**विधि**

■ 6 ब्रेड स्लाइस लेकर उसे किनारों से काट लें। फिर इसे ब्लेंडर में ब्लेंड करके बाउल में निकालें।■ अब इसमें 160 ग्राम सूजी, 235 ग्राम दही, 1/2 टीस्पून नमक, 170 मि.ली. पानी डाल कर अच्छी तरह से मिलाएं और 20 मिनट के लिए एक तरफ रख दें। ■ इसके बाद इसमें 1 टीस्पून फ्रूट साल्ट, 2 टेबलस्पून पानी डाल

### सुबह के नाश्ते में ऐसे बनाएं
# ब्रेड स्लाइस इडली



कर 2 मिनट ऐसे ही रख दें और फिर इसे अच्छी तरह मिलाएं। ■ इडली मोल्ड लेकर उस पर ब्रश के साथ तेल लगाएं और इसमें तैयार किया मिश्रण डालें।■ फिर इसे उबलते हुए पानी वाले पैन में रख कर ढक दें। ■ इसे 15 मिनट तक स्टीम में पकाएं।■ अब मोल्ड से इडली निकालें।
■ब्रेड इडली बन कर तैयार है।

# बच्चे को कब कब और कितना दूध पिलाना चाहिए

DOCTOR



जब भी कोई बच्चा पैदा होता है. यदि उसके होने के दो से तीन घंटे के अंदर यदि उसे माँ का दूध पिला दिया जाये. तो वह बच्चे के स्वास्थ्य को ठीक रखने में सबसे बड़ी दवाई का काम करता है. उस दूध से मिले तत्व से न केवल नवजात शिशु का पेट भरता है. बल्कि वो बच्चे को सभी पोषक तत्व प्रदान करता है जो उसकी सेहत के लिए जरुरी होते है. माँ के दूध में हर प्रकार के मिनरल्स होते हैं. जो बच्चे को ऊर्जा प्रदान करते हैं. माँ का दूध नवजात शिशु के लिए, एक औषधि का काम करते हैं. माँ के दूध को पिलाने की राय डॉक्टर्स भी देते हैं. और वो कोशिश करते हैं यदि बच्चा सिजेरियन हुआ है तो भी बच्चे को थोड़े समय के बाद माँ का दूध मिल जाये.

बच्चे को दूध पिलाने का फायदा न केवल बच्चे को बल्कि उसकी माँ के लिए भी अच्छा होता हैं. ये बच्चे के साथ माँ को भी ऊर्जा देता है. माना जाता हैं की स्वस्थ माँ के गर्भ मे स्वस्थ बच्चा निवास करता है. इसलिए बच्चा पैदा होने के बाद भी यदि माँ बच्चे को सही रूप से स्तनपान कराये तो ये माँ के लिए भी उतना ही लाभकारी होता है, जितना की बच्चे के लिए. स्तनपान करने से बच्चे को किसी भी बीमारी का खतरा नहीं होता. माँ का दूध नवजात शिशु को हर बीमारी से लड़ने के लिए सक्षम बनाता है. और ये उसकी वृद्धि में भी योगदान देता है. ये बच्चे को हर प्रकार का पोषण प्रदान करता है.

माँ का दूध पीने से बच्चे का दिमाग भी तेज होता है और बच्चा भी स्वस्थ रहता है. यदि बच्चे को छह महीने तक केवल माँ का दूध ही पिलाया जाये तो बच्चा तंदुरुस्त होता हैं और ये बच्चे को हर प्रकार की बिमारियों से भी निजात दिलाता है. माँ का दूध लाभदायक तो होता है. परंतु कोशिश करनी चाहिए के आप एक साल तक लगातार बच्चे को माँ का दूध देते रहे. आइये जानते है दूध कब और कितना देना चाहिए.

### नवजात शिशु के लिए दूध कब और कितना - टिप्स

नवजात बच्चा दिन में ज्यादा से ज्यादा समय सोने मे व्यतीत करता है. डॉक्टर के कहे अनुसार हर बच्चे को दो दो घंटे में नवजात शिशु को माँ का दूध देना चाहिए. जैसे ही हम बच्चे की मालिश करते हैं और फिर उसे नहला कर सुला देते है. तो वो कई बार काफी देर तक सोता रहता है. परंतु यदि उसे सोये हुए दो घंटे से ज्यादा हो गए हो. तो उसे उठा देना चाहिए और फिर उसे दूध पिलाना चाहिए. नवजात शिशु को रात के समय भी उठ कर दूध पिलाते रहना चाहिए. क्योंकि नवजात बच्चा पूरी तरह से भोजन के लिए अपनी माँ पर ही निर्भर होता है. उसे माँ के दूध के अलावा और कुछ नहीं चाहिए होता. नवजात शिशु माँ के दूध से ही अपने भोजन की इच्छा को पूर्ण करता है. और जब भी उसे भूख होता है. तो वो दूध की तलाश में इधर उधर मुह मारता है. कई बार वो उँगली को भी चूसने की कोशिश करता है. ऐसा हो तो समज जाइये के बच्चे को भूख लगी है. एक नवजात शिशु को एक बार में कम से कम चालीस मिनट तक दूध पिलाना चाहिए या फिर तब तक जब तक वो स्तन को चूसना बंद न कर दे और ध्यान रखे की बच्चा यदि दूध पीते ही उलटी करने लगे तो उसे कंधे पर उठा कर सहलाना चाहिए और उसकी पीठ थपथपानी चाहिए. और थोड़ी देर बाद दूध पिलाना चाहिए. उसी समय दूध नहीं देना चाहिए.

# झरिया का दर्द



शुभम कुमार झा

अगर वक्त मिले तो देख लो मुझको, हालत मेरी कैसी है, सिसक-सिसक कर साँस चल रही, सहमा हुआ कलेजा है। घुट-घुट कर मरते मेरे बच्चे, देखो हालत कैसी है।
उजाले का स्रोत बनी मैं,
अंधकार में फँसी अकेली हूँ,
रो-रोकर अब थक गई हूँ,
देखो हालत कैसी है।
क्यों खोद रहे छाती मेरी,
क्या क़सूर है मेरी खुशी का?
सौ वर्षों से जल रही हूँ, हर पल मैं मर रही हूँ।
अगर वक्त मिले तो देख लो मुझको, हालत मेरी कैसी है।
मेरे अंदर अग्नि समाहित,
फिर भी न रोक पाई लुटेरे को,
चंद पैसों के लालच में,
उजाड़ दिया बसेरों को।
लाखों वीर दफन हो चुके,
इस मिट्टी की रक्षा में,
लाचार हूँ, देख रही हूँ,
निगल रही अपने बच्चों को।
घुट-घुट कर मर रही हूँ मैं,
देखो हालत कैसी है।
पहले ऐसी न थी मैं, सुखी-समृद्ध कहलाती थी,
सब लोग खुश रहते थे,
हरियाली लहराती थी।
पक्षियों की हजारों प्रजातियाँ,
चहचहाहट लाती थीं।
कुछ तरक्की ने उजाड़ दिया मुझको, अब अकाल-सी नजर आती हूँ,
पहले पोषित थी मैं, अब कुपोषित कहलाती हूँ।
अंदर-अंदर घुट रही हूँ,
लाचार कलेजा पाती हूँ।
विकास के नाम पर इतना मत निचोड़ो, कि घुट-घुट कर मर जाऊँ मैं।
सौ वर्षों से जो घाव दिया,
अब तो उसे भर दो।
मेरा अस्तित्व न खोने दो,
बुनियाद न मेरी ढहने दो।
पहली-सी खुशियों के खातिर, तरस रही हूँ मैं झरिया,
बचा सकते हो तो बचा लो मुझको, अब तकलीफ न होने दो।
एक कदम आगे बढ़ाओ,
अपनी मातृभूमि को बचा लो।
अगर बच गई मैं झरिया, तो समृद्ध, सुखी कर दूँगी मैं,
चट्टानों के स्थान पर फसल और उजाला कर दूँगी मैं।
बचा सकते हो तो बचा लो मुझको, देखो हालत कैसी है।
मैं झरिया हूँ... काले हीरे का स्रोत हूँ मैं,
उजाले का कोष हूँ मैं।

**केला हरा और पका दोनों ही खाने में इस्तेमाल होता है। एक सब्जी हो जाता है तो दूसरा फल। मगर क्या आप जानते हैं कि केले का छिलका भी फल की तरह ही गुणों की खान होता है। केले के छिलके में भारी मात्रा में न्यूट्रीयंट्स होते हैं, साथ ही यह वजन कम करने में भी मददगार होते हैं। इसमें जरूरतमंद विटामिन जैसे बी-6 और बी-12 के अलावा मिनरल्स, पोटैशियम और मैग्नीशियम होता है। यह फाइबर का अच्छा स्रोत होता है, जो आपकी पाचन क्रिया को ठीक करने में काफी मदद करता है।**

# केला ही नहीं, छिलके में भी हैं बड़े गुण



गुण

### आइए नजर डालते हैं केले के छिलके में समाई पौष्टिकता पर

1 केले के छिलके में विटामिन-ए पाया जाता है, जो इम्यूनिटी को मजबूत कर इंफेक्शन से लड़ने में मदद करता है।

2 इसमें ल्यूटीन होता है, जो आंखों में मोतियाबिंद होने से रोकता है।

3 केले के छिलके में एंटी-ऑक्सीडेंट्स होने के साथ विटामिन-बी, खासतौर से विटामिन-बी-6 की मात्रा होती है।

4 इसमें घुलने वाले और न घुलने वाले फाइबर होते है, जो पाचन क्रिया के कार्य को धीरे कर, शरीर से कोलेस्ट्रॉल को कम करते हैं.

5 केले का छिलका खाने से आप शरीर के लिए जरूरी पोटैशियम और मैग्नीशियम पा सकते है, जो ब्लड प्रेशर बरकरार रखने में मदद करता है।

6 पूर्व में हुए अध्ययनों में कहा गया है कि इसमें सेरोटोनिन नाम का पदार्थ होता है, जो डिप्रेशन पर काबू रख आपको खुश रखता है।

7 इसमें डोपामाइन होता है, जो दिल की धड़कन पर नियंत्रण रख गुर्दों में खून का प्रवाह संतुलित रखता है।

### कैसे इस्तेमाल करें केले का छिलका

केले का छिलका आपको कैसे इस्तेमाल करना है, इस बात पर भी ध्यान देना चाहिए। जापानी साइंटिफिक रिसर्च के मुताबिक पीले छिलके में एंटी-कैंसर गुण होते हैं, जो व्हाइट ब्लड सेल्स के उत्पादन बढ़ाने में मदद करते हैं। अगर आप अपने आहार में केले का हरा छिलका शामिल करते हैं, तो इसे मुलायम करने के लिए 10 मिनट उबालें। इसके बाद इस्तेमाल करें।

पूर्व में हुए एक अध्ययन में कहा गया था कि हरे छिलके में ट्रिप्टोफन नामक पदार्थ होता है, जो एक तरह का अमीनो एसिड है। यह रात को अच्छी नींद लेने के लिए लाभकारी है।

# सर्दियों के मौसम में खाने में गाजर, चुकंदर और टमाटर के साथ ही मूली शामिल करें

सर्दियों के मौसम की शुरुआत हो चुकी है और इस मौसम में आपको कई सब्जियां बाजार में मिलेंगी. सर्दियों में हरी सब्जियों के बहुत फायदे भी होते हैं. लेकिन बता दें कि हरी सब्जियों के अलावा कुछ और भी ऐसी सब्जियां हैं जिनके फायदे जानकर आप हैरान हो जाएंगे.

आज हम बताएंगे मूली के फायदे के बारे में. जी, हां सर्दियों के मौसम में मूली की भुजिया, मूली के पराठे या सब्जी बेहद पसंद की जाती है. मूली इम्यूनिटी को भी बढ़ाती है.

■ सर्दियों में यदि रोजाना मूली खाएंगे तो आपकी इम्यूनिटी काफी मजबूत होगी और आप सर्दी-खांसी जैसी परेशानियां से भी बच सकेंगे.

■ मूली खाने से दिल से जुड़ी बिमारियों का भी खतरा कम होता है. क्योंकि मूली में एंथेसायनिन पाया जाता है जो कि दिल की बीमारी के स्तर को कम करने में मदद करता है.



■ सर्दियों में मूली खाने से पाचन तंत्र भी मजबूत होता और खाना अच्छे से डाइजेस्ट हो जाता है.

■ यदि आपके घर में कोई डायबिटीज का मरीज है तो उसके लिए मूल का सेवन काफी अच्छा है. मूली खाने से ब्लड शुगर की मात्रा काफी हद तक कम होती है. लेकिन हाई ब्लड शुगर वालों को मूली का सेवन नहीं करना चाहिए. ऐसे में एक बार डॉक्टर से सलाह जरूर लें.

■ यदि आप शारीरिक रूप से थका हुआ महसूस कर रहे हैं तो मूली का रस पीएं. मूली के रस को गर्म कर उसके थोड़ा सा सेंधा नमक मिलाकर गरारे करना भी फायदेमंद है.

# एक्सरसाइज के लिए जरूरी है ये 11 मोटिवेशन ट्रिक्स

शरीर को फिट रखने के लिए नियमित व्यायाम बहुत जरूरी है, लेकिन अगर आप व्यायाम करने से बचते हैं, तो खुद को उत्प्रेरित करने की जरूरत है, तो क्यों न व्यायाम के लिए मोटिवेशन ट्रिक्स आजमायें।

### 1 एक्सरसाइज के लिए मोटिवेशन ट्रिक्स

नियमित व्यायाम न केवल आपको फिट रखता है बल्कि सामान्य और खतरनाक बीमारियों से भी बचाता है। रोज व्यायाम करने से मांसपेशियां मजबूत रहती हैं। दिल को मजबूत बनाने और दिल संबंधित बीमारियों से बचाव के लिए व्यायाम बहुत जरूरी है।

सामान्यतया लोग रोज व्यायाम करने से जी चुराते हैं, इससे बचते हैं। जबकि वर्तमान में अस्वस्थ खाने और देर तक कुर्सी पर बैठकर काम करने की वजह से शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो रही है और हम बीमारियों की गिरफ्त में आसानी से चले जा रहे हैं। इसलिए अगर आप भी रोज व्यायाम से जी चुराते हैं तो खुद को प्रेरित करने के लिए कुछ तरीके जरूर आजमाएं।

### 2. समय का रोना

देर रात तक कार्यालय में काम करने, देर तक होने वाली पार्टियों के बाद देर से सोने के कारण सुबह हम जब उठने के साथ ही हम खुद को उसी दिनचर्या में पाते हैं।

ऐसे में हमारे पास इतना भी समय नहीं होता कि 30-40 मिनट वर्कआउट को दे पायें। ऐसे में हम समय का रोना रोते हैं और व्यायाम नहीं करते। जबकि अगर खुद को ऊर्जावान रखना है, काम को सही तरीके से निपटाना है तो सुबह के वक्त व्यायाम के लिए समय जरूर निकालें।



### 3. व्यायाम को नजरअंदाज न करें

व्यायाम को नजरअंदाज करना यानी बीमारियों को न्योता देना। वास्तव में व्यायाम हमारे दिल और धमनियों के लिए बहुत ही उपयोगी और शक्तिशाली दवा की तरह है। रोज व्यायाम करने से दिल और दिमाग स्वस्थ रहते हैं। नियमित व्यायाम करने से शरीर में रक्त का संचार आसानी से होता है और इसके लिए दिल को अधिक मेहनत करने की जरूरत नहीं पड़ती है। इसलिए व्यायाम को नजरअंदाज तो बिलकुल न करें।

### 4 मिनट की वॉक

अमेरिकन हॉर्ट एसोसिएशन की मानें तो हम सामान्यतया एक सप्ताह में 150 मिनट तक वर्कआउट करने की योजना बनाते हैं, लेकिन इस लक्ष्य तक पहुंचने में असफल रहते हैं। इस लक्ष्य को पाने के लिए अगर आपके पास समय नहीं है तो घबराने की जरूरत नहीं है। जब भी मौका मिले चलने की आदत डालें। सुबह उठकर केवल 5 मिनट चलें, हो सके तो ब्रिस्क वॉक करें। कार्यालय से निकलने के बाद बस स्टॉप तक पैदल जायें, थोड़ा अधिक चलने के लिए 2-3 स्टॉप के बाद बस पकड़ें। इससे आपका दिल मजबूत रहेगा और आप व्यायाम भी कर लेंगे।

### 5. व्यायाम के साथ टीवी देखें

सामान्यतया हम रोज 2 घंटे तक टीवी देखते हैं, इससे डायबिटीज के साथ आंखें भी कमजोर होने लगती हैं। अगर आप टीवी देखना नहीं छोड़ सकते हैं तो व्यायाम करना कैसे छोड़ रहे हैं। बाहर जाने का समय नहीं है तो घर में टीवी देखते हुए 20-30 मिनट तक व्यायाम करें, इससे आपका कोई कार्यक्रम भी नहीं छूटेगा और व्यायाम भी हो जायेगा।

### 6.अपने बारे में सोचना बंद करें

आप हर वक्त अपने आराम के बारे में सोचते हैं, इसके लिए छोटी-छोटी शारीरिक गतिविधियों को नकारते भी हैं। जबकि टुकड़ों में व्यायाम करके भी आप खुद को फिट रख सकते हैं।

शॉपिंग के बाद अपनी ट्रॉली को कार के पास न छोड़ें, उसे वापिस करके आयें, सब्जी लेने के लिए पैदल जायें, घर के आसपास की गंदगी खुद से साफ कीजिए। इससे आपको सुकून के साथ फिटनेस भी मिलेगी।

*Layout Designed by Anwar*

भारतीय गेंदबाजी की आलोचना पर मोर्ने मोर्कल ने चयन रणनीति का किया बचाव

# गेंदबाज कुलदीप यादव को लेकर मोर्कल ने दी सफाई

एजेंसी ।मैनचेस्टर

इंग्लैंड के खिलाफ जारी टेस्ट सीरीज में भारत को गेंदबाज़ी में संघर्ष करना पड़ा, खासकर तब जब टीम ने पिछले दस वर्षों में पहली बार एशिया और वेस्ट इंडीज के बाहर किसी मैच में 500 से अधिक रन लुटाए. इस प्रदर्शन के बाद भारतीय गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने कई तीखे सवालों का सामना किया. हालांकि उनके पास सभी सवालों के स्पष्ट जवाब नहीं थे—जैसे कि गेंदबाजों की घटती रफ्तार, शार्दुल ठाकुर का ऑलराउंडर के रूप में चयन और वॉशिंगटन सुंदर को देर से गेंदबाजी देना—लेकिन उन्होंने इतना जरूर साफ किया कि टीम चयन में बल्लेबाज़ी को अतिरिक्त गहराई देने को प्राथमिकता दी गई है.कुलदीप



यादव को अब तक इस दौरे पर एक भी टेस्ट में मौका नहीं मिला है, जिस पर मोर्कल से दिन के खेल के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कई बार सवाल पूछा गया. उन्होंने कहा, ₹मुद्दा यह है कि टीम का संतुलन कैसे बने और बल्लेबाजी क्रम को मजबूत कैसे रखा जाए. कुलदीप विश्वस्तरीय गेंदबाज हैं और शानदार फॉर्म में हैं, लेकिन बल्लेबाजी को लेकर संतुलन बैठाना कठिन हो जाता है.उन्होंने यह भी कहा कि टीम इंग्लैंड की आक्रामक बल्लेबाजी को देखते हुए स्कोरबोर्ड पर 400 से अधिक रन चाहती है, इसलिए बल्लेबाजी में गहराई जरूरी है.मोर्कल ने जोड़ा, ₹हमारे टॉप छह बल्लेबाज़ों से लगातार रन चाहिए ताकि हम कुलदीप जैसे स्ट्राइक बॉलर को टीम में ला सकें,

**क्या भारत रक्षात्मक हो गया है? :** जब उनसे पूछा गया कि भारत इतना रक्षात्मक क्यों खेल रहा है और क्या स्ट्राइक गेंदबाजों को खिलाकर रन का बोझ कम नहीं किया जा सकता, तो उन्होंने जवाब दिया, ₹ये विकल्प हमारे सामने होते हैं. लेकिन अब तक की टेस्ट सीरीज़ में हमारे स्पिनरों ने अच्छा प्रदर्शन किया है. लॉर्ड्स टेस्ट हम लगभग जीत ही गए थे और एजबेस्टन टेस्ट भी शानदार था.₹

**गेंदबाजों की रफ्तार और ऊर्जा पर चिंता :** दूसरे दिन भारत की गेंदबाज़ी काफी साधारण रही और मोर्कल ने स्वीकार किया कि गेंदबाज़ी इकाई बहुत ज़्यादा प्रयास करने लगी थी, जिससे लाइन-लेंथ बिगड़ी. उन्होंने कहा कि तीसरे दिन गेंदबाज़ों की लाइन बेहतर रही, लेकिन गेंद में वह ₹ऊर्जा₹ नहीं दिखी जो विकेट निकालने के लिए ज़रूरी होती है.उन्होंने कहा, ₹फ्लैट विकेटों पर आपको गेंद में थोड़ी अतिरिक्त तेजी और ऊर्जा चाहिए होती है ताकि आप कैच आउट या एलबीडब्ल्यू के मौके बना सकें.

### अंशुल कांबोज को डेब्यू क्यों?

अंशुल कांबोज को सीधे उड़ान से बुलाकर प्रसिद्ध कृष्णा की जगह टीम में शामिल करने पर मोर्कल ने कहा, ₹हमें ऐसा गेंदबाज़ चाहिए था जो लंबी स्पेल फेंक सके और ऑफ स्टंप के आसपास सटीक गेंदबाजी कर सके. कांबोज ने इंडिया ए टूर पर अच्छा प्रदर्शन किया और घरेलू क्रिकेट में भी प्रभावशाली रहे हैं. इसलिए उन्हें मौका दिया गया.₹

### शार्दुल और वॉशिंगटन के इस्तेमाल पर सफाई

शार्दुल ठाकुर को ज्यादा गेंदबाजी नहीं दी गई, जिस पर मोर्कल ने कहा कि चार तेज गेंदबाजों के साथ खेलना फिट नहीं बैठता जब रनरेट 5 प्रति ओवर हो.उन्होंने कहा,₹ऐसे समय में कप्तान विकेट लेने के लिए अपने स्ट्राइक बॉलर्स को वापस लाना चाहता है.वहीं वॉशिंगटन सुंदर को आखिर में गेंदबाजी दी गई, जहां उन्होंने दो विकेट लेकर कुछ नियंत्रण भी दिखाया. इस पर मोर्कल ने कहा, ₹शुभमन गिल ने शुरुआत में सीमर्स को तरजीह दी, क्योंकि शुरुआत में गेंद मूव कर रही थी. लेकिन जब वॉशिंगटन को मौका मिला, उन्होंने अच्छा काम किया.

## जो रूट हर पारी के साथ निपुण होते जा रहे हैं: जोनाथन ट्रॉट

एजेंसी ।नई दिल्ली



इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट ने ओल्ड ट्रैफर्ड में चौथे टेस्ट की पहली पारी में 150 रन बनाए. इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर जोनाथन ट्रॉट के मुताबिक यह करिश्माई खिलाड़ी हर पारी के साथ अपने खेल में निपुणता हासिल कर रहा है. जो रूट टेस्ट इतिहास में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में दूसरे पायदान पर हैं. जो रूट इस मामले में रिकी पोंटिंग (13,378), जैक्स कैलिस (13,289) और राहुल द्रविड़ (13,288) को पछाड़ चुके हैं. इस फेहरिस्त में सचिन तेंदुलकर (15,921) टॉप पर हैं.

जोनाथन ट्रॉट ने 'जियोहॉटस्टार' पर कहा, ₹जो रूट का तरीका बेहद शानदार है. आप उन्हें अचानक तेजी से गियर बदलते हुए नहीं देखते. हालांकि, जब 'बैजबॉल' की शुरुआत हुई थी, तो उन्होंने थोड़ा प्रयोग जरूर किया. रूट ने सीमर्स के खिलाफ रैंप शॉट्स खेले, रिवर्स स्कूप्स भी लगाए, लेकिन अब उन्होंने वह सब छोड़ते हुए एक संतुलित दृष्टिकोण अपनाया है. शायद उस आक्रामक दौर की कुछ झलक अब भी उनके खेल में हो, लेकिन कुल मिलाकर रूट वैसा ही खेलते हैं, जो उनके लिए सबसे ज्यादा कारगर है.उन्होंने कहा, ₹जब विपक्षी टीम कड़ी टक्कर नहीं देती, तो रूट क्रीज पर डट जाते हैं.

**चाइना ओपन** : सात्विक-चिराग सेफा में पहुंचे

# उन्नति का सफर खत्म

एजेंसी ।चांगझोउ



भारतीय बैडमिंटन सितारे सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने वैश्विक सर्किट पर अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए शुक्रवार को शानदार जीत के साथ चाइना ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया. युवा उन्नति हुड्डा का शानदार सफर महिला एकल क्वार्टर फाइनल में थम गया.

दुनिया की तीसरे नंबर की पुरुष युगल जोड़ी, सात्विक और चिराग ने मलेशिया के ओंग येव सिन और टियो ई यी को सीधे गेमों में हराकर केवल 40 मिनट में 21-18, 21-14 से जीत हासिल की. भारतीय जोड़ी ने पूरे मैच में अपने खास आक्रामक अंदाज और सहज खेल का प्रदर्शन किया. इस जीत के साथ, उन्होंने मलेशियाई जोड़ी के खिलाफ अपने रिकॉर्ड को 7-3 तक सुधार लिया.पहले गेम में सात्विक-चिराग ने शुरुआती बढ़त हासिल की, लेकिन सिन और यी ने वापसी करते हुए अंतर कम कर दिया. भारतीयों ने अपना संयम बनाए रखा और 21-18 से गेम अपने नाम कर लिया. दूसरे गेम में, दोनों जोड़ियां 15-14 तक बराबरी पर रहीं, उसके बाद सात्विक और चिराग ने अपना रुख बदला और लगातार छह अंक जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया. यह साल का उनका चौथा सेमीफाइनल है, और अब उनका सामना दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी आरोन चिया और मलेशिया की सोह वूई यिक से होगा, जो एक बेहद रोमांचक मुकाबला होने की उम्मीद है. दूसरी ओर, 17 वर्षीय उन्नति हुड्डा का टूर्नामेंट में शानदार सफर जापान की दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी अकाने यामागुची के हाथों हारकर खत्म हुआ.

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु को प्री-क्वार्टर फाइनल में हराने वाली उन्नति को महज 33 मिनट में 16-21, 12-21 से हार का सामना करना पड़ा.अपने जोशीले प्रयास के बावजूद, उन्नति को यामागुची की अथक गति और सटीक शॉट-मेकिंग के सामने लय बनाए रखने में संघर्ष करना पड़ा. हालांकि उन्होंने शुरुआती गेम में मुकाबला कड़ा बनाए रखा, लेकिन यामागुची के लगातार जल्दी-जल्दी अंक बनाने से मुकाबला पलट गया. दूसरे गेम में भी यही स्थिति रही, जहां यामागुची का अनुभव युवा भारतीय के लिए बहुत ज्यादा साबित हुआ.उन्नति के बाहर होने के साथ, टूर्नामेंट में भारत की एकल चुनौती समाप्त हो गई है. अब सभी की निगाहें सात्विक और चिराग पर हैं.

**डीसी ओपन :** ब्रिटेन की एम्मा राडुकानु व कनाडा की लेयलाह फर्नांडीज सेमीफाइनल में

# शेल्टन और डी मिनौर पुरुष वर्ग के अंतिम चार में

एजेंसी ।वॉशिंगटन

ब्रिटेन की एम्मा राडुकानु ने डीसी ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली है. 2021 यूएस ओपन चैंपियन बनने के बाद यह उनका सबसे बड़ा टूर्नामेंट है, जहां वह अंतिम चार में पहुंची हैं. शुक्रवार को खेले गए महिला सिंगल्स क्वार्टरफाइनल में राडुकानु ने ग्रीस की मारिया सक्कारी को 6-4, 7-5 से हराया.गर्मी और उमस भरे दिन में (तापमान 32 डिग्री सेल्सियस के पार), राडुकानु को दूसरे सेट में 2-5 से पीछे रहने के बाद मेडिकल टाइमआउट लेना पड़ा. इसके बावजूद उन्होंने लगातार पांच गेम जीतते हुए मैच अपने नाम किया.राडुकानु ने मैच के बाद कहा, "मैं आमतौर पर गर्मी में ठीक रहती हूं, लेकिन आज काफी संघर्ष करना पड़ा. यह मेरा सबसे कठिन परिस्थितियों वाले मैचों में से एक था.

दूसरे सेट में मैं थोड़ी अस्थिर महसूस कर रही थी, लेकिन खुशी है कि मैं सीधे सेटों में मैच खत्म कर सकी.महिला वर्ग में ही कनाडा की लेयलाह फर्नांडीज ने भी सेमीफाइनल में प्रवेश किया. 2021 यूएस ओपन फाइनल में राडुकानु की प्रतिद्वंद्वी रहीं लेयलाह ने क्वालिफायर में टेलर टाउन्सेंड को 6-4, 7-6 (4) से हराया. सेमीफाइनल में उनका मुकाबला तीसरी वरीय और 2022 विंबलडन चैंपियन एलेना रायबाकिना से होगा, जिन्होंने मैग्डालेना फ्रेच को 6-3, 6-3 से मात दी. राडुकानु का सेमीफाइनल मुकाबला अब अन्ना कालिंस्काया से होगा, जिन्होंने चौथी वरीय क्लारा टॉसन को 6-3, 7-5 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई.

### पुरुष वर्ग में भी रोमांचक मुकाबले

पुरुष सिंगल्स में अमेरिका के बेन शेल्टन ने लगातार दूसरे साल डीसी ओपन सेमीफाइनल में जगह बनाई है. उन्होंने ऑल-अमेरिकन क्वार्टरफाइनल में फ्रांसेस टियाफो को 7-6 (2), 6-4 से हराया. शेल्टन ने 90 प्रतिशत पहले सर्व पॉइंट जीते और 146 मील प्रति घंटे की रफ्तार से नौवां ऐस लगाकर मैच समाप्त किया. चौथे वरीय शेल्टन अब शनिवार को शीर्ष वरीय टेलर फ्रिट्ज या बारहवें वरीय अलेजांद्रो डाविडोविच फोकीना में से किसी एक से भिड़ेंगे.पुरुष वर्ग का दूसरा सेमीफाइनल सातवें वरीय एलेक्स डी मिनौर और फ्रांस के कोरेंटिन माउटे के बीच होगा. डी मिनौर ने ब्रैंडन नाकाशिमा को 6-4, 6-4 से हराया, जबकि माउटे ने 2021 यूएस ओपन विजेता डेनिल मेदवेदेव को 1-6, 6-4, 6-4 से हराया. इस मैच में तीसरे सेट के दौरान आसमान में बिजली चमकने के कारण करीब एक घंटे का ब्रेक भी लेना पड़ा.डीसी ओपन के सेमीफाइनल मुकाबले अब और भी रोमांचक होने की उम्मीद है, जहां युवा सितारे और अनुभवी खिलाड़ी आमने-सामने होंगे.



डिविलियर्स के नहीं खेलने पर फुस्स हुई द. अफ्रीका की टीम

# पाकिस्तान ने 31 रन मैच जीता

एजेंसी ।नयी दिल्ली



विश्व चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स का रोमांच फैंस के सिर चढ़कर बोल रहा है. शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका चैंपियंस टीम का सामना पाकिस्तान चैंपियंस से हुआ. इस मैच में दक्षिण अफ्रीकी टीम नियमित कप्तान एबी डिविलियर्स के बिना उतरी थी. एरॉन फांगिसो कप्तानी कर रहे थे, जबकि पाकिस्तान टीम की कमान मोहम्मद हफीज संभाल रहे थे. पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने 20 ओवर में पांच विकेट गंवाकर 198 रन बनाए. जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 167 रन ही बना सकी.इस हार के बावजूद दक्षिण अफ्रीका की टीम अंक तालिका में शीर्ष पर काबिज है. उसके चार मैचों में तीन जीत और एक हार के साथ छह अंक हैं. वहीं, पाकिस्तान की टीम दूसरे स्थान पर पहुंच गई है. उसके तीन मैचों में दो जीत और एक बेनतीजा के साथ पांच अंक हैं. ऑस्ट्रेलियाई टीम तीन अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है. आज युवराज सिंह की अगुआई वाली भारत चैंपियंस टीम का मुकाबला ब्रेट ली की अगुआई वाली ऑस्ट्रेलियाई चैंपियंस टीम से है.

**पाकिस्तान की पारी :** टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की टीम के लिए सबसे ज्यादा उमर अमीन ने बनाए. उन्होंने 42 गेंद में चार चौके और तीन छक्कों की मदद से 58 रन बनाए. वहीं, शोएब मलिक ने 34 गेंद में पांच चौकों की मदद से 46 रन की नाबाद पारी खेली. शरजील खान 11 गेंद में 19 रन, कामरान अकमल 11 गेंद में 17 रन और कप्तान हफीज आठ रन बनाकर आउट हुए. आसिफ अली 11 गेंद में दो चौके और दो छक्कों की मदद से 23 रन बनाकर आउट हुए. आमिर यमीन चार गेंद में 11 रन बनाकर नाबाद रहे. दक्षिण अफ्रीका की ओर से डेन ओलिवियर ने दो विकेट लिए, जबकि विलजोएन, पार्नेल और डुमिनी को एक-एक विकेट मिला.

**द. अफ्रीका की पारी :** 199 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम के लिए सबसे ज्यादा रन मोर्ने वान विक ने बनाए. उन्होंने 20 गेंद में पांच चौके और दो छक्कों की मदद से 44 रन की नाबाद पारी खेली. वहीं, पार्नेल नौ गेंद में दो चौके और एक छक्के की मदद से 21 रन बनाकर आउट हुए. इसके अलावा दक्षिण अफ्रीका का कोई बल्लेबाज 15+ रन नहीं बना सका.

कोपा अमेरिका (महिला)

# ब्राजील ने कोलंबिया को गोलरहित ड्रॉ पर रोका

एजेंसी ।क्विटो



कोपा अमेरिका महिला फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप बी के अंतिम मुकाबले में शुक्रवार को ब्राज़ील ने एक खिलाड़ी कम होने के बावजूद मजबूत डिफेंस का प्रदर्शन करते हुए कोलंबिया को 0-0 की बराबरी पर रोक दिया. यह मैच गोलरहित ड्रॉ रहा, जबकि कोलंबिया को 70 मिनट तक एक अतिरिक्त खिलाड़ी के साथ खेलने का फायदा नहीं मिल सका.मैच का टर्निंग पॉइंट 21वें मिनट में आया, जब ब्राज़ील की गोलकीपर लोरेना को रेड कार्ड दिखाया गया. कोलंबिया की लिंडा कैईसेडो के तेज़ काउंटर अटैक के दौरान लोरेना ने बॉक्स से बाहर आकर हैंडबॉल किया, जिसके बाद रेफरी मिलाग्रोस अरुएला ने सहायक रेफरी मिरियाना अकीनो से सलाह लेकर उन्हें मैदान से बाहर भेज दिया. इसके बाद ब्राज़ील ने सब्स्टीट्यूट गोलकीपर क्लाउडिया को मैदान पर उतारा. कोलंबिया के पास कई मौके थे लेकिन वैलेरिन लोबोआ और मायरा रामिरेज़ के प्रयास गोल में तब्दील नहीं हो सके. मैच के बाद लोबोआ ने कहा, "यह बहुत मुश्किल और थकाने वाला मुकाबला था. हम जीतना चाहते थे, लेकिन अब हमें सेमीफाइनल की तैयारी पर ध्यान देना है.दूसरी ओर, ब्राज़ील ने रक्षात्मक रणनीति अपनाते हुए दूसरे हाफ में कुछ काउंटर अटैक किए. यास्मिन, गाबी पोर्टिल्हो और डुडिन्हा ने गोल करने की कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली. यास्मिन का एक फ्री किक इंजरी टाइम में क्रॉसबार से टकराया और गोल में तब्दील नहीं हो सका.

# ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे टी-20 में वेस्टइंडीज को हराया, सीरीज पर किया कब्जा

एजेंसी ।बासेटेरे



ऑस्ट्रेलिया के धाकड़ बल्लेबाज़ टिम डेविड की विस्फोटक शतकीय पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज़ के तीसरे मुकाबले में 6 विकेट से जीत दर्ज कर सीरीज़ पर 3-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है.वार्नर पार्क में खेले गए इस मुकाबले में डेविड ने सिर्फ 37 गेंदों पर 11 छक्कों और 6 चौकों की मदद से अपना पहला अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ा, जो ऑस्ट्रेलिया की ओर से टी20 क्रिकेट में सबसे तेज़ शतक है. इससे पहले यह रिकॉर्ड जोश इंग्लिस के नाम था, जिन्होंने 43 गेंदों में शतक जड़ा था.डेविड की ये पारी अंतरराष्ट्रीय टी20 में तीसरा सबसे तेज़ शतक भी है, उनसे तेज सिर्फ भारत के रोहित शर्मा और दक्षिण अफ्रीका के डेविड मिलर ने शतक बनाए हैं (35 गेंद में). डेविड ने मिशेल ओवेन (36* रन, 16 गेंद) के साथ मिलकर 128 रनों की अटूट साझेदारी कर ऑस्ट्रेलिया को 16.1 ओवर में 215/4 तक पहुंचा दिया.इससे पहले, वेस्टइंडीज ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान शाई होप (नाबाद 102 रन, 57 गेंद) की शानदार शतकीय पारी की मदद से 20 ओवर में 214/4 का बड़ा स्कोर खड़ा किया. होप ने ब्रैंडन किंग (62 रन, 36 गेंद) के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 125 रन जोड़े. होप, क्रिस गेल के बाद वेस्टइंडीज के दूसरे पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं जिनके नाम तीनों फॉर्मेट में शतक दर्ज है.ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत लड़खड़ाई थी, जब ग्लेन मैक्सवेल (20), जोश इंग्लिस (15), मिच मार्श (22) और कैमरन ग्रीन (11) सस्ते में आउट होकर पवेलियन लौटे. लेकिन इसके बाद टिम डेविड ने तूफानी अंदाज़ में रन बटोरते हुए मैच का रुख पलट दिया.वेस्टइंडीज की ओर से रोमारीओ शेफर्ड ने 2 विकेट लिए, जबकि जेसन होल्डर को 1 सफलता मिली.डेविड को 90 रन पर जीवनदान भी मिला, जब ब्रैंडन किंग ने डीप मिडविकेट पर उनका आसान कैच छोड़ दिया. इसके बाद डेविड ने कोई चूक नहीं की और अंतिम गेंद पर चौका लगाकर अपना शतक पूरा किया.

**फुटबॉल** लियोनेल मेसी और जोर्डी आल्बा पर एक मैच का लगा प्रतिबंध

# एफसी सिनसिनाटी के खिलाफ नहीं खेल पाएंगे दोनों खिलाड़ी

एजेंसी ।नई दिल्ली



इंटर मियामी के स्टार खिलाड़ी लियोनेल मेसी और जोर्डी आल्बा को मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) ने एक-एक मैच के लिए निलंबित कर दिया है. यह फैसला दोनों खिलाड़ियों के इस साल के एमएलएस ऑल-स्टार गेम में हिस्सा नहीं लेने के चलते लिया गया है. अब यह दोनों खिलाड़ी मियामी की अगली लीग मैच में एफसी सिनसिनाटी के खिलाफ नहीं खेल पाएंगे. एमएलएस ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा, लीग नियमों के अनुसार, कोई भी खिलाड़ी जो ऑल-स्टार गेम में बिना पूर्व स्वीकृति के भाग नहीं लेता, वह अपनी क्लब की अगली प्रतियोगिता में खेलने के लिए अयोग्य होता है.एमएलएस कमिश्नर डॉन गार्बर ने कहा, "मुझे पता है कि लियोनेल मेसी इस लीग से कितना प्रेम करते हैं. मुझे नहीं लगता कि कोई भी खिलाड़ी – या कोई और – मेजर लीग सॉकर के लिए मेसी से ज्यादा योगदान दिया है. मैं उनके इंटर मियामी के प्रति समर्पण को पूरी तरह समझता और सम्मान करता हूं. लेकिन ऑल-स्टार गेम में भागीदारी को लेकर हमारी एक पुरानी नीति है और हमें उसका पालन करना पड़ा. यह निर्णय लेना बहुत कठिन था.उन्होंने आगे कहा,हालांकि, हम इस नीति की समीक्षा करने जा रहे हैं. मैं खिलाड़ियों के साथ मिलकर काम करूंगा ताकि यह तय किया जा सके कि इस नियम को आगे कैसे विकसित किया जाए.गौरतलब है कि मेसी और आल्बा दोनों को प्रशंसकों और मीडिया द्वारा एमएलएस ऑल-स्टार मैच के लिए चुना गया था, लेकिन दोनों ने लीगा एमएक्स ऑल-स्टार्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले में भाग नहीं लिया, जिसमें एमएलएस ऑल-स्टार टीम ने 3-1 से जीत दर्ज की.पिछले साल भी मेसी ने चोट के कारण ऑल-स्टार गेम में हिस्सा नहीं लिया था. इंटर मियामी फिलहाल ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस तालिका में पांचवें स्थान पर है और शनिवार रात को चेस स्टेडियम, फोर्ट लॉडरडेल में पहले स्थान पर काबिज एफसी सिनसिनाटी की मेजबानी करेगा.

अनहत ने विश्व स्क्वाश जूनियर चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता

# अटवाल सीनियर ओपन में संयुक्त 5वें स्थान पर

एजेंसी ।नयी दिल्ली



युवा स्क्वाश खिलाड़ी अनहत सिंह शुक्रवार को कैरो में विश्व स्क्वाश जूनियर चैंपियनशिप के महिला एकल सेमीफाइनल में मिस्र की नाडिएन एलहमामी से हार गईं जिससे उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा. दूसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने कड़ी टक्कर दी लेकिन अंत में मिस्र की खिलाड़ी से 6-11, 12-14, 10-12 से हार गईं.

सेमीफाइनल में पहुंचने के साथ ही 17 वर्षीय अनहत 2010 में दीपिका पल्लीकल के बाद टूर्नामेंट के अंतिम चार में पहुंचने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गईं थीं. अगर वह जीत जातीं तो 2005 में जोशना चिनप्पा के ऐतिहासिक प्रदर्शन के बाद महिला व्यक्तिगत वर्ग में फाइनल में पहुंचने वाली केवल दूसरी भारतीय बन जातीं.

चैंपियंस टूर पीजीए में अपना दूसरा टूर्नामेंट खेल रहे भारतीय गोल्फर अर्जुन अटवाल ने आईएसपीएस हांडा सीनियर ओपन के पहले दौर में तीन अंडर 67 का शानदार कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर बने हुए हैं. अटवाल ने इससे पहले यूएस सीनियर ओपन में भी कट हासिल किया था. भारत के दो अन्य गोल्फर ज्योति रंधावा (70) इवन पार के कार्ड से संयुक्त 42वें जबकि जीव मिल्खा सिंह (71) एक ओवर से संयुक्त 69वें स्थान पर बने हुए हैं. संयुक्त रूप से 70 स्थान पर रहने वाले गोल्फर कट हासिल करेंगे.

## ब्रीफ न्यूज

### चार वाहनों की भीषण टक्कर, ट्रक चालक फंसा

**कैमूर।** दुर्गावती थाना क्षेत्र में शनिवार तड़के एनएच-19 पर कुलहड़िया मोड़ के पास चार वाहनों की जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें एक ट्रक ड्राइवर फंस गया. घटना शनिवार सुबह लगभग 4:30 बजे हुई. मोहनिया से वाराणसी की ओर जा रहा तेज रफ्तार बालू लदा ट्रक सड़क किनारे खड़ी मैजिक गाड़ी से टकराया. टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक ने मैजिक को घसीटते हुए आगे खड़े लोहा लदे दो ट्रकों से टक्कर मार दी. इस दुर्घटना में बालू लदे ट्रक का ड्राइवर अपनी गाड़ी में फंस गया, जिसे स्थानीय ग्रामीणों ने देखा और तुरंत पुलिस तथा एनएचएआई टीम को सूचना दी.

### एंबुलेंस में जा रही बेहोश महिला से हुआ गैंगरेप

**गया।** होमगार्ड भर्ती परीक्षा के दौरान एक महिला बेहोश हो गई और उसे अस्पताल ले जाने के लिए एंबुलेंस में ले जाया जा रहा था, तभी एंबुलेंस में उसके गैंगरेप किया गया. यह घटना 24 जुलाई को बोधगया में बिहार सैन्य पुलिस मैदान में होमगार्ड भर्ती परीक्षा के दौरान हुई. बताया जाता है कि महिला शारीरिक परीक्षण के दौरान बेहोश हो गई थी. जिसके बाद उसे एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया जा रहा था. पीड़ता का आरोप है कि एंबुलेंस में उसके साथ कई लोगों ने बलात्कार किया, जबकि वह बेहोश थी. महिला के बयान के आधार पर बोधगया पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज की गई है.

### 75 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार हुआ

**मुंगेर।** पुलिस की सतर्कता और तत्परता ने बड़ी तस्करी की साजिश को नाकाम कर दिया है. धपरी असरगंज मुख्य मार्ग के बेराय गांव के पास 75 किलो गांजा के साथ एक गांजा तस्कर बिट्टू कुमार को गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार तस्कर बेगूसराय जिले के साहेबपुर कमाल का रहने वाला है और वह बेगूसराय से गांजा लेकर मुंगेर के तारापुर में सप्लाई करने के मकसद से जा रहा था. पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कच्ची कांवरिया पथ के रास्ते मुंगेर में गांजे की बड़ी खेप आने वाली है. इस सूचना के आधार पर एसपी के आदेश पर एक विशेष पुलिस टीम गठित की गई और सघन वाहन जांच अभियान शुरू किया गया.

## केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने चुनाव आयोग के एसआईआर का किया समर्थन, बताया

# लोकतंत्र को मजबूत करनेवाली संवैधानिक प्रक्रिया

**शुभम संदेश।पटना**

केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह ने चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को पूरी तरह से समर्थन करते हुए इसे लोकतंत्र को मजबूत करने वाली संवैधानिक प्रक्रिया बताया है. सिंह ने केंद्र समेत बिहार में तेजस्वी यादव द्वारा किये जा रहे सवाल पर करारा जवाब दिया. उन्होंने इस पहल को गैर-नागरिकों, डुप्लिकेट मतदाताओं और स्थायी रूप से विदेश में रहने वाले मतदाताओं को सूची से हटाने के लिए आवश्यक करार दिया. सिंह ने विपक्ष के इस विरोध पर सवाल उठाते हुए कहा कि क्या फर्जी मतदाताओं के साथ चुनाव होने चाहिए? उन्होंने जनता के व्यापक समर्थन पर भी जोर दिया. पत्रकारों से बातचीत के दौरान ललन सिंह ने कहा, चुनाव आयोग का निर्णय है कि एक विशेष गहन पुनरीक्षण किया जाएगा, जिसके तहत





उन लोगों को मतदाता सूची से हटाया जाएगा जो इस देश के नागरिक नहीं हैं. उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिन लोगों के नाम दो अलग-अलग जगहों पर मतदाता सूची में हैं, उन्हें हटाया जाएगा. इसके अलावा, विदेश में स्थायी रूप से रह रहे लोगों के नाम मतदाता सूची में बने रहना उचित नहीं है. उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण पूरी तरह से संविधान के अनुरूप है और इससे लोकतंत्र की जड़ें और मजबूत होंगी. जदयू नेता ने कहा, देश के मतदाता भी इस पहल का समर्थन करते हैं, इसलिए विपक्ष इस मुद्दे पर क्यों डर रहा है? उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रक्रिया का उद्देश्य निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करना है और इससे लोकतंत्र की गुणवत्ता बेहतर होगी.

वहीं, इस मामले पर केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने भी प्रतिक्रिया दी. उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर सवाल तब ही उठाए जाते हैं जब विपक्ष को चुनाव हारने का डर सताने लगे. जोशी ने महाराष्ट्र चुनाव के बाद भी ऐसे आरोप लगाए जाने की बात कही और कांग्रेस पर चुनाव हार से पहले बहाने बनाने का आरोप लगाया. इस बीच, बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के खिलाफ भारतीय राष्ट्रीय विकास समावेशी गठबंधन (इंडिया) के सांसदों ने विरोध प्रदर्शन किया. यह प्रदर्शन लगातार पांचवें दिन भी संसद के मकर द्वार पर जारी रहा.

इस विरोध में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी की वरिष्ठ नेता प्रियंका गांधी सहित कई अन्य कांग्रेस नेताओं ने भी भाग लिया. विपक्ष का कहना है कि यह पुनरीक्षण प्रक्रिया मनमानी और राजनीतिक एजेंडे के तहत की जा रही है, जिससे कई वाजिब मतदाताओं के नाम हटाए जा सकते हैं. उन्होंने इसे लोकतंत्र के लिए खतरा बताया है और इसे वापस लेने की मांग की है. वहीं, सरकार इस प्रक्रिया को लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक बता रही है. विशेष गहन पुनरीक्षण का उद्देश्य मतदाता सूची को साफ़-सुथरा और सटीक बनाना है ताकि चुनाव निष्पक्ष और पारदर्शी हो सकें. चुनाव आयोग का कहना है कि इस प्रक्रिया से वोटिंग प्रणाली की विश्वसनीयता बढ़ेगी और किसी भी प्रकार के अवैध मतदान को रोका जा सकेगा. इस पूरे घटनाक्रम ने चुनावी माहौल को और गर्मा दिया है, खासकर बिहार जैसे संवेदनशील राज्यों में जहां आगामी चुनावों को लेकर राजनीतिक सक्रियता चरम पर है. इसके साथ ही यह मुद्दा आगामी विधानसभा चुनावों में राजनीतिक दलों के बीच बहस का केंद्र बना हुआ है. कुल मिलाकर, चुनाव आयोग का यह कदम देश में चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता बढ़ाने और मतदाता सूची को अधिक विश्वसनीय बनाने की दिशा में एक बड़ा प्रयास माना जा रहा है.

# अपराधी अजय नट के साथ मुठभेड़, पैर में लगीं दो गोलियां

- पुलिस के मुताबिक अजय नट नट गिरोह का प्रमुख सदस्य है और उस पर गोपालगंज, सीवान, सारण और उत्तर प्रदेश में लूट, छिनतई और हत्या के प्रयास जैसे करीब तीन दर्जन संगीन मामले दर्ज हैं.

**एजेंसियां।गोपालगंज**

मीरगंज थाना क्षेत्र के जिगना ढाला के पास पुलिस और कुख्यात नट गिरोह के 25 हजार के इनामी अपराधी अजय नट के बीच मुठभेड़ हुई. इस मुठभेड़ में अजय नट के पैर में दो गोलियां लगीं, जिसके बाद उसे इलाज के लिए गोपालगंज सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया. गोपालगंज एसपी अवधेश दीक्षित ने खुद अस्पताल पहुंचकर जख्मी अपराधी से पूछताछ की. जानकारी के अनुसार, अजय नट सारण जिले के दाऊदपुर थाना क्षेत्र के बंगरा बिंदु टोली गांव निवासी रामनाथ नट का बेटा है. एसपी अवधेश दीक्षित ने बताया कि अजय नट को शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के गोरखपुर से गिरफ्तार किया गया था. गिरफ्तारी के बाद उसे गोपालगंज लाया गया था. शनिवार की सुबह मीरगंज थाना पुलिस उसे हथियारों की बरामदगी के लिए जिगना ढाला ले जा रही थी. इसी दौरान अजय नट ने पुलिस पर छिपाए गए हथियार से फायरिंग कर दी. पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई करते हुए गोली चलाई, जिसमें अजय नट के पैर में दो गोलियां लगीं. वह मौके पर ही घायल होकर गिर पड़ा. पुलिस ने उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया. पुलिस के मुताबिक अजय नट नट गिरोह का प्रमुख सदस्य है और उस पर गोपालगंज, सीवान, सारण और उत्तर प्रदेश में लूट, छिनतई और हत्या के प्रयास जैसे करीब तीन दर्जन संगीन मामले दर्ज हैं. इससे पहले पुलिस ने उसके दो साथियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. एसपी अवधेश दीक्षित ने बताया कि इस मुठभेड़ से नट गिरोह की वारदातों में कमी आने की उम्मीद है. पुलिस ने इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी है और अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रखने का भरोसा दिया है.

## चिराग पासवान ने तेजस्वी को दिया चुनाव बहिष्कार की खुली चुनौती, कहा

# हिम्मत हो तो अकेले लड़ें चुनाव

**शुभम संदेश।पटना**

पटना में केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के चुनाव बहिष्कार के बयान पर जमकर हमला बोला. चिराग पासवान ने तेजस्वी को खुली चुनौती दी कि अगर हिम्मत है तो चुनाव बहिष्कार कर दिखाएं. उन्होंने कहा कि राजद बिहार की सबसे पुरानी पार्टी है और 15 साल तक सत्ता में रही है, फिर भी उसमें इतनी हिम्मत नहीं कि वह अकेले चुनाव लड़ सके. ऐसे में जो अकेले चुनाव नहीं लड़ सकते, वे चुनाव बहिष्कार की बात क्या करेंगे. चिराग पासवान ने विपक्ष की किरकिरी करते हुए कहा कि ये राजनीतिक दल चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं रखते, इसलिए वे बहिष्कार की बात करते हैं. उन्होंने बताया कि राजद की गठबंधन कांग्रेस से भी है, जो देश की सबसे पुरानी पार्टी है, लेकिन कांग्रेस में भी अकेले चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं है. इसके विपरीत, चिराग पासवान ने खुद 2020 में अकेले चुनाव लड़ने





की हिम्मत दिखाई, जबकि तब उनके नेता का निधन हुआ था और पहले चरण के नामांकन चल रहे थे.

उन्होंने कहा, अगर विपक्ष में भी हिम्मत है तो अकेले चुनाव लड़कर दिखाएं. जो अकेले चुनाव नहीं लड़ सकते, वे बहिष्कार की बात क्यों करें? चिराग ने विपक्ष की राजनीति को डराने-धमकाने की आदत बताते हुए कहा कि विपक्ष ने लोकसभा चुनाव के दौरान भी मोदी सरकार को डराने की कोशिश की थी. विपक्ष ने दावा किया था कि अगर मोदी फिर से सत्ता में आए तो आरक्षण खत्म हो जाएगा, लोकतंत्र की हत्या हो जाएगी और संविधान समाप्त हो जाएगा. लेकिन सरकार को एक साल हो गया, किसका आरक्षण छिना? कहां लोकतंत्र खत्म हुआ? कहां संविधान खत्म हुआ? चिराग पासवान ने बताया कि एसआईआर (स्पेशल इंडस्ट्रीयल रिजर्व) को लेकर जो भ्रम फैलाया गया, वही नागरिकता कानून को लेकर भी फैलाया गया था. विपक्ष ने नागरिकता देने वाले कानून को छीनने वाला कानून बता कर डराया था.

## न्यूज अपडेट

### उत्पाद विभाग की टीम पर ग्रामीणों ने किया हमला

**वैशाली।** महनार थाना क्षेत्र के पहाड़पुर में शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करने गई उत्पाद विभाग की टीम पर ग्रामीणों ने पथराव और मारपीट कर हमला कर दिया. यह घटना महनार स्टेशन रोड के पास तब हुई जब टीम ने शराब पीते दो लोगों को गिरफ्तार किया था. गुस्साए ग्रामीणों ने टीम को घेरकर पथराव शुरू कर दिया, जिससे उत्पाद विभाग का वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. इस हमले में उत्पाद निरीक्षक कुमारी पल्लवी, होमगार्ड जवान देवनाथ सिंह, ड्राइवर चंदन कुमार और सुजीत कुमार घायल हो गए. जख्मियों को महनार के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है. होमगार्ड जवान देवनाथ सिंह ने बताया कि वे गांव में गश्त कर रहे थे, तभी कुछ लोगों को शराब पीते पकड़ा गया. दो लोगों को गिरफ्तार करने पर ग्रामीणों ने टीम को घेर लिया और हमला कर दिया. उनका हाथ गंभीर रूप से घायल हुआ है. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और मामले की गंभीरता को देखते हुए पूरी जांच-पड़ताल में जुट गई है. इस घटना से इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है.

### पत्रकारों को हर महीने मिलेगी 15 हजार रुपए पेंशन

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पत्रकारों के लिए बड़ी सौगात का ऐलान किया है. उन्होंने कहा कि बिहार पत्रकार सम्मान पेंशन योजना के तहत पात्र पत्रकारों को अब हर महीने 15 हजार रुपए पेंशन मिलेगी, जो पहले 6 हजार रुपए थी. यह बढ़ोतरी पत्रकारों के जीवन स्तर को सुधारने और उन्हें सम्मान देने के मकसद से की गई है. मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर जानकारी देते हुए बताया कि पत्रकारों की मृत्यु के बाद उनके आश्रित पति या पत्नी को भी अब 3 हजार रुपए की जगह 10 हजार रुपए प्रति माह पेंशन दी जाएगी. इस कदम से पत्रकारों के परिवारों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और उन्हें बेहतर सुरक्षा मिलेगी. नीतीश कुमार ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ हैं और समाज में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है. सरकार उनकी सुविधा और सम्मानजनक जीवन के लिए निरंतर प्रयासरत है. उन्होंने यह भी कहा कि बिहार सरकार पत्रकारों के हित में विभिन्न योजनाओं को मजबूत कर रही है ताकि वे निर्भीक होकर अपनी भूमिका निभा सकें. यह पेंशन योजना बिहार के पत्रकारों के लिए एक बड़ी राहत और प्रोत्साहन साबित होगी. इससे न केवल पत्रकारों को आर्थिक सहारा मिलेगा, बल्कि उनके परिवार भी सुरक्षित महसूस करेंगे. मुख्यमंत्री का यह फैसला चुनावी माहौल में पत्रकारों को सम्मान देने और उनके साथ संवेदनशीलता दिखाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है.

### इलेक्ट्रिक दुकान पर अपराधियों ने की फायरिंग

**नवादा।** एक बार फिर अपराधियों ने दुस्साहसिक वारदात को अंजाम दिया. हिसुआ थाना क्षेत्र के दरबार चौक के पास स्थित एक इलेक्ट्रिक दुकान पर हथियारबंद अपराधियों ने न सिर्फ फायरिंग की, बल्कि दुकानदार पर हेलमेट से हमला भी किया. घटना के संबंध में पीड़ित दुकानदार नीरज प्रकाश ने बताया कि दो बाइक पर सवार छह युवक उनकी दुकान पर पहुंचे थे. एक युवक ने दुकान में आकर पंखे का स्विच मांगा. जब नीरज ने मॉडल नंबर पूछा, तो युवक भड़क उठा और अशोभनीय भाषा का प्रयोग करने लगा. विरोध करने पर उसने नीरज के सिर पर हेलमेट से वार कर दिया जिससे उनका सिर फट गया. इस बीच अन्य युवक दुकान के बाहर से ताबड़तोड़ फायरिंग करते हुए फरार हो गए. गनीमत रही कि इस गोलीबारी में कोई व्यक्ति घायल नहीं हुआ. दुकान मालिक का कहना है कि उनकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं है, इसलिए इस हमले का कोई कारण समझ नहीं आ रहा.

### संपत्ति विवाद में पत्नी की गला रेतकर हत्या की

**गोपालगंज।** कुचायकोट थाना क्षेत्र स्थित बेदोली गांव में संपत्ति विवाद एक व्यक्ति ने अपनी ही पत्नी की गला रेतकर हत्या कर दी. स्थानीय निवासी बाहरण यादव ने हाल ही में अपने पिता महंत यादव की पुश्तैनी संपत्ति और घर को बेच दिया, जिससे उसकी पत्नी गंभीर रूप से नाराज़ थी. इस बात को लेकर घर में पहले भी विवाद होता रहा था.पत्नी नाराज होकर मायके चली गई थी. कुछ दिन पहले उसे मनाकर वापस लाया था, लेकिन पुरानी कड़वाहट फिर से उभर आई. शनिवार देर रात दोनों के बीच फिर से बहस हुई. गुस्से में आकर बाहरण ने धारदार हथियार से पत्नी का गला रेत डाला.महिला की मौके पर ही मौत हो गई. घटना की सूचना मिलते ही कुचायकोट थाना पुलिस और वरीय अधिकारी मौके पर पहुंचे.डीएसपी विजय कुमार मिश्रा ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची.

## कारोबार

### भारत की इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग स्कीम पर संकट के बादल

**नयी दिल्ली।** चीन की ओर से रेयर अर्थ एलिमेंट्स की सप्लाई में रुकावट का असर अब भारत में दिखने लगा है. इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग स्कीम (ईसीएमएस) के तहत आवेदन करने वाली कुछ कंपनियों ने सरकार को चेतावनी दी है कि अगर यह स्थिति अगले छह महीनों तक बनी रही, तो वे प्रोडक्शन और एक्सपोर्ट से जुड़े लक्ष्य पूरे नहीं कर पाएंगी. इससे 22,919 करोड़ रुपये की यह महत्वाकांक्षी स्कीम विफल हो सकती है.

### छोटे व्यापारी बंद कर रहे हैं यूपीआई पेमेंट लेना

**नयी दिल्ली।** इन दिनों सरकार का अप्रत्यक्ष कर विभाग यानी जीएसटी विभाग बेहद सक्रिय हो गया है. कारोबारियों का टर्नओवर अगर कुछ हजारों या लाखों तक भी पहुंचता है, तो उन्हें टैक्स डिमांड या नोटिस भेजा जा रहा है. यही वजह है कि देशभर खासकर दक्षिण भारत के कई शहरों में छोटे व्यापारी अब यूपीआई पेमेंट लेना ही बंद कर रहे हैं. दिल्ली-एनसीआर में भी इसका असर देखा जा रहा है.

## भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर को मिली राहतः चीनी निवेश पर सरकार नरम

# डिक्सन-लॉन्गचीयर जेवी को मंजूरी

**एजेंसी।नयी दिल्ली**

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भले ही चीन और भारत पर निशाना साध रहे हों, लेकिन भारत में हालात कुछ और ही तस्वीर दिखा रहे हैं. भारत और चीन के रिश्तों में लंबे समय से तनाव बना हुआ है, खासकर जून 2020 की गलवान घाटी झड़प के बाद. इसके चलते भारत सरकार ने चीन से आने वाले निवेश पर सख्त प्रतिबंध लगा दिए थे. लेकिन अब लगता है कि मोदी सरकार चीन को लेकर अपने रुख में कुछ नरमी लाने को तैयार है, खासकर इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर में. एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग कंपनी डिक्सन टेक्नोलॉजीज और चीन की लॉन्गचीयर इंटेलीजेंस के बीच हुए संयुक्त उद्यम (जेवी) को केंद्र सरकार ने मंजूरी दे दी है. इस जेवी में डिक्सन की 74% और लॉन्गचीयर की 26% हिस्सेदारी होगी. इस कदम को भारतीय इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग के



लिए बड़ा बूस्ट माना जा रहा है, क्योंकि यह संकेत देता है कि चीनी कंपनियों को फिर से भारतीय बाजार में टेक्नोलॉजी के साथ साझेदारी का मौका मिल सकता है. डिक्सन को मिली इस मंजूरी के बाद अन्य भारतीय कंपनियों जैसे इपैक, पीजी इलेक्ट्रोप्लास्ट, अंबर इंटरप्राइजेज और कार्बन मोबाइल ने भी चीनी कंपनियों के साथ साझेदारी की योजना बनानी शुरू कर दी है. इससे यह स्पष्ट हो रहा है कि अब घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग चीनी तकनीक और निवेश का लाभ उठाकर खुद को और मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है.

पीजी के एमडी (ऑपरेशंस) विकास गुप्ता का कहना है कि डिक्सन को मिली मंजूरी इंडस्ट्री के लिए सकारात्मक संकेत है. उन्होंने कहा कि भारतीय कंपनियों को चीनी टेक्नोलॉजी और अनुभव की जरूरत है, जिससे उत्पादन गुणवत्ता और क्षमता दोनों को बेहतर बनाया जा सके. मोदी सरकार ने हाल ही में यह स्पष्ट किया है कि वह केवल असेंबली यूनिट्स नहीं, बल्कि टेक्नोलॉजी ट्रांसफर और रिसर्च पर आधारित निवेश को प्रोत्साहित करेगी. नीति आयोग ने भी चीन से निवेश पर लगे प्रतिबंधों में ढील देने का सुझाव दिया है. एक रिपोर्ट में बताया गया था कि सरकार इलेक्ट्रॉनिक सेक्टर में चीन से निवेश को लेकर समर्थन दे सकती है. सरकार का यह नरम रुख तब सामने आया जब विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बीजिंग में अपने चीनी समकक्ष वांग यी से मुलाकात की. यह बैठक कई वर्षों में दोनों देशों के बीच उच्चस्तरीय बातचीत के रूप में देखी गई. इसके तुरंत बाद भारत ने पांच साल में पहली बार चीनी नागरिकों को पर्यटक वीजा जारी करना भी फिर से शुरू किया.

भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर की चीन पर भारी निर्भरता भी सरकार को नीतियों पर पुनर्विचार के लिए मजबूर कर रही है. भारत में आयात होने वाले लगभग 70-75% इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स चीन से आते हैं. बाकी ताइवान, थाईलैंड, वियतनाम, दक्षिण कोरिया और जापान जैसे देशों से आते हैं, लेकिन इनका भी एक बड़ा हिस्सा चीनी कंपनियों द्वारा ही निर्मित होता है. 2020 के बाद लागू हुए पीएन3 नियमों के तहत चीन जैसे सीमावर्ती देशों के निवेशकों को भारत में निवेश के लिए विभिन्न विभागों से मंजूरी लेनी होती है. हालांकि, मौजूदा माहौल में यह स्पष्ट है कि अगर निवेश टेक्नोलॉजी ट्रांसफर और भारत में निर्माण को बढ़ावा देने वाला हो, तो उसे समर्थन मिल सकता है.

डिक्सन-लॉन्गचीयर जेवी को मिली मंजूरी ने भारतीय उद्योग जगत में नई उम्मीद जगा दी है. यह न केवल निवेश को गति देगा बल्कि भारत में इलेक्ट्रॉनिक निर्माण को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने में मदद करेगा. अब सबकी नजरें इस जेवी की सफलता पर और सरकार की आगे की नीतियों पर टिकी हैं.

### मस्क की बादशाहत खतरे में, लैरी बना रहे फासला



**नयी दिल्ली।** दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क की कुर्सी अब खतरे में नजर आ रही है. इस साल उनकी नेटवर्थ में भारी गिरावट दर्ज की गई है. ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के अनुसार टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क की संपत्ति में इस साल 70.9 अरब डॉलर की गिरावट आई है और अब उनकी कुल नेटवर्थ 362 अरब डॉलर रह गई है. इस बीच टेक कंपनी ओरेकल के फाउंडर लैरी एलिसन तेजी से मस्क के करीब पहुंच रहे हैं. उनकी कुल नेटवर्थ अब 296 अरब डॉलर हो गई है. इस साल एलिसन की संपत्ति में 104 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई है और उन्होंने औसतन हर दिन करीब 500 मिलियन डॉलर (करीब 4,322 करोड़ रुपये) कमाए हैं. अब मस्क और एलिसन के बीच केवल 66 अरब डॉलर का अंतर रह गया है. 80 वर्षीय एलिसन की कंपनी ओरेकल में 40% से अधिक हिस्सेदारी है.

## गिरावट

## विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार तीसरे सप्ताह गिरावट, एफसीए व एसडीआर में कमी

# भारत का भंडार घटकर $695.489 अरब डॉलर पर पहुंचा

**एजेंसी।नयी दिल्ली**

भारत के विदेशी मुद्रा भंडार के मोर्चे पर स्थिति फिलहाल चिंताजनक बनी हुई है. यह लगातार तीसरा सप्ताह है जब देश के फॉरेक्स रिजर्व में गिरावट दर्ज की गई है. भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा शुक्रवार को जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार 18 जुलाई 2025 को समाप्त सप्ताह में भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में $1.183 अरब की कमी आई है. इस गिरावट के बाद अब देश का कुल भंडार घटकर $695.489 अरब डॉलर पर आ गया है. इससे पिछले सप्ताह (11 जुलाई को समाप्त सप्ताह) में भी $3.064 अरब की बड़ी गिरावट दर्ज की गई थी. अगर रिकॉर्ड स्तर से तुलना करें



तो यह भंडार अब तक $9.396 अरब की गिरावट देख चुका है. गौरतलब है कि 27 सितंबर 2024 को भारत का विदेशी मुद्रा भंडार $704.885 अरब डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था. विदेशी मुद्रा भंडार में सबसे अधिक कमी फॉरेन करेंसी एसेट्स (एफसीए) में दर्ज की गई है. 18 जुलाई को समाप्त सप्ताह में एफसीए में $1.201 अरब की गिरावट आई है, जिससे इसका कुल मूल्य घटकर $587.609 अरब रह गया है. एक सप्ताह पहले भी इसमें $2.477 अरब की भारी गिरावट दर्ज हुई थी. एफसीए विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा हिस्सा होता है और इसमें यूरो, येन, पाउंड जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के मूल्य में बदलाव का असर भी शामिल होता है. जहां एफसीए और अन्य मदों में गिरावट देखी गई है, वहीं सोने के भंडार में मामूली बढ़त दर्ज की गई है.

समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान देश के गोल्ड रिजर्व में $150 मिलियन की बढ़ोतरी हुई है. इससे एक सप्ताह पहले इसमें $737 मिलियन की कमी आई थी, जबकि उससे पहले चार जुलाई को $342 मिलियन की वृद्धि दर्ज की गई थी. अब देश का कुल सोने का भंडार बढ़कर $84.499 अरब डॉलर हो गया है. स्पेशल ड्रॉइंग राइट्स (एसडीआर) में भी गिरावट का रुख जारी है. 18 जुलाई को समाप्त सप्ताह में एसडीआर में $119 मिलियन की कमी दर्ज की गई, जिससे इसका कुल मूल्य घटकर $18.683 अरब डॉलर रह गया है. इससे पहले सप्ताह में एसडीआर में $66 मिलियन की गिरावट हुई थी. इसी तरह, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास जमा भारत के भंडार में भी $13 मिलियन की कमी आई है, जिससे इसका मूल्य घटकर $4.698 अरब डॉलर रह गया है.

लगातार तीन सप्ताह से विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट भारत के लिए आर्थिक दृष्टिकोण से एक अहम संकेत है. इसमें वैश्विक वित्तीय बाजारों की अस्थिरता, डॉलर की मजबूती और आयात बढ़ने जैसे कई कारण हो सकते हैं. यह स्थिति विदेशी निवेशकों के लिए भी एक निगाह रखने योग्य कारक बन गई है.

### भारत का विनिर्माण पीएमआई 17.5 वर्षों के उच्चतम स्तर पर पहुंचा

**नयी दिल्ली।** जुलाई में भारत की विनिर्माण गतिविधियां 17.5 वर्षों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई हैं. एसएंडपी ग्लोबल द्वारा जारी एचएसबीसी फ्लैश इंडिया मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई जुलाई में 59.2 पर पहुंच गया, जबकि जून में यह 58.4 था. यह उल्लेखनीय उछाल घरेलू और वैश्विक मांग की मजबूती को दर्शाता है, जो विनिर्माण क्षेत्र में तेज वृद्धि का संकेत देता है. सिर्फ विनिर्माण ही नहीं, बल्कि सेवा क्षेत्र का पीएमआई भी जुलाई में 60.7 तक पहुंच गया, जो पिछले एक वर्ष में सबसे तेज वृद्धि है. इस वृद्धि के पीछे तेज मांग, तकनीकी निवेश और उत्पादन क्षमताओं के विस्तार का बड़ा योगदान है. खासतौर पर सेवा क्षेत्र में रोजगार के अवसरों में भी मजबूती आई है.

## पेज एक का शेष

### वनाधिकार कोई 'लाइसेंस टू किल ...

बगैर किसी सरकारी फंड और सरकार के भरोसे गांव वाले खुद जल, जंगल और जमीन की रक्षा बिर होरो नीः (जंगल का रखवाला) जैसी परंपरागत पद्धतियों से करते आ रहे हैं. जंगल को आग से बचाने के लिए लातेहार जिला के बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत ततहा ग्राम सभा ने अपने जंगल में फायर लाइन बनाया है. इस फायर लाइन में ग्राम सभा अपने सीमा क्षेत्र में 10 फुट चौड़ी लाइन में सूखे पत्ते और झाड़ियों को अच्छी तरह साफ किया गया और छोटी झाड़ी, घास फूस को भी. ताकि दूसरी ग्राम सभा के जंगल से यदि आग फैलते हुए आएं तो अपने ग्राम सभा की तरफ न बढ़ सकें. वैज्ञानिक रूप से साबित है कि आग 10 फीट खाली जगह से पार होकर आगे नहीं बढ़ पाती है. इससे ग्राम सभा ने अपने जंगल को आग से बचाया. ग्राम सभा लोगों ने फायर लाइन गांव चारों तरफ सीवाना में करीब 10 किमी से भी अधिक फायर लाइन बनाई है. यह काम ग्राम सभा सामुदायिक वन प्रबंधन के अन्तर्गत हुआ है. सामुदायिक वन संरक्षण के ये कुछ उदाहरण मात्र हैं. झारखंड सहित देश के अन्य हिस्सों में ऐसे सैकड़ों पहल ग्राम सभाओं द्वारा किये गये हैं. वनधिकार पर यह आरोप भी लगता रहा है कि इससे 'भूमि हड़प' या अतिक्रमण बढ़े हैं, लेकिन सरकारी आंकड़े दिखाते हैं कि अधिकांश मामलों में दिए गए भूमि अधिकार सीमित आकार के हैं और बड़े भूखंडों का हस्तांतरण बेहद कम हुआ है. अध्ययन दर्शाते हैं कि जिन जिलों-राज्यों में सामुदायिक वनाधिकार लागू हुए, वहां जैव विविधता एवं वन स्वास्थ्य बेहतर हुआ है. आदिवासी समाज जंगल को 'आजीविका' नहीं, 'आस्तित्व' मानता है; उसका संरक्षण, संवर्धन और पुनःस्थापन उनकी संस्कृतिक प्रक्रिया का हिस्सा है.

**कौन कर रहा है जंगलों का नुकसान? :** असली संकट बड़ी परियोजनाओं और वन भूमि डायवर्जन से है. आंकड़े बताते हैं कि वाणिज्यिक परियोजनाएं वन क्षेत्र का सबसे ज्यादा ह्रास कर रही हैं. 2006-2022 के बीच फॉरेस्ट क्लियरेंस रिपोर्ट बताती है कि करीब 14,000 वर्ग किमी से अधिक वन भूमि का डायवर्जन किया गया है. ये डायवर्जन कोयला खनन, बांध परियोजनाओं और रेल/सड़क निर्माण के लिए किये गए हैं. यह वनाधिकार के अंतर्गत हुए दावों से कई गुना अधिक वन ह्रास को दर्शाता है. आंकड़े बताते हैं कि जंगल कटाई के प्रमुख कारणों में खनन का योगदान लगभग 30%, बड़े बांध और उद्योग का योगदान 25%, वाणिज्यिक लकड़ी कटाई का योगदान 15%, आग, चराई, जलवायु प्रभाव 10% है जबकि स्थानीय समुदायों की गतिविधि का योगदान 5% से भी कम है. जमीन और समुदायों के संबंध पर नजर रखने वाली संस्था 'लैंड कॉन्फ्लिक्ट वॉच' के ताज़ा आंकड़े बताते हैं कि ग्राम सभाओं से मंजूरी नहीं मिलने की वजह से देश में खनन, स्टील और पावर सेक्टर में होने वाले लगभग साढ़े तीन लाख करोड़ का निवेश फंस गया है. और लगभग 47 लाख हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण लंबित है. वनाधिकार कानून की आलोचना का यही मूल प्रश्न है. वनाधिकार कोई 'लाइसेंस टू किल फॉरेस्ट' नहीं, बल्कि 'लाइसेंस टू सेव फॉरेस्ट' है. यह जंगल और जंगलवासियों के बीच टूटे हुए रिश्ते को जोड़ने की कोशिश है, जो ब्रिटिश वन कानूनों और उसके उपरांत संरचनात्मक दमन से टूटा था.

# देश-विदेश





**थाईलैंड-कंबोडिया सीमा पर संघर्ष जारी**

## प्रीह विहार मंदिर है विवाद की जड़

**नयी दिल्ली ।** थाईलैंड और कंबोडिया के बीच स्थित ऐतिहासिक प्रीह विहार मंदिर एक बार फिर दोनों देशों के बीच तनाव की वजह है. यह भव्य हिंदू मंदिर 11वीं सदी में खमेर सम्राट सूर्यवर्मन प्रथम द्वारा भगवान शिव को समर्पित कर बनवाया गया था. यह मंदिर डोंगरेक पहाड़ियों की 525 मीटर ऊंची चोटी पर स्थित है और इसकी वास्तुकला में पांच सुंदर गोपुरम (प्रवेश द्वार) और लगभग 800 सीढ़ियां शामिल हैं. यूनेस्को विश्व धरोहर घोषित यह मंदिर थाईलैंड के सीसाखेत और सुरीन प्रांतों तथा कंबोडिया के प्रीह विहार प्रांत की सीमा पर स्थित है. दोनों देश इस पर अपना दावा करते हैं. विवाद की जड़ 1907 में बना वह फ्रांसीसी उपनिवेश कालीन नक्शा है, जिसमें मंदिर को कंबोडिया का हिस्सा दिखाया गया था. थाईलैंड ने इसे खारिज करते हुए मंदिर को अपने क्षेत्र में बताया. 1953 में कंबोडिया की स्वतंत्रता के बाद यह विवाद और गहरा गया. अंततः 1962 में अंतरराष्ट्रीय न्यायालय ने इस पर फैसला सुनाया और मंदिर को कंबोडिया का हिस्सा माना. कोर्ट ने कहा कि थाईलैंड को अपनी सेना मंदिर क्षेत्र से हटानी होगी. हालांकि मंदिर पर तो फैसला हो गया, लेकिन उसके आसपास की 4.6 वर्ग किलोमीटर भूमि अब भी विवाद में है. इस क्षेत्र पर दोनों देश दावा करते हैं, जिससे सीमा पर समय-समय पर तनाव और सैन्य झड़पें होती रहती हैं. अब यह देखना होगा कि ऐतिहासिक धरोहर की रक्षा के साथ-साथ दोनों देश इस विवाद का शांतिपूर्ण समाधान कैसे निकालते हैं.

**न्यूज अपडेट**

### पंजाब पुलिस ने 7 तस्करों को किया गिरफ्तार, 10 केजी हेरोइन बरामद

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने सीमा पार से हो रही तस्करी की घटनाओं पर विराम लगाते हुए अमृतसर क्षेत्र से 7 आरोपितों को गिरफ्तार करके 10 किलो हेरोइन बरामद की है. पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शनिवार को इस बारे में सोशल मीडिया एक्स पर जानकारी देते हुए बताया कि पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान के साथ मिलकर नशा तस्करी करने वाले मॉडयूल का भंडाफोड़ किया है. उन्होंने बताया कि मुख्य आरोपी सरबजीत उर्फ जोबन सीमावर्ती क्षेत्र के एक गांव से सक्रिय है. वह सीमा पार कुख्यात तस्कर राणा के सीधे संपर्क में है. उसे एक किशोर के साथ गिरफ्तार किया गया और उनके पास से 1 किलो हेरोइन बरामद की गई है.

### खैबर पख्तूनख्वा में आतंकियों ने पुलिस अधिकारी को मार डाला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में आतंकवादियों ने अशांत प्रांत खैबर पख्तूनख्वा के करक जिले में शुक्रवार को एक पुलिस अधिकारी को मौत के घाट उतार दिया. इसके अलावा पुलिस ने बन्नू के बस्याखेल इलाके में एक थाने पर देर रात हुए हमले को विफल कर दिया. डान अखबार की खबर के अनुसार, करक के पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों ने पुलिस अधिकारी को दुर्गम पहाड़ी इलाके में गोलियों से भून दिया. इसके बाद पहाड़ों की तरफ भाग गए. यह पुलिस अधिकारी अपने गृहनगर चपई बांदा जा रहा था. सुरक्षा बल के जवानों ने पुलिस अधिकारी की हत्या में शामिल आतंकवादियों की तलाश तेज कर दी है. करक सिटी पुलिस लाइन में इस अधिकारी को अंतिम सलामी दी गई.

### डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन 5.5 अरब डॉलर की शिक्षा निधि जारी करेगा

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप ने देश में नए शैक्षणिक सत्र के शुरू होने से पहले रोकी गई शिक्षा निधि (संघीय शिक्षा अनुदान) पर बड़ा फैसला लिया है. दोनों दलों के सांसदों के दबाव में प्रशासन ने राज्यों को 5.5 अरब डॉलर की शिक्षा निधि जारी करने की घोषणा की है. इस धनराशि से नई शिक्षकों की भर्ती करने का मार्ग प्रशस्त होगा. इसके अलावा शिक्षण कार्य में आ रही रुकावटें दूर होंगी. द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर में ट्रंप प्रशासन के अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी गई है. अधिकारियों की इस घोषणा के बाद पास्को काउंटी के स्कूल अधीक्षक जॉन लेग ने कहा कि यह फैसला अच्छा है. यह संघीय शिक्षा अनुदान सोमवार तक स्कूलों को प्राप्त होने की उम्मीद है.

### श्रीलंकाई नौसेना के लेफ्टिनेंट ने पूरा किया अमेरिकी नेवी सील प्रशिक्षण

**कोलंबो।** श्रीलंकाई नौसेना के स्पेशल बोट स्क्वाड्रन (एसबीएस) के लेफ्टिनेंट कोयान चमिथा ने अमेरिकी नेवी सील प्रशिक्षण पूरा कर इतिहास रच दिया. लेफ्टिनेंट कोयान चमिथा को 14 माह के इस कठोर और दुनिया के चुनौतीपूर्ण सैन्य प्रशिक्षण को पूरा करने पर अमेरिका ने प्रतिष्ठित सील ट्राइडेंट पिन प्रदान कर सम्मानित किया है. चमिथा यह सम्मान पाने वाले श्रीलंकाई नौसेना के पहले अधिकारी हैं. डेली मिरर अखबार और समाचार पोर्टल न्यूज फर्स्ट की खबर में यह जानकारी दी गयी है. इसके अनुसार, यह ऐसा चुनौतीपूर्ण सैन्य प्रशिक्षण है, जिसमें 75 से अधिक प्रशिक्षु बीच में छोड़ देते हैं.

### जान गंवाने वाले छात्रों के परिजनों को 10 लाख रुपये की आर्थिक मदद

**जयपुर।** राजस्थान के झालावाड़ जिले के मनोहरथाना ब्लॉक के दांगीपुरा थाना क्षेत्र स्थित पीपलोदी गांव में शुक्रवार को हुए स्कूल हादसे में जान गंवाने वाले बच्चों के परिजनों के लिए राज्य सरकार की ओर से 10-10 लाख रूपये की आर्थिक सहायता की घोषणा की गई है. ऐसे परिजनों को संविदा पर नौकरी भी दी जाएगी. हादसे में 7 बच्चों की मौत हो गई थी, जबकि 21 बच्चे घायल हो गए थे. जान गंवाने वाले बच्चों का शनिवार को अंतिम संस्कार किया गया. शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा इस हृदयविदारक दुर्घटना के पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहायता प्रदान की जा रही है. मृतक विद्यार्थियों के परिजनों को 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी.

### सऊदी अरब में विदेशियों के जमीन खरीदने के नियमों में बड़ा बदलाव

**रियाद।** सऊदी अरब सरकार ने विदेशियों के लिए जमीन खरीदने और अचल संपत्ति के स्वामित्व से जुड़े नियमों में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं. सऊदी गजट की रिपोर्ट के अनुसार, अब नया कानून गैर-सऊदी व्यक्तियों, कंपनियों और गैर-लाभकारी संस्थाओं को सऊदी अरब में अचल संपत्ति के स्वामित्व या उस पर वास्तविक अधिकार प्राप्त करने की अनुमति देता है. हालांकि, इस कानून में मक्का और मदीना जैसे धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण शहरों के लिए विशेष शर्तें और प्रतिबंध बरकरार रखे गए हैं. इन दोनों शहरों में विदेशी स्वामित्व केवल मुस्लिमों के लिए सीमित शर्तों के तहत ही संभव होगा. वहीं, खाड़ी सहयोग परिषद देशों के नागरिकों के लिए इन शहरों में संपत्ति खरीदने पर पहले से लगा प्रतिबंध हटा लिया गया है.

**बलूच लिबरेशन आर्मी ने पाकिस्तान में बड़े हमलों की ली जिम्मेवारी**

# 24 सुरक्षाकर्मी मार गिराने का दावा

**एजेंसी। क्वेटा (बलूचिस्तान)**



पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में अलगाववादी संगठन बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने हाल ही में किए गए कई घातक हमलों की जिम्मेदारी ली है. संगठन के प्रवक्ता जीयंद बलूच द्वारा जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति में दावा किया गया है कि इन हमलों में पाकिस्तान के एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी सहित कम से कम 24 सुरक्षाकर्मी मारे गए हैं, जबकि दर्जनों घायल हुए हैं. बीएलए ने इन हमलों को बलूच स्वतंत्रता संग्राम का हिस्सा बताया है. प्रवक्ता के अनुसार, 22 से 25 जुलाई के बीच मस्तुंग, कलात, जमुरान, बुलेदा, क्वेटा, नुश्की, दलबंदिन और पंजगुर क्षेत्रों में पाकिस्तानी सेना पर योजनाबद्ध हमले किए गए. बीएलए ने कहा कि यह कार्रवाई पाकिस्तान की संघीय सरकार को यह संदेश देने के लिए की गई कि बलूच जनता आज़ादी के अलावा और कुछ स्वीकार नहीं करेगी. 22 जुलाई को कलात के कोहाक क्षेत्र में बीएलए ने घात लगाकर एक बड़ा हमला किया. हमले में पाकिस्तान के तीन सैन्य वाहन क्षतिग्रस्त हो गए और लड़ाकों ने पीछे हट रहे सैनिकों को घेर कर मार गिराया. बीएलए के अनुसार, इस हमले में 13 सैनिक मौके पर ही मारे गए और उनके हथियार जब्त कर लिए गए. मस्तुंग के तल्ख कावी क्षेत्र में आईईडी धमाके में एक वरिष्ठ अधिकारी मेजर जियाद सहित 6 सुरक्षाकर्मियों की मौत हुई और 3 घायल हो गए. वहीं, आब गुल क्षेत्र में हुए एक अन्य विस्फोट में 2 और सैनिक मारे गए तथा 4 घायल हो गए.

बीएलए ने नुश्की में मुआविया जमालदिनी की हत्या की जिम्मेदारी भी ली है, जिसे उन्होंने एक राज्य समर्थित सशस्त्र समूह का नेता बताया. इसके अलावा, नुश्की के जियारत दस्तगीर क्रॉस और दलबंदिन के कुरोद फाटक में खनिजों का परिवहन कर रहे दो ट्रकों को आग के हवाले कर नष्ट कर दिया गया. जमुरान के अर्चनान क्षेत्र में बीएलए ने एक रिमोट-कंट्रोल आईईडी विस्फोट में एक सैनिक को मार गिराया. बुलेदा के गिल्ली क्षेत्र में एक सैन्य वाहन को निशाना बनाकर दो सैनिकों की हत्या और तीन के घायल होने की बात कही गई. क्वेटा के अख्तराबाद इलाके में एक सैन्य चौकी पर ग्रेनेड हमला किया गया. पंजगुर के पुलाबाद क्षेत्र में बीएलए ने पाकिस्तान की सेना के निगरानी कैमरों, टावरों और उपकरणों को नष्ट कर दिया. प्रवक्ता ने अंत में यह भी दोहराया कि जब तक बलूचिस्तान को राष्ट्रीय मुक्ति नहीं मिल जाती, तब तक यह सशस्त्र प्रतिरोध जारी रहेगा. बीएलए का यह दावा पाकिस्तान सरकार और सेना के लिए एक बड़ी चुनौती बनकर सामने आया है. हालांकि, अब तक पाकिस्तान सरकार की ओर से इस पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है.

## कांग्रेस के दिल में कुछ और जुबान पर कुछ और : मायावती

**एजेंसियां । लखनऊ**



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को लेकर दिए गये बयान पर राजनिति गरमा गई है. राहुल के बयान पर शनिवार को बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कांग्रेस पर हमला बोला है. मायावती ने कहा कि यह कोई नई बात नहीं है. यह दिल में कुछ और व जुबान पर कुछ और जैसी स्वार्थ की राजनीति ज्यादा लगती है. बसपा प्रमुख मायावती ने एक्स पर लिखा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष का यह स्वीकार करना कि देश के विशाल आबादी वाले अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समाज के लोगों की राजनीतिक व आर्थिक आशा, आकांक्षा व आरक्षण सहित उन्हें उनका संवैधानिक हक़ दिलाने के मामलों में कांग्रेस पार्टी खरी व विश्वासपात्र नहीं रही है. यह कोई नई बात नहीं है, बल्कि यह दिल में कुछ व जुबान पर कुछ और जैसी स्वार्थ की राजनीति ज़्यादा लगती है. वास्तव में उनका यह बयान उसी तरह से जगजाहिर है जैसा कि देश के करोड़ों शोषित, वंचित व उपेक्षित एससी-एसटी समाज के प्रति कांग्रेस पार्टी का ऐसा ही दुर्भाग्यपूर्ण रवैया लगातार रहा है. इस कारण ही इन वर्गों के लोगों को फिर अन्ततः अपने आत्म-सम्मान व स्वाभिमान तथा अपने पैरों पर खड़े होने की ललक के कारण अलग से अपनी पार्टी बहुजन समाज पार्टी (बसपा) बनानी पड़ी है. मायावती ने आगे कहा कि कुल मिलाकर इसके परिणामस्वरूप कांग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश सहित देश के प्रमुख राज्यों की सत्ता से लगातार बाहर है और अब सत्ता गंवाने के बाद इन्हें इन वर्गों की याद आने लगी है जिसे इनकी नीयत व नीति में हमेशा खोट रहने की वजह से घड़ियाली आंसू नहीं तो और क्या कहा जाएगा. जबकि वर्तमान हालात में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का भी इन वर्गों के प्रति दोहरे चरित्र वाला यही चाल-ढाल लगता है. वैसे भी एससी-एसटी वर्गों को आरक्षण का सही से लाभ व संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर को भारत रत्न की उपाधि से सम्मानित नहीं करना. देश की आज़ादी के बाद लगभग 40 वर्षों तक ओबीसी वर्गों को आरक्षण की सुविधा नहीं देने और सरकारी नौकरियों में इनके पदों को नहीं भरकर उनका भारी बैकलॉग रखने आदि के जातिवादी रवैयों को भला कौन भुला सकता है.

## यूएस ने आईएसआईएस के बड़े नेता व उसके दो बेटों को मार डाला

**एजेसियां । वाशिंगटन**

अमेरिकी सेना ने शुक्रवार को सीरिया में छापामार कार्रवाई में आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) के एक वरिष्ठ नेता और उसके दो बेटों को मार गिराया. यह जानकारी अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) की विज्ञप्ति में दी गई है. आईएसआईएस को इस्लामिक स्टेट (आईएस), इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड द लेवांट (आईएसआईएल), या दायश भी कहा जाता है. यह आतंकी इस्लामी समूह इराक और सीरिया में सक्रिय है. सेंटकॉम की विज्ञप्ति में कहा गया है कि आईएस के वरिष्ठ नेता धिया जौबा मुस्लीह अल-हरदानी, उसके दो युवा पुत्र अब्दुल्ला धिया अल-हरदानी और अब्द अल-रहमान धिया जौबा अल-हरदानी अमेरिकी और गठबंधन सेनाओं के साथ-साथ नई सीरियाई सरकार के लिए खतरा पैदा कर रहे थे. घटनास्थल पर मौजूद तीन बच्चों और तीन महिलाओं को कोई नुकसान नहीं पहुंचा. सीएनएन के अनुसार, सेंटकॉम ने अपनी विज्ञप्ति में छापे के बारे में इसके अलावा और कोई जानकारी नहीं दी है. सेंटकॉम कमांडर जनरल एरिक कुरिल्ला ने विज्ञप्ति में कहा, ₹हम आईएसआईएस आतंकवादियों का लगातार पीछा करते रहेंगे. वह चाहे आसमान में हों या पाताल में.

उल्लेखनीय है कि अमेरिका गठबंधन सेनाओं के साथ लंबे समय से सीरिया और इराक में आईएसआईएस विरोधी अभियान का संचालन कर रहा है. अमेरिकी सेना ने मई में इराक में एक और सीरिया में एक आतंकी को मार गिराया था. इससे पहले मार्च में अमेरिकी सेना ने इराक में एक सटीक हवाई हमलाकर आतंकवादी समूह के संचालन प्रमुख और प्रतिनिधि समिति के अमीर अब्दुल्ला मक्की मुस्लीह अल-रिफाई और एक अन्य आईएसआईएस आतंकवादी को मार गिराया था. अमेरिका ने अप्रैल में घोषणा की थी कि वह सीरिया से अपनी लगभग आधी सेना वापस बुला रहा है. पेंटागन के प्रवक्ता सीन पार्नेल ने कहा था कि इसके परिणामस्वरूप सीरिया मेंअमेरिकी सेना के एक हजार से भी कम सैनिक रह जाएंगे.

### ईरान के जाहेदान में अदालत में आतंकी हमला, पांच की मौत

**तेहरान।** ईरान के जाहेदान में आतंकवादियों ने आज सुबह न्यायिक भवन पर हमला किया. इस हमले में पांच लोग मारे गए और 13 अन्य घायल हो गए. इस दौरान सुरक्षा बलों ने तीन आतंकवादियों को ढेर कर दिया. हमले की जिम्मेदारी जैश अल-अदल आतंकवादी समूह ने ली है. ईरान की अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी 'मेहर' की खबर के अनुसार, देश के न्यायिक सूचना केंद्र ने पुष्टि की कि शनिवार सुबह अज्ञात हथियारबंद लोगों ने जाहेदान में सिस्तान और बलूचिस्तान की प्रांतीय न्यायपालिका पर हमला किया. अधिकारियों ने सूचित किया है कि इस हमले में पांच लोग मारे गए और 13 अन्य घायल हो गए. प्रांतीय न्यायपालिका परिसर में सुरक्षा बलों के साथ झड़पों में तीन आतंकवादी मारे गए. जैश अल-अदल आतंकवादी समूह ने हमले की जिम्मेदारी ली है.

## विद्यार्थी की सफलता में शिक्षक का योगदान अहम : न्यायमूर्ति विक्रम

**एजेंसियां । प्रयागराज**

विद्यार्थी की सफलता में शिक्षक का योगदान अहम है. विश्वविद्यालय में शिक्षकों और विद्यार्थियों के बीच बने सम्बंध ही विद्यार्थियों को सफल बनाते हैं. वर्तमान में शिक्षक और विद्यार्थी के मध्य संबंधों को बेहतर करने की जरूरत है. विद्यार्थी भी शिक्षकों की डांट से मत डरें, उनकी डांट भी जीवन का सबसे महत्वपूर्ण पाठ पढ़ाती है. यह बातें सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने शनिवार को इलाहाबाद विश्वविद्यालय (इविवि) के ईश्वर टोपा भवन सभागार में आयोजित विशिष्ट पुराछात्र सम्मान समारोह में कही. उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि मेहनत कभी बेकार नहीं जाती है. जितनी मेहनत करेंगे, उतने आगे बढ़ेंगे. आराम और सुख से कभी उज्ज्वल भविष्य नहीं बनता है. न्यायमूर्ति नाथ ने कहा कि माता-पिता के साथ ही शिक्षकों की भी मेंटरशिप का सम्मान करें, उनके साथ निकटता रखें. शिक्षक विद्यार्थी को क्लास के उपरांत समय दें और उनके व्यक्तित्व निर्माण में मदद करें. उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन की दोस्ती जीवन भर साथ निभाती है. अपनी गलतियों को बताने वाले से दूरी न बनाएं. उससे नजदीकी रखकर ही आपका सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास हो सकता है. आपकी कमियां बताने वाला ही आपका वास्तविक शुभचिंतक है. उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि कानून केवल किताबों में नहीं बल्कि आपके जीवन में है. समाज को समझकर ही कानून को सही तरीके से समझा जा सकता है. प्रतिदिन समाचार पढ़ें और कोर्ट रूम में होने वाली चर्चाओं का हिस्सा बनें, इससे सीखने को मिलेगा. शार्टकट से मिली सफलता ज्यादा लंबा समय नहीं चलती है. उन्होंने पुरा छात्रों को जोड़ने के यूनिवर्सिटी ऑफ इलाहाबाद एल्युमनाई एसोसिएशन के प्रयासों की सराहना की. सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया ने समारोह में कहा कि देश में विविधता में एकता के लिए दूसरे को समझने की जरूरत है. त्वरित निर्णय लेने के बजाय दूसरे के प्रति विनम्र भाव रखते हुए सहनशील बनने की जरूरत है. सहिष्णुता ही भारत की नींव है. विश्वविद्यालय में पठन-पाठन जीवन का एक अभिन्न अंग है, यहीं से भविष्य की दिशा तय होती है. उन्होंने कहा कि इविवि में मुझे प्रगतिशीलता और विचारों को समझने का मौका मिला. उन्होंने चिंता जताई कि वर्तमान में छात्रों के अंदर से बाहर की दुनिया खो गई है.

**कम होंगी सुविधाएं** | **अगस्त 2025 में होंगे फाइनेंशियल बदलाव, पड़ेगा जनता की जेब पर असर**

# क्रेडिट कार्ड पॉलिसी, गैस के दाम में बदलाव की संभावना

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



अगस्त 2025 में आम आदमी के लिए कई फाइनेंशियल नियमों में बड़े बदलाव होने जा रहे हैं, जो सीधे आपकी जेब और बजट पर असर डाल सकते हैं. क्रेडिट कार्ड पॉलिसी, गैस के दाम, यूपीआई ट्रांजेक्शन नियम और एयर टर्बाइन फ्यूल की कीमतों में बदलाव की संभावना है. आइए जानते हैं, उन छह अहम बदलावों के बारे में, जो अगले महीने से लागू होंगे और जिनका असर आपको महसूस होगा. इसमें 11 अगस्त से एसबीआई अपने कई को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड्स पर मिलने वाले फ्री एयर एक्सीडेंट इंश्योरेंस कवर को बंद कर रहा है. एसबीआई-यूको बैंक, सेंट्रल बैंक, पीएसबी, करूर वैश्य बैंक और अलाहाबाद बैंक के साथ मिलकर जारी किए गए इलाइट और प्राइम कार्ड्स पर अब 1 करोड़ रुपये या 50 लाख रुपये तक का फ्री कवर नहीं मिलेगा. यह बदलाव उन यूजर्स के लिए चिंता का विषय है, जो एयर ट्रैवल करते समय इस सुरक्षा कवरेज पर निर्भर थे.

वहीं रसोई गैस सिलेंडर के दाम में अगस्त से कटौती हो सकती है. जुलाई में 19 किलो कमर्शियल सिलेंडर के दाम 60 रुपये तक घटाए गए थे, लेकिन रसोई गैस के दाम में अब तक कोई बदलाव नहीं हुआ. 1 अगस्त से गैस सिलेंडर के दाम में कमी की संभावना है, जिससे आम उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी. भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम ने यूपीआई ट्रांजेक्शन को और बेहतर और सुरक्षित बनाने के लिए कई नए नियम लागू किए हैं, जो 1 अगस्त से शुरू होंगे. इनमें कुछ लिमिटेशन भी शामिल हैं: एक दिन में यूपीआई ऐप से केवल 50 बार बैलेंस चेक किया जा सकेगा. वहीं मोबाइल नंबर से लिंक बैंक अकाउंट्स को दिन में सिर्फ 25 बार चेक किया जा सकेगा. ऑटोपे ट्रांजेक्शन (जैसे नेटफ्लिक्स, म्यूचुअल फंड की किस्त) अब केवल तीन टाइम स्लॉट्स में ही प्रोसेस होंगे. यह सुबह 10 बजे से पहले, दोपहर 1 से 5 बजे, और रात 9:30 बजे के बाद. फेल ट्रांजेक्शन का स्टेटस एक दिन में केवल 3 बार देखा जा सकेगा. प्रत्येक चेक के बीच 90 सेकेंड का अंतर होगा. इन बदलावों से पेमेंट प्रक्रिया में सुरक्षा बढ़ेगी, लेकिन कुछ यूजर्स को सीमित लिमिट के कारण असुविधा हो सकती है. तेल कंपनियां अक्सर सीएनजी और पीएनजी के दाम में हर महीने बदलाव करती हैं, लेकिन अप्रैल के बाद से इसमें कोई बदलाव नहीं हुआ है.

भारतीय रिजर्व बैंक हर महीने बैंक हॉलिडे की सूची जारी करता है, जिसमें त्योहार, वीकेंड और अन्य जरूरी दिन शामिल होते हैं. ये छुट्टियां अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग हो सकती हैं. अगस्त 2025 में भी आरबीआई की हॉलिडे लिस्ट जारी होगी, जिसके अनुसार बैंक बंद रहेंगे. इससे आप अपनी बैंकिंग जरूरतों को पहले से योजना बना सकते हैं.

## धर्मांतरण मामला: छांगुर के भतीजे के अवैध मकान पर चला बुलडोजर



**बलरामपुर।** उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले में धर्मांतरण का मास्टर माइंड और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में संलिप्त जमालुद्दीन उर्फ छांगुर के गिरोह के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई जारी है. इसी कड़ी में शनिवार को प्रशासन ने छांगुर के भतीजे सबरोज के अवैध निर्माण को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया. इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात था. उपजिलाधिकारी सत्यपाल प्रजापति ने बताया कि यह मकान गैड़ास बुजुर्ग थाना क्षेत्र के ग्राम रेहरा माफी में सरकारी नवीन परती भूमि पर अवैध रूप से बनाया गया था. शनिवार को पुलिस बल की मौजूदगी में प्रशासनिक अधिकारियों की देखरेख में 300 स्क्वायर फीट क्षेत्रफल में बने एक कमरे, किचन और बरामदे वाले इस अवैध निर्माण को जमींदोज कर दिया गया. इस दौरान राजस्व निरीक्षक मनोज श्रीवास्तव, लेखपाल शैलेन्द्र पाठक, रत्न भूषण सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे. टीम ने मौके पर सटीक नाप-जोख कर रिपोर्ट तैयार की है, जिसे उच्चाधिकारियों को सौंपा जाएगा.

अतिक्रमण हटाने के लिए सबरोज को नोटिस जारी किया गया था, लेकिन समय सीमा में उसकी ओर से कोई कार्रवाई न होने पर प्रशासन ने यह कदम उठाया. राजस्व विभाग की पैमाइश में यह पुष्टि हुई कि मकान का हिस्सा नवीन परती भूमि में आता है. कार्रवाई से पहले ही सबरोज की पत्नी अपने दो बच्चों के साथ मायके चली गई थी. इस कार्रवाई के बाद छांगुर गिरोह में हड़कंप मच गया है.

स्वत्वाधिकारी लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप कुमार सिंह, क्वार्टर नंबर सी-90, पोस्ट-नावागढ़, थाना-बरोरा, हरिणा कॉलोनी, धनबाद-828306, झारखंड द्वारा फ्लैट नंबर 2ए, सेकेंड फ्लोर, सिंगारो मेनन अपार्टमेंट, चूना भट्ठा, एचबी रोड, कोकर (नियर डिस्टिलरी पुल, बिरसा समाधि स्थल) रांची-834001, झारखंड से प्रकाशित और शिवसाईं पब्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड, रातू, काठीटांड़, टेंडर बगीचा रातू, रांची - 835222 झारखंड द्वारा मुद्रित. **संपादक : संजय कुमार सिंह.*** फोन नंबर 0651-2913385, 9142897989
**(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)**. आरएनआई नं : JHAHIN/2023/84487, ई-मेल: shubhamsandeshnews@gmail.com